

सुप्रीम टिप्पणी : देश की न्यायपालिका को ध्वस्त कर देना चाहते हैं आप लोग - 12




भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात नवंबर में पांच माह के उच्च स्तर पर - 12



चीन की गतिविधियों में वृद्धि के बाद जापान अमेरिका का सैन्य अभ्यास - 13



सूर्यवंशी की रिकॉर्डतोड़ पारी से भारत ने अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 234 रन से हराया- 14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.48
सूर्यास्त 05.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष नवमी, 04:38 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 13 दिसंबर 2025, वर्ष 4, अंक 120, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# डिजिटल होगी जनगणना, 11,718 करोड़ मंजूर

## इस कार्य को 30 लाख कर्मचारी दो चरणों में करेंगे, केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की जनगणना 2027 देश के इतिहास में पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी। सरकार का कहना है कि यह नई व्यवस्था डेटा की सुरक्षा, तेजी और पारदर्शिता को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। दो चरणों में होने वाली यह जनगणना देश के हर व्यक्ति और हर घर की जानकारी डिजिटल तरीके से दर्ज करेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया गया है। यह पूरी जनगणना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगी। पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच होगी। दूसरा चरण जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा।

वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से ढके दूर दराज के क्षेत्रों के लिए जनगणना कवायद सितंबर 2026 में होगी। जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरण में जातिगत आंकड़े भी इलेक्ट्रॉनिक रूप से एकत्र किए जाएंगे। लगभग 30 लाख कर्मचारी राष्ट्रीय महत्व के इस विशाल कार्य को पूरा करेंगे। डेटा का प्रसार कहीं बेहतर और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीके से होगा ताकि नीति-निर्माण के लिए आवश्यक मापदंडों से संबंधित सभी प्रश्नों के उत्तर एक बटन क्लिक करने पर उपलब्ध हो सकें।



### अनुपयोगी 71 कानून होंगे निरस्त

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को उन 71 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी जिनकी उपयोगिता कानून की किताबों में समाप्त हो चुकी है। इन 71 कानूनों में से 65 प्रमुख अधिनियमों में संशोधन हैं और छह प्रमुख कानून हैं। निरस्त किए जाने वाले प्रस्तावित कानूनों में से कम से कम एक कानून ब्रिटिश काल का है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित निरसन और संशोधन विधेयक का उद्देश्य औपनिवेशिक कानूनों को रद्द करना नहीं है, बल्कि उन अधिनियमों को हटाना है जिनकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। संसद द्वारा संशोधन पारित हो जाने के बाद वह मूल कानून में समाहित हो जाता है। फिर वह केवल कानूनों की किताबों में अनावश्यक बोझ डालता है। अब तक 1,562 पुराने अप्रचलित कानूनों को निरस्त किया जा चुका है।

### परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी को अनुमति देने संबंधी प्रस्तावित विधेयक पर मुहर लगाई गई। इसका उद्देश्य 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लक्ष्य को पूरा करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अपने बजट भाषण में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी क्षेत्र की भागीदारी के लिए खोलने की योजनाओं की घोषणा की थी। छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) के अनुसंधान और विकास के लिए 20,000 करोड़ के परिव्यय के साथ परमाणु ऊर्जा मिशन की भी घोषणा की।

### बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई को मंजूरी

**नई दिल्ली।** देश में बीमा कवरेज बढ़ाने और इस क्षेत्र में अधिक पूंजी आकर्षित करने के लक्ष्य के तहत केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। यह विधेयक संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में ही पेश किया जा सकता है। लोकसभा के एक बुलेटिन के मुताबिक, बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 को संसद के मौजूदा सत्र की कार्यसूची में शामिल किया गया है।

### उच्च शिक्षा के लिए एकल नियामक स्थापित करने वाले विधेयक को किया गया मंजूर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यूजीसी और एआईसीटीई जैसे निकायों की जगह उच्च शिक्षा नियामक निकाय स्थापित करने वाले विधेयक को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रस्तावित विधेयक जिसे पहले भारत का उच्च शिक्षा आयोग (एचईसीआई) विधेयक नाम दिया गया था, अब विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण विधेयक के नाम से जाना जाएगा। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) में प्रस्तावित एकल उच्च शिक्षा नियामक का उद्देश्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को प्रतिस्थापित करना है। एक अधिकारी ने बताया, विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण की स्थापना से संबंधित विधेयक को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी है। यूजीसी गैर-तकनीकी उच्च शिक्षा क्षेत्र की, जबकि एआईसीटीई तकनीकी शिक्षा की देखरेख करती है और एनसीटीई शिक्षकों की शिक्षा के लिए नियामक निकाय है। प्रस्तावित आयोग को उच्च शिक्षा के एकल नियामक के रूप में स्थापित किया जाएगा, लेकिन मेडिकल और लॉ कॉलेज इसके दायरे में नहीं आएंगे। इसके तीन प्रमुख कार्य प्रस्तावित हैं- विनियमन, मान्यता और व्यावसायिक मानक निर्धारण। वित्त पोषण, जिसे चौथा क्षेत्र माना जाता है, अभी तक नियामक के अधीन प्रस्तावित नहीं है। वित्त पोषण की स्वायत्तता प्रशासनिक मंत्रालय के पास प्रस्तावित है।

# चार उड़ान परिचालन निरीक्षक निलंबित

मुंबई, एजेंसी

**इंडिगो संकट**

- डीजीसीए ने की कार्रवाई, दिल्ली और बेंगलुरु में 160 उड़ानें रद्द




विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने इंडिगो के परिचालन में भारी व्यवधान उत्पन्न करने के आरोप में चार उड़ान परिचालन निरीक्षकों (एफओआई) को निलंबित कर दिया है। उड़ान परिचालन निरीक्षक (एफओआई), डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी होते हैं जो इसके नियामक एवं सुरक्षा निरीक्षण कार्यों को अंजाम देते हैं और अकसर विमानन कंपनी के परिचालन की निगरानी के लिए तैनात किए जाते हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रे पोरक्वेरास शुक्रवार को डीजीसीए द्वारा नियुक्त चार सदस्यीय जांच समिति के समक्ष दूसरी बार पेश हुए। अपनी जांच के तहत, समिति इस प्रमुख घरेलू विमानन कंपनी में व्यापक परिचालन व्यवधानों के मूल कारणों की पहचान करेगी।

वहीं, इंडिगो के परिचालन में चल रही समस्याओं के मद्देनजर इस विमानन कंपनी ने शुक्रवार को दो प्रमुख हवाई अड्डों दिल्ली और बेंगलुरु पर लगभग 160 उड़ानें रद्द कर दीं। बृहस्पतिवार को इस विमानन कंपनी ने इन दोनों हवाई अड्डों पर 200 से अधिक उड़ानें रद्द की थीं। सूत्रों ने कहा, इंडिगो ने शुक्रवार को दिल्ली और बेंगलुरु में 159 उड़ानें रद्द कर दी हैं।

### एयरलाइंस ने अमेरिकी कंपनी को सौंपी जांच

**नई दिल्ली।** इंडिगो ने बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है। इंडिगो ने बताया कि निदेशक मंडल ने बताया कि यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी जो अमेरिकी विमानन नियामक एफएए, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात संघ के अलावा कई बड़ी वैश्विक एयरलाइंस के साथ काम कर चुके हैं।

**ब्रीफ न्यूज**

### आईएसआईएस से जुड़े संदिग्ध के घर पर एनआईए ने मारा छापा

**हजारीबाग।** एनआईए की एक टीम ने आईएसआईएस आतंकी नेटवर्क से कथित संबंध के आरोप में झारखंड के हजारीबाग जिले में एक व्यक्ति के घर पर छापा मारा। टीम ने छापे के दौरान एक लैपटॉप, एक प्रिंटर और अन्य उपकरण जब्त किए जिनका इस्तेमाल आतंकी संबंधों के लिए किया जा सकता था। जिला पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि ये छापे एनआईए की एक टीम द्वारा मारे गए थे। यह कार्रवाई एनआईए द्वारा पहले गिरफ्तार किए गए एक डॉक्टर से मिली सूचना के आधार पर की गई थी। यह अभियान संदिग्ध आतंकवादी शाहनवाज आलम से जुड़े नेटवर्क की जांच के तहत चलाया जा रहा है, जिसे दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने अक्टूबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

### तीन चिकित्सकों, मौलवी को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट के मामले में गिरफ्तार किए गए तीन चिकित्सकों और एक मौलवी को दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना की अदालत में एक अन्य आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला को भी पेश किया गया, ताकि उसकी आवाज के नमूने की प्रामाणिकता सुनिश्चित की जा सके। चार आरोपी डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ अदील राथर, डॉ शहीना सईद और मौलवी इरफान अहमद वागे को उनकी चार दिन की एनआईए हिरासत अवधि समाप्त होने पर अदालत के समक्ष पेश किया गया था।

# खेत की मेड़ से बनेगी प्रदेश की कृषि नीति : मुख्यमंत्री




किसानों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरख ब्लॉक के दौलतपुर में पद्मश्री किसान रामसरन वर्मा के हाईटेक फार्म से प्रदेश की नई कृषि दिशा की घोषणा करते हुए कहा कि अब खेती की योजनाएं लखनऊ के सचिवालय में नहीं, किसानों के खेत पर बैठकर बनाई जाएंगी। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में प्रदेश के 28 जिलों में 4000 करोड़ रुपये की लागत से कृषि ग्रोथ की नई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। दौलतपुर में गन्ना और केले का टिशू कल्चर केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब योजनाएं खेत की मेड़ पर बैठकर बनेंगी तो उत्तर प्रदेश देश ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी कृषि की नई पहचान बनाएगा। किसानों की समृद्धि ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बाराबंकी के हरख में रबी सत्र किसान पाठशाला और प्रगतिशील किसान सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पास देश की कुल कृषि भूमि का 11 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन कृषि उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत है। यह साबित करता है कि यूपी का किसान मेहनती ही नहीं, बल्कि नवाचार के लिए भी अग्रसर है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को तकनीक, वैज्ञानिक पद्धतियों और आधुनिक बाजार से जोड़कर उनकी आय दोगुनी से आगे बढ़ाते हुए तीन गुना तक की दिशा में ले जाया जाए।

### 2017 से पहले लागत अधिक और मुनाफा कम था : योगी

योगी ने कहा कि 2017 से पहले किसानों की लागत अधिक और मुनाफा कम था। बिचौलियों का वर्चस्व था, लेकिन अब यह समाप्त हो चुका है। डबल इंजन सरकार ने एमएसपी वृद्धि, पीएम किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी, डिजिटल मंडी, ई-खरीद और फूड प्रोसेसिंग योजनाओं के माध्यम से किसानों को सीधे लाभान्वित किया है।

# आंध्र प्रदेश में बस दुर्घटना में नौ की मौत, 22 घायल

**चिंतूर।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में शुक्रवार को एक बस सड़क से फिसलकर नीचे गिर गई और पलट गई, जिससे कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 22 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि चित्तूर से पड़ोसी राज्य तेलंगाना जा रही बस में चालक और सफाईकर्मी समेत 37 लोग सवार थे। इनमें से छह लोग सुरक्षित हैं।

- अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बस सड़क से फिसलकर नीचे गिरकर पलटी

एसपी अमित बरदार ने बताया कि दुर्घटना एक दुर्गा मंदिर के पास चिंतूर-मारेदुमिल्ली घाट सड़क पर सुबह करीब 4:30 बजे हुई। बरदार ने बताया, बस पूरी तरह से घाटी में नहीं गिरी। बस पलट गई और वहीं फंस गई। उन्होंने कहा कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है। अधिकारी के अनुसार, संभवतः घने कोहरे के कारण बस चालक दुर्घटनास्थल पर स्थित मोड़ को नहीं देख पाया, जो मोथुगुडेम थाना क्षेत्र में पड़ता है। प्रधानमंत्री ने बस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया।

### 15000 फीट की ऊंचाई पर फंसा स्काईडाइवर




ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्काईडाइवर का इमरजेंसी (रिजर्व) पैराशूट अचानक खुलकर प्लेन के पिछले विंग में फंस गया। यह घटना स्काईडाइवर के प्लेन से कूदने से ठीक पहले हुई, जिसमें स्काईडाइवर काफी देर तक हवा में लटका रहा। इसके बाद उसने पैराशूट की सभी 11 रस्सियां काटकर खुद को आजाद किया। ● एजेंसी

# चांदी 5,100 रुपये बढ़कर 1.99 लाख प्रति किग्रा के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 5,100 रुपये बढ़कर 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की सतत वैश्विक मांग के बीच चांदी के भाव में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।



- सोना 1,110 रुपये बढ़कर 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद

चांदी गुरुवार को 2,400 रुपये बढ़कर 1,94,400 प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे एक दिन पहले बुधवार को इसमें 11,500 रुपये की तेजी आई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, घरेलू बाजार में, हाजिर चांदी की कीमतों ने एक बार फिर नई ऊंचाई को छुआ। वहीं सोने के दाम में भी काफी बढ़ोतरी हुई, जो रिकॉर्ड स्तर के पास पहुंच गयी है। 99.9% शुद्धता वाला सोना 1,110 रुपये बढ़कर 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले सत्र में यह 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज का निधन

लातूर, एजेंसी



- 90 वर्षीय कांग्रेस नेता के निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र में उनके गृह नगर लातूर में निधन हो गया। पाटिल कुछ समय से बीमार थे और उन्होंने अपने आवास 'देवघर' पर अंतिम सांस ली। वह 90 वर्ष के थे। पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा।

पाटिल के परिवार में बेटा शैलेश पाटिल, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल अपने अंतिम दिनों तक कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार के प्रति वफादार रहे। पांच दशकों से अधिक के सार्वजनिक जीवन में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक और मंत्रिस्तरीय पदों पर कार्य किया। वर्ष 2008 में केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में पाटिल को भारी जनाक्रोश और मीडिया आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि जब मुंबई दस आतंकियों के अभूतपूर्व हमलों से जूझ रही थी, वे तीन अलग-अलग परिधानों में नजर आए थे।

# खुदरा महंगाई ने फिर पकड़ी रफ्तार मुद्रास्फीति बढ़कर 0.71% पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अक्टूबर में यह 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी।

सीपीआई पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के नीचे रही। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में 3.91 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि अक्टूबर में यह गिरावट 5.02 प्रतिशत थी। नवंबर में कुल (हेडलाइन) और खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस एवं मछली, मसाले, ईंधन और बिजली की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति नवंबर में 2.32% रही, जो अक्टूबर में 1.98ङ थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और तुलनात्मक आधार सामान्य होते रहने से अगली खुदरा मुद्रास्फीति 1.5 प्रतिशत को पार कर सकती है।



- खाद्य पदार्थ महंगा होने से नवंबर में आया उछाल, अक्टूबर में 0.25% के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी

वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के बदलते परिदृश्य के साथ आगामी केंद्रीय बजट में घोषित होने वाले वित्तीय उपाय भी एमपीसी की अगली बैठक के फैसलों की राह दिखाएंगे।

**सियासत** भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव : आज दोपहर भरे जाएंगे नामांकन, 464 मतदाता करेंगे चुनाव

# नामांकन से पहले राजधानी में बढ़ी सियासी हलचल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चयन को लेकर राजधानी में शुक्रवार को सियासी हलचल और तेज हो गई। पार्टी ने मतदाता सूची जारी कर दी है, जिसमें कुल 464 वोटर शामिल हैं। इनमें 5 लोकसभा सांसद, 26 विधायक, 8 विधान परिषद सदस्य और 425 प्रांतीय परिषद व जिला अध्यक्ष शामिल हैं। इसी चुनाव में राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी चयन होना है।

नामांकन दाखिल होते ही यह साफ होने लगेगा कि पार्टी किस चेहरे के नाम पर आगे बढ़ रही है। भाजपा में अधिकांश बार अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना जाता है, लेकिन नामांकन तक स्थिति साफ नहीं होती। राजधानी में बढ़ी सरगर्मी बताती है कि यूपी भाजपा का यह चुनाव संगठन के अगले कई वर्षों की दिशा और 2027 की रणनीति तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। रविवार को यूपी को नया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मिल जाएगा। इसी के साथ पार्टी का संगठन अगले चुनावी मिशनों के लिए नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा। चुनाव अधिकारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया। इसके मुताबिक शनिवार 13 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। इसके बाद 3 से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और 4 से 5 बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित है। यदि एक ही उम्मीदवार का नाम आता है तो अध्यक्ष निर्विरोध तय हो जाएगा। अन्यथा 14 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद दोपहर 1 बजे प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा होगी।

### सहमति बनाने लखनऊ पहुंचे बीएल संतोष

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष शुक्रवार को दिल्ली से लखनऊ पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष पर सहमति बनाने की कमान संभाल ली। उन्होंने भाजपा मुख्यालय में शीर्ष नेताओं के साथ करीब दो घंटे तक मंथन किया। सूत्र बताते हैं कि केंद्रीय नेतृत्व का फोकस वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी पर ज्यादा है। कुर्मी समाज से आने वाले पंकज चौधरी महराजगंज से लगातार सातवीं बार सांसद हैं और पूर्वांचल में भाजपा का प्रभावी ओबीसी चेहरा माने जाते हैं। उनका गोरखपुर में आवास है और परिवार एक ग्लोबल तेल कंपनी का संचालन करता है।

### कौन होगा नया अध्यक्ष

भाजपा दफ्तर में शुक्रवार को नेताओं, विधायकों, सांसदों और संगठन के पदाधिकारियों की आवाजाही लगातार जारी रही। कई नामों पर कयास लगाए जा रहे हैं, लेकिन पार्टी के शीर्ष नेता मौन हैं। संभावित नामों में केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी व बीएल वर्मा, विद्यासागर सोनकर, श्रीकांत शर्मा, स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल सिंह और दिनेश शर्मा, रामशकल समेत महिला नेताओं में साध्वी निरंजन ज्योति, प्रियंका रावत, रेखा वर्मा शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

## अब पेंशन व एरियर का अलग-अलग भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट कोषागार में हुए 43 .13 करोड़ रुपये के पेंशन घोटाले के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने पेंशन भुगतान व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। अब पेंशन और एरियर का भुगतान एक साथ नहीं, बल्कि अलग-अलग तिथियों में किया जाएगा। सरकार ने एनआईसी सॉफ्टवेयर में सुरक्षा से जुड़े आवश्यक परिवर्तन कराने का निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी न हो सके। कोषागार निदेशक वी.के. सिंह ने बताया कि पेंशन और एरियर एक ही बार जारी होने की वजह से यह भारी गड़बड़ी संभव हो सकी। नए सिस्टम में किसी भी पेंशनर के खाते में एरियर के नाम पर अतिरिक्त भुगतान करना संभव नहीं होगा। साथ ही सरकार ने 2014 से ऑनलाइन हुए कोषागार कार्यों की विशेष ऑडिट कराने के भी आदेश दिए हैं। जांच में सामने आया कि 2018 से 2025 के बीच 93 पेंशनरों के खातों में गलत तरीके से 43 .13 करोड़ रुपये भेजे गए थे। सभी खातों को फ्रीज कर लिया गया है और अब तक 3 .62 करोड़ रुपये की रिकवरी हो चुकी है। इस मामले में कुल 97 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें कोषागार अधिकारी, कर्मचारी और पेंशनर शामिल हैं। पुलिस अब तक 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि एक सहायक लेखाधिकारी की मृत्यु हो चुकी है।

## 67 आईएएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को 67 आईएएस अधिकारियों को प्रमोशन दिया है। इनमें चार अधिकारी वर्ष 2001 बैच के शशि भूषण लाल सुशील, अजय कुमार शुक्ला, अपर्णा यू और एसवीएस रंगाराव को सुपरटाइम वेतनमान के साथ प्रमुख सचिव बनाया गया है। वर्ष 2010 बैच के 19 आईएएस अफसरों को विशेष सचिव से सचिव के पद पर प्रमोशन मिला है। यह प्रमोशन 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगा। वहीं, आईएएस अधिकारियों का पदोन्नति के बाद तबादला संभव है। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अखंड प्रताप सिंह, कुमार प्रशांत, नेहा शर्मा, मोनिका रानी, शंभु कुमार, योगेश कुमार, नितीश कुमार, भवानी सिंह खंगारौत, संदीप कौर, दुर्गाशक्ति नागपाल, रवींद्र कुमार और ओम प्रकाश आर्य को सचिव के पद पर पदोन्नोति दी गई है। इन्हें सुपर टाइम वेतमान 144200-2,18,200 रुपये दिया गया है। वहीं, के. बालाजी, आशुतोष निरंजन व सुजीत कुमार को सचिव के पद पर प्रोफार्मा पदोन्नति दी गई है। इन अफसरों को दो साल के अंदर मिड कैरियर प्रशिक्षण प्रोग्राम फेज-4 जरूर पूरा करना होगा।

## 52 वेटलैंड्स पर होगा पर्यटन विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा प्रदेश में 52 वेटलैंड्स चिह्नित किए गए हैं, जिनके समग्र विकास और पर्यटन सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में हो रहे तेज परिवर्तन के अनुरूप अब विकास को समस्या नहीं, बल्कि समाधान पर केंद्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इसमें वन विभाग का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पर्यटन मंत्री, शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित पर्यटन निदेशालय में उत्तर प्रदेश में इको टूरिज्म को नए आयाम देने के लिए पर्यटन एवं वन विभाग की संयुक्त बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अरुण कुमार सक्सेना की मौजूदगी में चारों टाइगर रिजर्व, 10 रामसर साइट्स और चिह्नित वेटलैंड्स के एकीकृत विकास को लेकर चर्चा हुई। राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि इको टूरिज्म स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार का बड़ा माध्यम बनेगा।

# एसआईआर को लेकर विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में हंगामे के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 से 24 दिसंबर तक चलने वाले सत्र में चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट पेश होने की संभावना
- 10 से अधिक विधेयक पेश किए जाने की भी तैयारी



**अमृत विचार:** यूपी विधानसभा के 19 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के एसआईआर प्रक्रिया के मुद्दे पर गरमाने के आसार हैं। इस मुद्दे पर फिलहाल सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जो आरोप-प्रत्यारोप का दौर है, वही सिलिसला सदन के अंदर भी होने की संभावना है।

यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से शुरू होगा। यह 24 दिसंबर तक चलेगा। इसको लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। पांच दिवसीय सत्र के दौरान राज्य सरकार कई विधायी कार्य संपन्न कराएगी। ऐसे में कई विधेयक पेश किए जाने की भी तैयारी है।

माना जा रहा है कि सत्र के दौरान चुनाव आयोग द्वारा करवाए जा रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर सदन की कार्यवाही हंगामाखेज हो सकती है। वैसे भी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हैं।

पांच दिवसीय सत्र के दौरान राज्य सरकार कई विधायी कार्य संपन्न कराएगी। मंगलवार को कैबिनेट बाय सर्कुलेशन के जरिये इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी गई थी। इस दौरान सरकार चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट भी पेश कर सकती है।

# प्रदेश की 14 प्रमुख सड़कों पर यात्रा होगी सुगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लगभग 71,192.39 लाख रुपये की सड़क परियोजनाओं को पीसीयू में शिथिलीकरण का प्रस्ताव पास

**अमृत विचार:** प्रदेश की 14 प्रमुख सड़कों पर अब यात्रा ज्यादा सुगम हो जाएगी। दरअसल, शासन ने लगभग 71,192.39 लाख रुपये की 14 महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को पीसीयू में शिथिलीकरण का प्रस्ताव पास कर दिया है। प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू), के शिथिल हो जाने से यातायात जाम की समस्या से स्थायी निजात मिल जाने की संभावना शासन ने जतायी है, साथ ही क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों एवं पीसीयू शिथिलीकरण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत 71,192.39 लाख रुपये की 14 प्रमुख सड़क परियोजनाओं के लिए पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) में शिथिलीकरण के प्रस्तावों को मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान की।

इन स्वीकृत परियोजनाओं में रामपुर में 8545.39 लाख रुपये की लागत से शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या-144) के तहसील स्वार में 8.500 किमी लंबा बाईपास, आगरा में 2449.12 लाख रुपये से कस्बा बरहन का 3.950 किमी बाईपास और 5330.00 लाख रुपये से कस्बा कागारोल का 5.000 किमी बाईपास, बदायूं में 7502.50 लाख रुपये से बदायूं-बिजनौर मार्ग से बिल्सी नगर तक 7.00 किमी बाईपास तथा 4220.00 लाख रुपये की लागत से पुवायां-तिलहर-दातागंज-बदायूं मार्ग (राज्य मार्ग-126) के दातागंज आबादी भाग में 9.000 किमी बाईपास, मथुरा में 12526.22 लाख रुपये से बरसाना बाईपास मार्ग का 6.600 किमी चार लेन निर्माण, गोंडा में 2042.03 लाख रुपये से परसपुर 5.000 किमी बाईपास, उन्नाव में 2294.88 लाख रुपये से मौरावा आबादी भाग पर 2.60 किमी बाईपास तथा 358.15 लाख रुपये से बक्सर (मां चन्दिका देवी मन्दिर) पर 0.500 किमी बाईपास, झांसी में 989.16 लाख रुपये से दबोह-पुंछ-गुरसराय-टीकमगढ़ मार्ग पर समथर कस्बे में 2.250 किमी बाईपास का नव निर्माण किया जाएगा।

इसी क्रम में मिर्जापुर में 3555.77 लाख रुपये से देवरी हरबरा-मध्य प्रदेश बार्डर मार्ग की 10.500 किमी लंबाई, वाराणसी में 8168.39 लाख रुपये की लागत से ग्राम रमना में प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क के लिए 1.550 किमी चार लेन एवं 0.750 किमी दो लेन (कुल 2.300 किलोमीटर), मिर्ज़ापुर में 7147.43 लाख रुपये से डगमगपुर से इंडियन ऑयल टर्मिनल हिनौती तक 7.450 किमी चार लेन मार्ग तथा उन्नाव में 6063.35 लाख रुपये की लागत से बिलग्राम-उन्नाव-प्रयागराज मार्ग (राज्य मार्ग संख्या-38) के किलोमीटर 71.00 से 85.00 तक 15.00 किलोमीटर मार्ग का दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

# कफ सिरप तस्करी मामले में तीन राज्यों के 25 ठिकानों पर छापेमारी

## यूपी के लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर, सहारनपुर समेत छह जिलों में ईडी ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित आरोपी बर्खास्त सिपाही आलोक की कोठी पर ईडी के छापे के दौरान बाहर सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवान।

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सिरप तस्करी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने शुक्रवार सुबह से ही गिरोह के 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। ईडी की टीमें लखनऊ, वाराणसी, अहमदाबाद, जौनपुर, सहारनपुर और रांची के ठिकानों पर छापेमारी की है। जहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। उधर, लखनऊ में बर्खास्त एसटीएफ सिपाही आलोक प्रताप सिंह के आवास पर ईडी की टीम ने 12 घंटे से अधिक तक सर्च अभियान चलाया।

ईडी के मुताबिक, यह कार्रवाई लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर और सहारनपुर के अलावा रांची और अहमदाबाद में भी चल रही है। ईडी ने यह मामला प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया है। मामला उस समय बड़ा बना, जब यूपी सरकार ने राज्य में कोडीन आधारित कफ सिरप के दुरुपयोग, अवैध निर्माण और तस्करी के कई मामलों पर संज्ञान लिया था। ईडी के अधिकारी के मुताबिक, करीब 30 एफआईआर पुलिस ने दर्ज की हैं। जिनमें इस अवैध व्यापार का भंडाफोड़ हुआ था। जांच में सामने आया कि कफ सिरप को बड़े पैमाने पर गलत तरीके से तैयार किया जा रहा था। राज्य के बाहर ही नहीं, बल्कि बांग्लादेश सीमा तक इसकी अवैध ढुलाई की जा रही थी।

**पूर्व सांसद के बयान आने के दूसरे दिन ही छापेमारी :** पूर्व सांसद व बाहुबली नेता धनंजय सिंह के बयान के दूसरे दिन ही ईडी ने आलोक सिंह समेत करीब 25 ठिकानों पर छापेमारी कर दी है। ईडी की टीम सुबह 7 बजे के करीब आलोक सिंह की सुल्तानपुर रोड स्थित स्वास्तिक सिटी कोठी पर पहुंची थी। बड़ी मशक्कत के बाद घर का गेट खुला था। उस वक्त घर पर महिलाएं मौजूद थीं। ईडी ने पूरे घर में छानबीन की है। अलमारियों से कई दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। छापेमारी के दौरान मोबाइल और फाइल मिली है। इसके अलावा एलडीए कालोनी, ट्रांसपोर्ट नगर और सरोजनीनगर में भी अन्य ठिकानों पर छापेमारी हुई है।

### दुबई में छिपा मास्टरमाइंड शुभम

जांच में सामने आए मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के देश छोड़कर दुबई भागने की जानकारी भी मिली है। उसके पिता को यूपी पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं आलोक सिंह, अमित सिंह और अन्य सहयोगियों के ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। इसके साथ ही एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) विष्णु अग्रवाल के परिसरों पर भी ईडी की कार्रवाई जारी है, जिन्हें रैकेट के वित्तीय लेनदेन में शामिल होने का आरोप है। ईडी अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में करीब 2,000 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का संदेह है, जो मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए अलग-अलग खातों और संस्थाओं में घुमाया गया। यूपी पुलिस इस मामले में अब तक 32 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है और एसआईटी गठित कर विशेष जांच कर रही है।

# अंदर ईडी कर रही थी तलाशी, बाहर सुरक्षा में तैनात थी सीआरपीएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ईडी की 20 सदस्यीय टीम सुबह साढ़े सात बजे पहुंची स्वास्तिक सिटी कोठी
- ईडी ने खंगाले आरोपी बर्खास्त सिपाही आलोक के बैंक खाते व लेनदेन के विवरण

**अमृत विचार:** फेंसेडिल कफ सीरप की तस्करी में आरोपी एवं एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह की अहिमामऊ स्थित कोठी पर शुक्रवार की सुबह 7.30 बजे प्रवर्तन निदेशालय की 20 सदस्यों की टीम छापा मारने पहुंची। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद ईडी की टीम अंदर दाखिल हो सकी। अंदर ईडी की टीम तलाशी ले रही थी। वहीं बाहर सुरक्षा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों की एक टुकड़ी खड़ी थी। जवानों ने बिना अनुमति किसी को भी अंदर जाने और आने से रोक दिया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही।

सुशांत गोल्फ सिटी के स्वास्तिका सिटी में सुबह लगभग 7.30 बजे प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी व सीआरपीएफ के जवान पहुंचे। टीम ने एसटीएफ के बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह की कोठी को चारों तरफ से घेर लिया। करीब आधे घंटे बाद अंदर दाखिल हुई। टीम ने अंदर पहुंचकर दस्तावेज खंगालने शुरू किए। छापेमारी के दौरान स्थानीय लोग भी तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे। दिन भर पड़ोसी अपने घरों में ही दुबके रहे।

**पूर्व सांसद के बंगले के सामने है आलोक की कोठी :** स्वास्तिका सिटी में बर्खास्त सिपाही आलोक प्रताप सिंह की कोठी पूर्व सांसद व बाहुबली नेता धनंजय सिंह के बंगले के सामने हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सैकड़ों स्कवायर फीट में बनी आलोक की कोठी की कीमत लगभग दो करोड़ रुपये से ऊपर है। फेंसेडिल कफ सिरप कांड में नाम आने से पहले दिन भर में दर्जनों लोगों का कोठी पर लग्जरी गाड़ियों से आना-जाना होता था। कई बार अमित भी कोठी पर आ चुका था। आलोक और अमित पर एसटीएफ की कार्रवाई के बाद लोगों का उसके घर आना भी कम हुआ है। दोपहर लगभग 12:15 बजे हाथ में डायरी और फीता लेकर दो अधिकारी भी आलोक सिंह की कोठी पर पहुंचे। दोनों ने मकान के भूतल और पहली मंजिल पर जाकर निर्माण की नापजोख की है।

**आलोक की कोठी में घुसने में हुई दिक्कत :** ईडी के करीब 20 सदस्य सुबह साढ़े 7 बजे आलोक सिंह की सुलतानपुर रोड स्थित स्वास्तिक सिटी कोठी में पहुंचे। घर में मौजूद महिलाओं ने ईडी के काफी प्रयास के बाद गेट नहीं खोला। करीब आधे घंटे प्रयास के बाद कोठी का गेट खुला, तब ईडी टीम अंदर पहुंची। ईडी ने घर का कोना-कोना खंगाला। तीन आलमारियां खुलवाकर उसमें रखे दस्तावेज, तीन मोबाइल और कुछ फाइलें कब्जे में ली। इसके अलावा लखनऊ में दवा कंपनी ईडहिका लाइफ साइंसेज के एलडीए कालोनी और ट्रांसपोर्ट नगर स्थित कार्यालयों, सरोजनीनगर के कैलाश विहार कालोनी में प्रसाद जायसवाल और अर्चना मनोहर जायसवाल के घरों में शाम तक कार्रवाई जारी रही।

### फर्मों का ब्योरा जुटाने के बाद छापा

ईडी पांच दिन से शुभम जायसवाल, आलोक प्रताप सिंह, अमित सिंह टाटा, विभोर राणा, विशाला राणा समेत 20 से अधिक आरोपियों के नाम से बनी 80 से अधिक फर्मों का पूरा ब्योरा जुटा रही थी। इस दौरान ईडी ने दुबई में छिपे शुभम जायसवाल के वाराणसी स्थित घर पर आठ दिसंबर को पेश होने का नोटिस भी चस्पा किया था। आरोपियों की संपत्ति का ब्योरा मिलते ही ईडी ने शुक्रवार को कार्रवाई की।

### वाराणसी पहुंची दो दर्जन से अधिक टीमें

फेंसेडिल कफ सिरप मामले में छापेमारी के लिए प्रवर्तन निदेशालय की दो दर्जन टीमें 40 वाहनों से वाराणसी पहुंची हैं। सरगना शुभम जायसवाल के आदमपुर के कायस्थ टोला के पुश्तैनी मकान और सिगरा के बादशाह बाग कॉलोनी स्थित नए मकान पर ईडी की टीम पहुंची। इसके अलावा गिरोह के मुख्य कड़ी खोजवा निवासी दिवेश जायसवाल के घर भी टीम पहुंची है। कोतवाली में नामजद दागी फर्मों के यहां भी अलग-अलग टीमें पहुंची हैं। टीम फर्म का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही पूछताछ में जुटी है। खोजवां में दिवेश जायसवाल के दो मंजिला मकान के भूतल पर जनरल स्टोर चल रहा था। इसी दुकान के नाम पर फर्म भी पंजीकृत है।

# घूस लेते पकड़े गए सहायक महानिरीक्षक निबंधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कंप्यूटर ऑपरेटर को भी पकड़ा दोनों पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** शामली में सहायक महानिरीक्षक निबंधन रविन्द्र मेहता और एक कम्प्यूटर ऑपरेटर अश्विनी कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। 10 दिसंबर 2025 को एंटी करप्शन कोर्ट द्वारा रवीन्द्र मेहता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

इस बाबत स्टांप तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को शत-प्रतिशत लागू करने की बात दोहराई है। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के हित से कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि विभागीय कार्य पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ किए जाएं, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रकरण में अग्रिम तिथि 23 दिसंबर 2025 नियत की गई है, जिस पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश में घना कोहरा छाने का अनुमान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम विभाग ने 13 से 15 दिसंबर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। वहीं प्रदेश के पूर्वी हिस्से में सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि शीघ्र पूर्वी यूपी के साथ पश्चिमी यूपी में तराई क्षेत्रों में घना कोहरा नजर आएगा। इसको लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इन जिलों में बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, बहराइच, सीतापुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती शामिल हैं।

# युवाओं को रोजगार देने वाला बनाना प्राथमिकता : कपिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विजन यूपी 2047 को लेकर विशेषज्ञों, कुलपतियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने साझा किए सुझाव




लखनऊ स्थित योजना भवन में राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन में अपने विचार रखते मंत्री कपिल देव अग्रवाल।

**अमृत विचार :** उप्र. को विकसित राज्य बनाने के लिए युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम टेक्नोलॉजी, सेमीकंडक्टर, रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन और ड्रोन जैसे भविष्यगत क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने की दिशा में बड़े पैमाने पर कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में युवाओं को केवल रोजगार पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों को बाजार की मांग के अनुरूप नए कोर्सों से सशक्त किया जा रहा है।

योजना भवन, लखनऊ में शुक्रवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय विचार-मंथन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा कपिल देव अग्रवाल ने उक्त विचार प्रकट किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व मुख्यमंत्री के सलाहकार जेएन सिंह ने भी अपने विचार रखे।

नई ऊंचाइयां

यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का साझा किया ब्योरा

# 35 हजार करोड़ निवेश से मिलेंगी 52 हजार नौकरियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य में निर्णायक भूमिका

**अमृत विचार:** प्रदेश में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तेजी से जमीन पर उतर रहा है। कॉरिडोर में अब तक 62 कंपनियों को 977.54 हेक्टेयर से अधिक भूमि आवंटित की जा चुकी है। इनसे 11,997.45 करोड़ रुपये का निवेश और 14,256 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का रास्ता साफ हो चुका है। इसके साथ ही 110 और कंपनियों के साथ एमओयू पाइपलाइन में हैं। सरकार का दावा है कि 197 एमओयू से 35 हजार करोड़ निवेश के साथ 52,658 नौकरियों का अनुमान है। इस क्षेत्र की ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य तक पहुंचाने में निर्णायक भूमिका है।

यूपी एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) ने कॉरिडोर के 6 नोड्स अलीगढ़, कानपुर, लखनऊ, झांसी, चित्रकूट और आगरा में 2,097 हेक्टेयर भूमि को मंजूरी दी है। इसमें से 2,040 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में 1,598.92 हेक्टेयर भूमि आवंटन के लिए उपलब्ध है। अलीगढ़ में सबसे अधिक 24 कंपनियों को भूमि आवंटित की गई है, जबकि कानपुर में 5 कंपनियों को 210 हेक्टेयर और सबसे अधिक क्षेत्रफल झांसी में 17 कंपनियों को 571 हेक्टेयर दिया गया है। लखनऊ में 16 कंपनियों को 131 हेक्टेयर से अधिक भूमि देने के साथ और चित्रकूट, अलीगढ़ फेज-2 और आगरा में भी जल्द भूमि आवंटन शुरू होने जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सक्रिय मॉनिटरिंग में डिफेंस कॉरिडोर के लिए कुल 197 एमओयू साइन हो चुके हैं, जिनमें 172 औद्योगिक एमओयू शामिल हैं। इनसे 34,844.49 करोड़ रुपये का प्रस्तावित निवेश और 52,658 रोजगार सृजन का अनुमान है। अगले चरण में 110 से अधिक प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों से 22,847 करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 38,000 से अधिक रोजगार की संभावना है।

डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर न सिर्फ यूपी में भारी निवेश आकर्षित कर रहा है, बल्कि उच्च तकनीक आधारित रोजगार और उद्योगों के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति दे रहा है।

### गुजरात व तमिलनाडु को टक्कर दे रहा यूपी

यूपीडा के एसीईओ एचपी. शाही ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप कॉरिडोर तेजी से उभर रहा है। इसे एक जिला-एक उत्पाद और मेक इन इंडिया मिशन के साथ जोड़कर विकसित किया जा रहा है। सबसे बड़ा उदाहरण लखनऊ नोड में स्थापित ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट है, जिसकी वजह से यूपी का रणनीतिक महत्व कई गुना बढ़ गया है। आज यूपी रक्षा उत्पादन में तेजी से अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। गुजरात और तमिलनाडु जैसे पारंपरिक रक्षा विनिर्माण केंद्रों को कड़ी प्रतिस्पर्धा दे रहा है। आने वाले महीनों में कई नई बड़ी घोषणाओं के साथ भारत के रक्षा इकोसिस्टम में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है।

# फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एसटीएफ ने नेपाल सीमा पर बहराइच से दबोचा

**अमृत विचार:** एसटीएफ ने नेपाल सीमा पर बहराइच से फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड प्रमोद निषाद को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की टीम ने शुक्रवार सुबह यह कार्रवाई रजनवा सीमा पर की। आरोपी पोर्टल के जरिये फर्जी जन्म व निवास प्रमाण पत्र तैयार कर आधार कार्ड बनाने में उपयोग करता था। आरोपी ने भारत-नेपाल सीमा पर रहने वाले ढाई हजार से अधिक लोगों का फर्जी आधार कार्ड बनाया है।



प्रमोद निषाद

यूपी एसटीएफ के एएसपी विशाल विक्रम सिंह के मुताबिक, भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाकर लोगों को बेचे जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। मामले की जांच कराई गई तो पता चला कि मुर्तिहा थाना क्षेत्र में 29 अक्टूबर 2025 को दर्ज मामले में इस रैकेट के कई सदस्य पहले ही पकड़े जा चुके हैं। जांच में सामने आया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड सेमरी मलमला गांव का प्रमोद निषाद है। पुष्टि होने के बाद सर्विलांस व साइबर टीम को लगाया गया। सर्विलांस से सूचना मिली कि प्रमोद नेपाल भागने की तैयारी कर चुका है। टीम ने मुर्तिहा थानाक्षेत्र में घेराबंदी कर शुक्रवार सुबह 4.30 बजे प्रमोद को रजनवा नेपाल बॉर्डर से दबोचा गया। प्रमोद के पास से लैपटॉप, मोबाइल फोन, फर्जी दस्तावेज, बायोमैट्रिक व रेटिना स्कैनर, वेबकैम, चेकबुक, एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड, 2680 रुपये नकद और एक कार बरामद हुई है। पोर्टल डेवलपर, आईडी सप्लायर और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

**न्यूज ब्रीफ**

### शिक्षक निर्वाचन की सूची में आवेदन के लिए चार दिन शेष

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता बनने के लिए अब केवल चार दिन शेष रह गए हैं। इस बार मतदाता बनने की रफ्तार काफी धीमी है। शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदाता बनने का यह अंतिम अवसर है। मतदाता बनने के लिए 16 दिसंबर तक आवेदन लिए जाएंगे, लेकिन इस बार मतदाता बनने के लिए आवेदन आने की रफ्तार धीमी बताई गई है। शिक्षक संगठनों की रुचि कम दिख रही है। पहले चरण में केवल 1636 मतदाता बन पाए थे। दूसरे चरण के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। निर्वाचन विभाग के मुताबिक 16 दिसंबर तक आवेदन लिए जाएंगे।

### हैदराबाद के कलाकारों ने की रामलला की आराधना

**अयोध्या, अमृत विचार :** आंध्र प्रदेश के हैदराबाद से आए वर्ण कला अकादमी से महिला कलाकारों ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में चार घंटे तक नृत्य संगीत के माध्यम से प्रभु श्रीरामलला की आराधना की। वहीं ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजनियां 'की मधुर धुन और वाद्ययंत्रों की सुमधुर झन्कार ने सभी को आनंदित कर दिया। ट्रस्ट की ओर से आयोजन सहयोगी शैलेन्द्र शुक्ल के बताया कि स्मृता माधव व उनके साथ 95 नृत्य साधिकाओं ने सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वहीं ट्रस्ट महामंत्री चम्पतराय और गोपाल जी राव भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### रुदौली व मवई में खुलेगा पशु जनऔषधि केंद्र

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** विकास खंड रुदौली और मवई में जल्द ही पशु जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। ब्लॉक स्तर पर औषधि केंद्र खुलने से पशुपालकों को सस्ती दवाएं मिल सकेंगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रदेव ने बताया कि पशुओं के उपचार के लिए सस्ती और गुणवत्तायुक्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर पशु जनऔषधि केंद्र स्थापित होगा। केंद्र खोलने के लिए प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र, कोऑपरेटिव सोसाइटी की ओर से निर्धारित शुल्क जमा करके ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र ड्रग लाइसेंस 120 वर्ग फीट के परिसर में केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### रॉन्ग साइड ट्रेलर से टकराई कार, बचे सवार

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर शुक्रवार दिन में करीब तीन बजे चमनगंज बाजार में रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रेलर ने कार को टक्कर मार दी। कार में सवार सीओ चकबंदी मिल्कीपुर के पेशकार अभिनव सिंह (35) एवं कार चालक दुर्गेश (28) एयरबैग खुलने के कारण बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सड़क पर 360 डिग्री घूमकर किनारे जा पहुंची। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर के कारण ट्रेलर का डीजल टैंक फट गया और पूरा डीजल सड़क पर फैल गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इनायतनगर थाना प्रभारी रतन शर्मा, चौकी प्रभारी बारुन बाजार अविनाश प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यातायात को सामान्य कराया।

### 17 को आएंगी राज्य महिला आयोग की सदस्य

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही 17 दिसम्बर को अयोध्या आएंगी। वह सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिले महिलाओं/बालिकाओं से अपील की कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान के लिए 17 दिसम्बर को महिला आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत रख सकती हैं।

### स्कूल में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या।** थाना कुमारगंज पुलिस ने स्कूल में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि चौकी प्रभारी देवगांव अशोक पाठक व उनकी टीम ने गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब 12:25 बजे आरोपी मोहित निवासी ग्राम पालपुर थाना कुमारगंज, अरविंद व प्रेम कुमार निवासी ग्राम रामपुर बबुआन थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर को ग्राम घोडवल स्थित बाग से गिरफ्तार किया। बताया कि घटना 9 दिसंबर की रात की है, आरोपियों ने आंगनबाडी केन्द्र घोडवल व प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर वहां से गैस सिलेंडर, एक बोरी दाल, एलईडी टीवी, 7 बोरी चना की दाल, 2 बोरी गेंहू दलिया, टेडी बियर चोरी कर लिया था।

# 70 अरब रुपये की लागत वाले 84 कोसी परिक्रमा पथ का निर्माण तेज

## श्रृंगी ऋषि आश्रम के पास सरयू नदी पर पुल का निर्माण शुरू, बन रही सड़क

**गोसाईगंज/अयोध्या**

**अमृत विचार :** अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा पथ के निर्माण में तेजी आ गई है। पथ के श्रृंगी ऋषि आश्रम के पास सरयू नदी पर पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया है। परिक्रमा पथ के कुछ स्थानों पर ओवरब्रिज निर्माण शुरू कर दिया गया। हाईवे के क्रॉसिंगों पर ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव है। मिट्टी पटाई के साथ पथ निर्माण पहले से ही चल रहा है। सरयू पर नए पुल के निर्माण से कई जिलों के लिए आवागमन की सुविधा बढ़ेगी।

अयोध्या के 84 कोसी परिक्रमा पथ को फोर लेन बनाया जा रहा है। मार्ग आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगा। यह परिक्रमा पथ अयोध्या के साथ अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती जिलों से निकल रहा है। अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह के प्रस्ताव पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने फोर लेन परिक्रमा पथ का शिलान्यास किया था। लगभग 237 किमी लंबे इस पथ के निर्माण पर लगभग सात हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। पथ के निर्माण के लिए छह खंडों में किसानों से जमीन की खरीद किए जाने के साथ ही निर्माण शुरू कर दिया गया है। ऊंचगांव रामपुर भगन के पास ओवर ब्रिज का निर्माण शुरू है। बीकापुर तहसील क्षेत्र सहित जिले में जहां जमीनें ले ली गईं वहां मिट्टी पटाई के साथ पथ का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। अयोध्या-लखनऊ हाईवे, अयोध्या-रायबरेली और अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर ओवरब्रिज बनाए जाने का प्रस्ताव बताया गया है।

पथ के निर्माण के लिए अब सरयू नदी पर फोरलेन पुल बनाए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। सरयू पर दो स्थानों पर पुल प्रस्तावित है। सदर तहसील के शेरवाघाट पर पुल का निर्माण शुरू कर दिया गया, जबकि शुजागंज के पास भी सरयू पर पुल का निर्माण प्रस्तावित है। मया बाजार के शेरवाघाट पर पुल के निर्माण से लोगों में खुशी देखी गई। इसी स्थान से 84 कोसी परिक्रमा करने वाले नाव से सरयू नदी को पार करके बस्ती से अयोध्या में प्रवेश करते हैं।



बीकापुर तहसील क्षेत्र के ऊंचगांव रामपुर भगन में 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर बन रहा ओवरब्रिज। अमृत विचार



मया बाजार के शेरवाघाट पर फोरलेन सरयू पुल निर्माण में लगे श्रमिक। अमृत विचार

### परिक्रमा मखौड़ा धाम बस्ती से होती है शुरू

परिक्रमा मखौड़ा धाम बस्ती से शुरू होती है। यह हनुमान बाग होते हुए श्रृंगी ऋषि आश्रम फिर आगे मार्ग महबूबगंज, गोसाईगंज, तारुन बाजार से होते हुए बाराबंकी और गोंडा होते हुए पुन: मखौड़ा धाम लौटती है।

### पुल बनने से कई जिलों को होगा लाभ

श्रृंगी ऋषि आश्रम के पास फोरलेन पुल बनने से परिक्रमा करने वालों के साथ कई जिले को लोगों को आवागमन में लाभ होगा। बस्ती, गोरखपुर, गोंडा, बहराइच, अकबरपुर के साथ सुल्तानपुर और प्रयागराज तक जाने वाले इसका उपयोग कर सकेंगे। अयोध्या मेलों के दौरान यातायात भी इधर से डायवर्ट किया जा सकेगा। आश्रम के महंत बाबा महेंद्र दास गोस्वामी ने कहा कि पुल बन जाने से आसपास के साथ कई जिलों के बीच आवागमन, व्यापार और सामाजिक संबंधों में वृद्धि होगी। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी। पुल निर्माण पर युवा नेता बृजेश त्रिपाठी, गजेंद्र पांडे, दिलीप तिवारी, आशुतोष पाठक, राजू सिंह, संतोष तिवारी, टिकोरी सिंह, फूल सिंह, दिलीप सिंह आदि ने सरकार के प्रयास की सराहना की।

### रिंगरोड पटाई के बदले दिए जा रहे तालाबों के स्वरूप

**सोहावल/अयोध्या। अमृत विचार :** रिंगरोड और 84 कोसी परिक्रमा पथ की पटाई के लिए तालाबों के स्वरूप बदल दिए जा रहे हैं। पुरानी धरोहरों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। ताजा मामला बीकापुर से सामने आ रहा है। इसके पहले ऐसा ही मामला सोहावल में सामने आया था, जिसकी शिकायत भी हो चुकी है। सोहावल तहसील क्षेत्र के मोईया कपूरपुर के नेवाती का पुरवा गांव में रिंग रोड निर्माण में मिट्टी पटाई के लिए खोदाई करके तालाब का स्वरूप बदलने की शिकायत पूर्व प्रधान अशोक सिंह ने तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह से की है। बीकापुर तहसील क्षेत्र से भी तालाबों की इसी तरह की खोदाई ठेकेदार से मनमाने ढंग से किए जाने की शिकायतें रही हैं। बताया तो यहां तक गया कि शिकायत के बाद जांच की गई, लेकिन न तो आगे इस तरह की खोदाई रुकी और न ही कोई कार्रवाई सतह पर आई।

# एनएच-27 पर कटर मशीन से कंटी डिवाइडर वाल, जिम्मेदार अनजान



सोहावल क्षेत्र में कटर मशीन से काटा गया हाईवे का डिवाइडर।

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोहावल ओवर ब्रिज के पास एक पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर काटकर रास्ता बनाने का मामला सामने आया है, लेकिन संबंधित विभाग के लोग मौन हैं। नेशनल हाईवे के किनारे बसे गांव के सामने डिवाइडर पर टीन की चद्दर लगा दी गई। खेती करने वाले किसानों की परवाह नहीं की गई। दूसरी जगह रातों रात डिवाइडर काटकर रास्ता बना दिया गया। इसे लेकर गांव के लोग नाराज हैं। विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हैं। बरई कला के गुड्डू यादव, मणिकांत मिश्र, संदीप कुमार, कुबेर दत्त, अनुराग यादव का आरोप है कि नेशनल हाईवे को फोरलेन करने के दौरान डिवाइडर बनाकर आधा दर्जन गांव को दक्षिण और उत्तर में बांट दिया गया। खेती करने के लिए किसान जान जोखिम में डालकर डिवाइडर क्रॉस कर जाना पड़ता है। टीन की चद्दर से आना जाना मुश्किल हो गया। पांच सौ मीटर विपरीत दिशा में चलकर आना जाना पड़ता है। अरकुना, भेलसर लोहे का पुल बना दिया गया, लेकिन बरई कला में यह सुविधा नहीं दी गई। एक स्थान पर डिवाइडर काटे जाने को वह दोहरा मापदंड बताते हैं। हाईवे मेंटेनेंस विभाग और सुरक्षा के लिए दौड़ रही पिकेट के बावजूद रातों-रात लगभग बीस मीटर डिवाडर काटा जाने को विभागीय कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हैं। कहते हैं कि किसी को फायदा पहुंचाने के लिए अधिकारी आंख मूंदे हुए हैं। मेंटनेंस अधिकारी विनोद मिश्र ने जानकारी होने की बात कही। बगल में सीसीटीवी कैमरा है, लेकिन डिवाइडर काटने वाले आरोपी के बारे में जानकारी होने से विभाग इन्कार कर रहा है। काटे गए डिवाएडर को पुन: बनाए जाने की बात कही है।

- **सोहावल ओवरब्रिज के पास डिवाइडर काट बनाया गया रास्ता**

### राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक में आज पेश होगी वार्षिक रिपोर्ट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट राम मंदिर में होने वाले वार्षिक उत्सव के आयोजन और चल रहे निर्माण कार्य की समीक्षा के साथ आय-व्यय का लेखा जोखा का वार्षिक रिपोर्ट पेश किया जाएगा। शनिवार को होने वाली ट्रस्ट की अहम बैठक में शामिल होने के लिए लगभग आठ सदस्य अयोध्या आए हैं। वहीं दूसरी ओर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र शुक्रवार को राम जन्मभूमि परिसर में निर्माण कार्य संबंधित संस्था एलएंडटी व टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियरों के साथ बैठक कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार किया, जिसे बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। राम मंदिर परिसर में निर्माण कार्य समाप्त होने के बाद शेष बचे भूमि पर हरियाली विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत क्रॉसिंग तीन के पास लगभग 10 एकड़ भूमि पर पंचवटी उद्यान बनाया जा रहा है, जिसमें 180 तरह के रामायण कालीन पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा ट्रस्ट भवन, ऑडिटोरियम व मंदिर परिसर के चारों ओर लगभग 3.5 किलोमीटर के क्षेत्र में बाउंड्री वॉल का निर्माण चल रहा है। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि लगभग सभी ट्रस्टी अयोध्या पहुंच गए हैं। दोपहर दो बजे के बाद बैठक मणिराम दास छावनी में होगी।

- **ट्रस्ट की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे आठ सदस्य**

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा।अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने दी। बताया कि इसका शुभारंभ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 10 बजे करेंगे।

# अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर बनकर तैयार

**अयोध्या कार्यालय**




विकासखंड अमानीगंज में तैयार अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में उचित दर की दुकानों को आधुनिक स्वरूप देने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक 62 अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर तैयार हो चुके हैं, जबकि मार्च 2026 तक 19 और नए स्टोर उपभोक्ताओं को समर्पित कर दिए जाएंगे। इन स्टोरों के जरिए राशन कार्ड धारकों को न केवल सस्ता अनाज मिलेगा, बल्कि साफ-सुथरे वातावरण में खाद्यान्न के साथ-साथ दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अयोध्या जिले में कुल 102 अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसमें 75 स्टोर मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत व 27 स्टोर विभागीय बजट से बनाए जाने थे। शासन ने अभी तक विभागीय बजट से 19 स्टोर की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें 13 स्टोर नगर क्षेत्र में तथा 6 स्टोर ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी 19 स्टोर 31 मार्च 2026 तक पूर्ण करके उपभोक्ताओं को सौंप दिए जाएंगे। कार्यदायी संस्था का चयन पूरा हो चुका है। पहली किस्त 4 लाख 23 हजार रुपये प्राप्त हो चुकी है। प्रोजेक्ट की कुल अनुमानित लागत 8 लाख 46 हजार रुपये रखी गई है।

- **मार्च तक 19 और मिलेंगे, 31 मार्च तक 8.46 लाख से तैयार होंगे अन्नपूर्णा मॉडल स्टोर**

# रामपथ पर टैक्सी वाहनों का कब्जा, फुटपाथ बना बाइक स्टैंड

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** रामपथ पर सिविल लाइन्स इलाके में प्राइवेट टैक्सी चालकों का कब्जा हो गया है। बस स्टेशन से पुलिस लाइन तिराहे तक सवारी के इंतजार में दर्जनों प्राइवेट टैक्सियां और ऑटो सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। इससे मुख्य मार्ग संकरा हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। फुटपाथ पर भी बाइक और अन्य वाहन पार्क होने से पैदल यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। राम मंदिर तक जाने वाला प्रमुख मार्ग रामपथ है। इसे करोड़ों रुपये खर्च कर चौड़ा और सुंदर बनाया गया है। अयोध्या बस डिपो से लेकर पुलिस लाइन तिराहे तक की करीब आधा किमी की दूरी तक प्राइवेट टैक्सी चालक मनमाने ढंग से वाहन खड़े कर रहे हैं। बस स्टेशन के आसपास इन वाहनों का जमावड़ा रहता है, जो सवारी भरने के चक्कर में लगातार एक लेन से दूसरे लेन घूमते रहते हैं। विशेषकर यहां स्थित दो प्रमुख होटलों के पास, नगर नकगम कार्यालय के सामने इनका जमावड़ा रहता है। इससे रामपथ की चौड़ी सड़कें संकरी दिखती हैं। शाम के समय तो यहां जाम लगना आम हो गया है। फुटपाथ पर बाइक पार्किंग से पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

आश्चर्य की बात यह है कि यातायात पुलिस इस सबको देखकर भी अनजान बनी हुई है। इलाके में तैनात पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं, लेकिन अवैध पार्किंग पर कोई कार्रवाई नहीं करते। लोगों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से यह सब चल रहा है।



सिविल लाइन इलाके में रामपथ पर खड़े वाहन।

### टैक्सी, ऑटो की मांग बढ़ी पर नहीं बने स्टैंड

अयोध्या में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण टैक्सी और ऑटो की मांग तो बढ़ी है, लेकिन इसके लिए निर्धारित स्टैंड नहीं होने से समस्या गंभीर हो गई है। अन्य इलाकों में भी ई-रिक्शा और ऑटो की मनमानी पार्किंग की शिकायतें आम हैं। प्रशासन ने समय-समय पर अभियान चलाए हैं, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकला। विशेषज्ञों का मानना है कि शहर में पार्किंग जोन और टैक्सी स्टैंड बनाने की जरूरत है। टीआई अजय यादव ने बताया कि इस पर निगाह रखी जाती है, अकसर चालान की कार्रवाई की जाती है। जल्द ही अभियान चलाकर अवैध पार्किंग हटाई जाएगी।

# राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर सम्मेलन आज से

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** रामनगरी में शनिवार से शुरू होने जा रहे 9वें राष्ट्रीय एक्यूपंक्चर सम्मेलन में चिकित्सकों का जमावड़ा लगेगा। एक्यूपंक्चर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में होगा। इसमें देश- विदेश से करीब 300 एक्यूपंक्चर चिकित्सक भाग लेंगे। कमर दर्द, सर्वाइकल दर्द, गांठ, जोड़ों का दर्द, घुटने का दर्द जैसी पुरानी बीमारियों के साथ-साथ लकवा, माइग्रेन, ईएनटी (कान-नाक-गला) संबंधी रोगों, एलर्जी, अस्थमा और त्वचा रोगों के कम समय व कम खर्चे में प्रभावी इलाज की विधियों पर गहन चर्चा होगी।

विशेषज्ञों द्वारा लाइव डेमो और प्रेक्टिकल सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में 30 से अधिक वरिष्ठ एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। इनमें दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए चिकित्सक शामिल हैं। विदेशी विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीलेश पटेल एवं महासचिव डॉ. महेश वर्मा ने सिविल लाइन्स स्थित एक होटल संयुक्त प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। यह आयोजन एक्यूपंक्चर को मुख्यधारा की चिकित्सा में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इच्छुक चिकित्सक एसोसिएशन से संपर्क कर सकते हैं।

- **देश-विदेश के 300 से अधिक चिकित्सकों का लगेगा जमावड़ा**



प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीलेश पटेल व महासचिव डॉ. महेश वर्मा।

### आज अयोध्या आएंगे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

**अयोध्या, अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार शनिवार को अयोध्या आएंगे। लगभग सात घंटे रहेंगे। निर्वाचन आयुक्त के दौरे को लेकर विभाग में हलचल है। तैयारियां तेज हैं। उनके कार्यक्रम के मद्देनजर जिला मजस्ट्रेट ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। वह लगभग सात घंटे अयोध्या में बिताएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार की सुबह लगभग दस बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वह यहां से अयोध्या जाएंगे। वह रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके साथ ही कनक भवन, दशरथ महल, हनुमानगढ़ी, सरयू घाट, गुप्तारघाट और सूरजकुंड भी जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के दौरे को लेकर निर्वाचन विभाग में हलचल है। एसआईआर सहित पुनरीक्षण के आंकड़ों को दुरुस्त किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि वह पुनरीक्षण को लेकर जानकारी ले सकते हैं। दौरे को लेकर एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थलों तक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रशासन से शहर और देहात के नोडल अफसरों की तैनाती की गई है।

# कोहरे की चादर में लिपटी रामनगरी

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** रामनगरी शुक्रवार सुबह घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक छाए कोहरे के चलते दृश्यता बेहद कम रही। 15 से 20 मीटर के तकरीबन ही रही। सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। तापमान गिरने से ठंड में भी इजाफा हुआ। कोहरा इतना घना था कि मंदिर की भव्य संरचना भी धुंधली नजर आ रही थी।

रामपथ, हाईवे पर भी इसका असर दिखा, सड़कों पर यातायात की रफ्तार थम सी गई। चार पहिया और दो पहिया वाहन फॉग लाइट जलाकर धीरे-धीरे रेंगते दिखे। वहीं करीब नौ बजे के बाद सूर्य देवता ने कोहरे की चादर को भेदा तो धूप खिली। पुलिस प्रशासन ने चालकों को सलाह दी है कि अनावश्यक यात्रा से बचें और वाहन चलाते समय हेडलाइट्स का उपयोग करें। हालांकि इससे रेल यातायात पर कोई खास असर नहीं पड़ा, अधिकतर ट्रेनें अपने निर्धारित समय के आसपास पहुंची। रोडवेज बसों का संचालन सिर्फ सुबह बाधित रहा, धूप निकलने के बाद संचालन ढर्रे पर आ गया।



रामपथ पर छाया कोहरा। अमृत विचार

### पहाड़ों पर बर्फबारी मैदानी क्षेत्रों में असर

आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार पहाड़ों पर बर्फ गिरना शुरू हो गई है। इसका असर मैदानी क्षेत्रों में दिखने लगा है। संभावना जताई कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में आंशिक बदली के साथ सुबह के समय कोहरा छाए रहने की संभावना है।

**राम मंदिर** | **कार्यशाला में आज भी रखे हुए हैं लगभग 25 हजार घन फीट पत्थर**

# बन गया मंदिर, कहां लगेंगे 90 से तराशे गए पत्थर

**सत्य प्रकाश, अयोध्या**

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण संपन्न हो चुका है, लेकिन 90 के दशक में रामभक्तों की आस्था और मंदिर निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार किए गए आकर्षक नक्काशी दार पत्थर अब भी रखे हुए हैं। इन पत्थरों को उचित स्थान दिए जाने को लेकर ट्रस्ट अभी तक कोई निर्णय नहीं ले सका है।

सन् 1949 में राम जन्मभूमि परिसर के गर्भगृह स्थल पर भगवान श्रीरामलला के प्राकट्य होने के बाद से भव्य मंदिर निर्माण की तैयारी को लेकर हिंदू समाज ने आंदोलन शुरू किया था। इसके साथ ही मंदिर निर्माण लिए श्रीराम जन्मभूमि न्यास का गठन कर देश के सबसे बड़े आर्किटेक्ट चंद्रकांत सोनपुरा के द्वारा मंदिर की डिजाइन तैयार किया गया। दूसरी ओर करोड़ों राम भक्तों के एक-एक रुपए के दान से सितंबर 1990 में निर्माण कार्यशाला भी प्रारंभ कर दिया गया। जहां राजस्थान के पत्थरों पर नक्काशी की गई। 20 वर्षों में लगभग एक लाख घन फीट पत्थरों पर कारीगरों के द्वारा नक्काशी का कार्य संपन्न कराया गया था, लेकिन 9 नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद जनादेश पर मंदिर की भव्यता में बदलाव किया गया, जिसके कारण पहले से तैयार किए गए पत्थरों की उपयोगिता कम हो गई। 25 नवंबर 2025 से पहले ही मंदिर निर्माण हो चुका है। वहीं कार्यशाला में आज भी लगभग 25 हजार घन फीट पत्थर रखे हुए हैं। जिनकी सफाई का कार्य किया जा रहा है।



मंदिर निर्माण कार्यशाला में रखे तराशे गए पत्थर। अमृत विचार

### अभी तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कर रहा मंथन

विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में रखे इन पत्थरों को राम जन्मभूमि परिसर में उचित स्थान दिए जाने के लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। इन पत्थरों से करोड़ों राम भक्तों की भावना जुड़ी है। इसके लिए राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यशाला में तराशे गए पत्थरों को लगाए जाने पर निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि इस मंदिर निर्माण के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों को बलिदान दिया था। आज उन सभी शहीद कारसेवकों के संकल्प को ट्रस्ट पूरा कर रहा है।

# पेड़ से लटका मिला युवक फोन पर थी 200 मिस्ड कॉल

**अयोध्या कार्यालय।**

**अमृत विचार :** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के मणि पर्वत स्थित एक मस्जिद के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। उसकी पहचान अनुराग वर्मा (20) निवासी परसावां थाना तारुन के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि पत्नी के विवाद के बाद से वह तीन दिन से लापता था। स्थानीय लोगों ने सुबह मस्जिद की ओर जाते समय शव को देखा था।

पुलिस को जांच के दौरान मृतक की जेब से उसका मोबाइल फोन मिला, जिसमें 200 से अधिक मिस्ड कॉल पड़ी थीं। उसी समय फोन पर कॉल भी आ रही थी, जिसे उसकी पत्नी काजल का बताया जा रहा है। मृतक की पत्नी काजल ने बताया कि एक साल पहले उसका अनुराग से विवाह हुआ था। वह दर्शननगर में किराए के मकान में रहते थे। अनुराग कैटरिंग का काम करता था। मंगलवार रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद अनुराग घर छोड़कर चला गया था। उसकी पत्नी ने गुरुवार को तारुन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लगता है। शरीर की स्थिति देखकर अनुमान है कि युवक ने बुधवार देर रात फंदा लगाया होगा। सभी पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

- **कोतवाली अयोध्या के मणि पर्वत इलाके की घटना**

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक 16 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में 16 दिसम्बर को 12 बजे आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक होगी। यह जानकारी संयुक्त आयुक्त उद्योग अयोध्या मण्डल कार्यालय ने दी।

### विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान फेस 5 व साइबर जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में कोतवाली पुलिस ने शिविर लगाकर जागरूक किया। महिला उपनिरीक्षक स्तुति गुप्ता व आरक्षी धीरज कुंतल ने महिलाओं व पुरुषों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 112, 102, 108, 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। नगर पालिका परिषद के सफाई नायक राजन कुमार, सुशील वाल्मीकि, प्रदीप यादव, देवी कुमारी, सोना, दिव्या सोनी, मंजू राजपूत समेत अन्य मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में महिला का पैर फ्रैक्चर

**बारुन, अयोध्या, अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के पटखौली बाजार में सड़क दुर्घटना में एक महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया। महिला कमलेश कुमारी (48) पत्नी राकेश निवासी सोखावां अपनी बहन के घर करमडांडा जा रही थी। तभी फोरलेन पर स्थित पटखौली कट को पार करते समय उसे एक तेजगति बाइक ने टक्कर मार दी, जिसमें उसे गंभीर चोटे आई हैं। महिला के परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए।

### पागल सियार के हमले में अधेड़ जख्मी, भर्ती

**सोहावल, अमृत विचार :** रौनाही थाना क्षेत्र के कोला गांव में शुक्रवार सुबह एक पागल सियार ने अचानक हमला करके अधेड़ को गंभीर रूप से घायल कर दिया। महफूज अहमद पुत्र हामिद अली (48) अपने घर के बाहर जानवरों को चारा डाल रहे थे। हमले में महफूज अहमद घायल होकर चीखने लगे। परिजनों और गांव के लोगों के आने पर सियार भागा। लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। डॉ. संग्राम सिंह ने बताया कि घायल के शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे। हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### 14 की रैली में बड़ी संख्या में जाएंगे कांग्रेसी

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा सरकार के तानाशाही और वोट चोरी के विरोध में 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित रैली में जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेसी जाएंगे। पीसीसी सदस्य पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अयोध्या से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जाने की तैयारी है। भाजपा की जनविरोधी कार्य इस रैली में खुल जाएंगे।

### स्थानीय किसानों को नहीं मिल पा रही गन्ना सप्लाई पर्ची



**अयोध्या, अमृत विचार :** केएम शुगर मिल मसौधा से बाहरी जिलों से गन्ना खरीदने के चक्कर में स्थानीय किसान परेशान है। उनका गन्ना नहीं बिक पा रहा है। आपूर्ति कैलेंडर भी नहीं बढ़ रहा है। गन्ना किसान गेहूं की बुवाई से वंचित हो रहे हैं। यह आरोप है भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा का। उन्होंने एक दिन में एक कालम पूरा न होने पर सवाल उठाया। उन्होंने डीएम और डीसीओ से मांग की कि गन्ना किसानों की संख्या के अनुसार गन्ना विकास समितियों को इंडेंट दिए जाएं। इसमें भेदभाव न किया जाय। कम से कम जनवरी माह तक अन्य जिलों का गन्ना न खरीदा जाए।

### ऑनलाइन उपस्थिति नहीं, शिक्षक सम्मान जरूरी : डॉ. संजय

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की एक बैठक कंपोज़िट विद्यालय पंपारपुर मया ब्लॉक में जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मुख्य एजेंडा सरकार द्वारा लागू की जा रही ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था रही। जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने कहा हम तकनीक के विरोधी नहीं, लेकिन शिक्षक को अपराधी मानकर बनाई गई किसी भी नीति को स्वीकार नहीं करेंगे। शिक्षक का सम्मान जरूरी है। राम जी सिंह, अनिल राव, रविंद्र, उमेश, प्रवीण, विकास, राज नारायण ने अपने विचार रखे।

# कौशलपुरी कॉलोनी में जल्द होगा जल निकासी का प्रबंध

## टूटी नालियों की होगी मरम्मत, सुबह आठ बजे ही कॉलोनी पहुंच गए महापौर

**'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत महापौर व नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कौशलपुरी कॉलोनी को जल्द ही जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने ''नगर की सरकार आपके द्वार'' अभियान के तहत नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ जायज लिया। उन्होंने विशेष अभियान के तहत नाले की सफाई कर जल निकासी का स्थाई समाधान ढूंढने व तब तक पंप लगाकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



कौशलपुरी कॉलोनी में निरीक्षण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।



नगर निगम में धरने पर बैठी महिला सफाईकर्मी। अमृत विचार

सुबह आठ बजे महापौर व नगर आयुक्त सब्जी मंडी के पीछे निराला नगर के समोसा गली पहुंचे। यहां क्षेत्रीय पार्षद धर्मवीर, अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, निर्माण विभाग के सहायक अभियंता भारत सिंह वर्मा समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मोड़ पर सफाई कार्य चल रहा था, लेकिन जल भराव की समस्या देखकर महापौर ने नाराजगी जताई और रायबरेली अंडरपास की ओर जाने वाले नाले की सफाई कराकर जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश जोनल अधिकारी कौशलपुरी को दिया। थोड़ा आगे बढ़ने पर हनुमान मंदिर के पास उन्होंने खुली नाली देखकर पटिया रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सड़क की दूसरी ओर जल भराव को देखकर नाली निर्माण कराने और क्रॉसिंग बनवाने को कहा। महापौर ने डॉ. आरके सिंह के बगल गली को ऊंचा करने तथा ओपीएस इंटर कॉलेज के सामने लाइट लगवाने का निर्देश दिया। यहां लाइट की मांग स्थानीय निवासी अमर सिंह ने उनके सामने रखी। खोजनपुर पहुंचने पर जल भराव की समस्या दिखाई पड़ी। उन्होंने तालाब पैमाइश कराकर सफाई करने, गहराई बढ़ाने तथा रेलिंग लगाने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने यहां कूड़ा फेंकने से मना करने के लिए बोर्ड लगाने को कहा। थोड़ा आगे बढ़ने पर नाली की सफाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने भाजपा नेता गोकुल समेत स्थानीय लोगों की मांग पर नाली बनवाने का वादा किया। खोजनपुर की गली में बिजली के तार लटके थे। इस पर नगर आयुक्त ने वहां तीन पोल लगाकर तारों को ऊंचा करने का निर्देश दिया।

उन्होंने विष्णुपुरी कॉलोनी में प्रकाश व्यवस्था सुधार करने के लिए खराब लाइट को बदलने तथा जरूरत के मुताबिक नई लाइट लगाने के साथ ही टूटी नालियों की मरम्मत करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। डॉ. रमापति मिश्र के घर के सामने पार्क में ओपन जिम लगाने तथा नालियों की मरम्मत कराने को कहा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि निरीक्षण दो घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह रिंकू, भाजपा नेता वरुण चौधरी, इंजीनियर रवि तिवारी, मंडल मंत्री वीरेंद्र वर्मा, श्रीप्रकाश पाठक, देवमणि द्विवेदी, अमर सिंह आदि थे।

## परिसर में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी

**● कर्मचारियों ने नव-नियुक्त ठेकेदार पर लगाया उत्पीड़न का आरोप**

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर निगम के 2200 सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम परिसर में धरने पर बैठ गए, जिसके चलते पूरे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई। प्रदर्शन उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कर्मचारी भी शामिल हुए। कर्मचारियों ने नव-नियुक्त ठेकेदार पर उत्पीड़न, मनमानी और कार्यस्थलों पर अनियमितता का आरोप लगाया। परिसर में कर्मचारियों ने जोरदार नारेबाजी की और ठेकेदार तथा नगर निगम प्रशासन के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। आम सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बाघमार, प्रदेश महामंत्री रमाकांत मिश्रा और अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## किसान पर हुए हमले के विरोध में सरदार सेना ने किया प्रदर्शन

तारुन, अयोध्या।



किसान पर प्राणघातक हमले के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

**अमृत विचार :** थाना तारुन क्षेत्र अंतर्गत सोनौरागाउपुर में सोमवार को किसान शिवकुमार वर्मा के ऊपर प्राण घातक हमले के मामले में अभी तक गिरफ्तारी न होने से नाराज सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ आरएस पटेल व प्रदेश अध्यक्ष इं.अभिषेक पटेल की अगुवाई में शुक्रवार की शाम करीब चार बजे दर्जनों गाड़ियों के काफिले के साथ कार्यकर्ता किसान के घर पहुंचे व आक्रोश जताया।

कार्यकर्ताओं ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। सूचना पर सीओ बीकापुर पियूष पाल व थाना तारुन प्रभारी सांदीप त्रिपाठी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे व उन्हें समझाने का प्रयास किया। अध्यक्ष ने कहा कि यहां की पुलिस निष्क्रिय है। इस क्षेत्र में काफी दिनों से बिच्छू गैंग सक्रिय है। किसी भी घटना का खुलासा करने के बजाय रुपए का लेनदेन कर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। चेतावनी दी कि अगर 12 घंटे के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो 14 दिसंबर को पुलिस के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। थाना प्रभारी तारुन संदीप त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। मौके पर लवकुश पटेल, ओमनाथ वर्मा, रामलाल पटेल, भोला वर्मा, मनोज वर्मा, राम उदित वर्मा, लाल जी वर्मा, राहुल वर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### अब मोबाइल पर मिलेगी टीका लगने की सूचना

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार :** गर्भवती महिलाओं व बच्चों को लगने वाले टीके की सूचना अब लाभार्थियों को मोबाइल पर मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आशुतोष सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रजनन और बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल प्लेटफार्म यू-विन की शुरुआत की गई है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की जानकारी मोबाइल पर मिलनी शुरू हो जाएगी। इससे लाभार्थी चिन्हित करने में आसानी होगी। कार्ड खोने की दशा में टीकाकरण बाधित नहीं होगा। इसका उद्देश्य शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करना है। पांच वर्ष तक के बच्चों को सात अनिवार्य टीके लगाए जाते हैं, जबकि 10 साल और 16 साल की आयु पर टीटी का टीका दिया जाता है। एक दिसंबर से अब तक रुदौली ब्लॉक में एक हजार 50 टीके लगे हैं। इनका पूरा रिकार्ड यू-विन पोर्टल पर अपलोड किया गया है।

## अविवि में परफॉर्मेंस इंडिकेटर को लेकर बैठक आयोजित



केपीआई की बैठक को संबोधित करते कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह।

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक सभागार में कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में की परफॉर्मेंस इंडिकेटर को लेकर बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विश्वविद्यालय, अनुदान आयोग के दिशा निर्देश के तहत गुणवत्ता एवं पारदर्शी उच्च शिक्षा की प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा कार्य प्रणाली की नियमित निगरानी त्रैमासिक परफॉर्मेंस इंडिकेटर पर आधारित डैश बोर्ड के आधार पर करना है। कमेटी का गठन किया जा चुका है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ला, प्रो. एस एस मिश्र, हिमांशु शेखर सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, गिरीश पंत आशीष मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय के विद्युत कर्मी से मारपीट का आरोप

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में फिक्स मानदेय पर कार्यरत विद्युत कर्मी बबलू यादव के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी ललिता यादव ने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार सिंह और एनडीए चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक हरिशंकर राय पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुमारगंज थाने में तहरीर दी है। आरोप के अनुसार छात्रावासों की खराब लाइट ठीक कर लौटते समय प्रशासनिक भवन के पास दोनों अधिकारियों ने बबलू यादव को रोककर धक्का दिया, मारपीट की और उनकी बाइक को भी नुकसान पहुंचाया। इसके चलते उनके सिर व शरीर पर चोटें आईं। उनका कहना है कि घटना की पुष्टि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 2 के सीसीटीवी फुटेज से हो सकती है। थाना प्रभारी कुमारगंज ओमप्रकाश ने बताया कि मामले की जांच वरिष्ठ उपनिरीक्षक धनीराम वर्मा को सौंपी गई है।

## धोखाधड़ी से वरासत दर्ज करा जमीन का बैनामा कराया

**● अदालत के आदेश पर बीकापुर पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** चकबंदी प्रक्रिया के दौरान कागजाती गलती का फायदा उठाकर महिला की वरासत कराई और फिर जमीन का बैनामा कर दिया, जबकि संबंधित जमीन महिला के स्वामित्व की थी ही नहीं। प्रकरण में सिविल जज सीनियर डिवीजन तृतीय अदालत के आदेश पर बीकापुर कोतवाली पुलिस ने चार के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।




बीकापुर कोतवाली के मौजा मजरुद्दीनपुर (गोला बाजार) निवासी अरविन्द कुमार अग्रवाल पुत्र प्रेमचन्द्र का कहना है कि चकबन्दी अधिकारी तारून ने उनको गाटा 292 एलाट किया था, लेकिन इस गाटा से श्यामपती पत्नी हृदयराम निवासी मजरुद्दीनपुर का नाम नहीं काटा, जबकि उसको अन्य गाटा एलाट किया गया था। बाद में श्याम पति ने एलॉट जमीन का छेदी प्रसाद पाण्डेय, विनोद कुमार पाण्डेय व बालमुकुन्द पाण्डेय तथा नाबालिग दिनेश कुमार व दिनकर कुमार निवासीगण असरेवा के नाम बैनामा कर दिया। उनका आरोप है कि श्यामपती के कोई औलाद न होने का फायदा उठाकर गांव के ही धनंजय सिंह ने फर्जीवाड़ा कर खुद को हृदयराम का दत्तक पुत्र बताते हुए वरासतन खतौनी में अपन नाम दर्ज करवा लिया। जानकारी पर उसने एसडीएम के यहां वाद दायर किया तो वैभव कुमार का नाम काटने और फिर दो अगस्त 24 को विक्रय आवेदन स्वीकार नहीं हुआ।

इसके बाद उसने उनको एलाट जमीन का सुदामा पत्नी मंशा राम निवासिनी तकपुरा, दर्शन नगर, कोतवाली अयोध्या के नाम बैनामा कर दिया, जिसमें गवाह अतुल यादव पुत्र भागीरथी निवासी मजरुद्दीनपुर कोतवाली बीकापुर, इन्द्रभान पुत्र जानकी प्रसाद निवासी गोपालपुर, थाना पूराकलन्दर आदि भागीदार रहे। पीड़ित का आरोप है कि शैक्षिक रिकार्ड में धनंजय होने के बाद वह फर्जीवाड़ा कर वैभव के नाम से वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, सोशल मीडिया एकांउट बनाता रहा और बैंक खाता खुलवाता रहा। पुलिस और अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर अदालत का सहारा लेना पड़ा।

## द मिलियन फार्मर स्कूल के तहत किसान पाठशाला का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार :** द मिलियन फार्मर स्कूल के तहत रबी फसल में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। ब्लाक की पहली कार्यशाला ब्लाक सोहावल के हाजीपुर बरसेंडी में किया गया। पाठशाला में मास्टर ट्रेनर बीटीएम दीपक कुमार ने रबी दलहन/तिलहन की उत्पादन तकनीक, रबी फसल में खरपतवार नियंत्रण के बारे में बताया। सहायक विकास अधिकारी कृषि रंजीत त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती, फार्मर रजिस्ट्री के महत्त्व और उपयोगिता के बारे में किसानों को जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रगतिशील किसान द्वारिका मौर्या, महेश कुमार, रक्षाराम मौर्या, संदीप तिवारी, सिकंदर सिंह, कृषि सखी डाली मौर्या, राम लली सहित बड़ी संख्या मे महिला कृषकों ने भाग लिया।

## गायत्री पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेला

**● राम कलप शुक्ल की 25वीं पुण्यतिथि पर विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान**

मिल्कीपुर, अयोध्या।

अमृत विचारः हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज बाजार में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में स्व. राम कलप शुक्ल की 25वीं पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक बीरेंद्र दूबे ने पंडित महीप तिवारी द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच स्वर्गीय शुक्ल एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने मुख्य अतिथि सहित क्षेत्र के सैकड़ों अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई भव्य विज्ञान प्रदर्शनी रही। बच्चों ने हाइड्रोलिक ब्रिज, न्यूक्लियर पावर प्लांट, ह्यूमन ब्रेन, हार्ट फंक्शन, फायर डिटेक्टर, अर्थक्वेक अलार्म, मून फेज, इंडियन आर्मी बेस, राम मंदिर, चंद्रयान, अशोक वाटिका सहित सामाजिक, वैज्ञानिक और समसामयिक विषयों पर सैकड़ों मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान प्रदर्शनी के साथ-साथ विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए स्वनिर्मित फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम प्रधानाचार्या शिखा दूबे और प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ल के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गायत्री देवी, हैरिंग्टनगंज ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह भोला, प्रधान संजीव तिवारी, प्रेम यादव, राम सुख मौर्या, पवन तिवारी, राजू दूबे, विकास सिंह, ज्ञानी यादव, सियाराम विश्वकर्मा, सज्जन पाठक, मोनू, उमा शंकर तिवारी, राम अवतार प्रजापति, दया शंकर, सोनू, हरि ओम, अनिल पांडेय, गौतम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि बीरेंद्र दुबे। अमृत विचार

## पूर्व मंत्री ने घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल



घायल युवक को अस्पताल ले जाते पूर्व मंत्री अब्बास अली 'रुश्दी मियां'।

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पूर्व मंत्री सैयद अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां ने रुदौली के भानमऊ जंगल के पास सड़क हादसे में घायल होकर पड़े युवक को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। वह शुक्रवार की सुबह गणेशपुर गांव में एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन भानमऊ जंगल के निकट पहुंचा, तभी सड़क किनारे एक युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला था। घायल की पहचान सतनाम (22) पुत्र सुखराम निवासी ग्राम पड़रिया, मजरा बड़ेला के रूप में हुई। पूर्व विधायक ने घायल के परिजनों से संपर्क कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

**अव्यवस्था**

**बिछौना, पुआल, तिरपाल के साथ नहीं है हरे चारे का इंतजाम**

# जैसुखपुर गौशाला बदहाल, ठंड में कांप रहे गोवंश

मवई, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मवई ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत जैसुखपुर गौशाला में सबसे अधिक संख्या में गोवंश हैं, लेकिन इनकी सुरक्षा और देखभाल के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। भीषण ठंड में गोवंशों के लिए न तो बिछौना, पुआल या तिरपाल का इंतजाम है और न ही हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था है। इससे गोवंश ठंड और भूख दोनों की मार झेल रहे हैं। साथ ही में गेट पर लगा सीसीटीवी भी खराब पड़ा हुआ है। गौशाला परिसर में लाइट कई महीनों से बंद है, जिसके कारण रात में अंधेरा छाया रहता है और केयर टेकरों को काम करने में भारी कठिनाई होती है।



जैसुखपुर गौशाला में खुले में बैठे मवेशी। अमृत विचार

बताया जा रहा है कि गोशाला में कार्यरत केयर टेकरों को कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। फिर भी वह मजबूरी में अपना काम जारी रखे हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार कार्य करने के बावजूद भुगतान न मिलना उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ा रहा है। ग्रामीण तौहीद अहमद, रामदीन व राजकुमार ने आरोप लगाया कि गोशाला पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है, जिसके कारण चारा, रोशनी और सुरक्षा समेत सभी व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो गोवंशों की स्थिति गंभीर होती जाएगी। खंड विकास अधिकारी मवई भावना यादव ने बताया गोवंशों के ठंड से बचाव और प्रबंधन के लिए पहले ही आवश्यक निर्देश दिए गए थे। यदि गोशाला में व्यवस्था नहीं है तो जांच कर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खुरपका रोग का प्रकोप बढ़ा

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) रोग तेजी से फैल रहा है, जिससे पशुपालकों में भारी चिंता व्याप्त है। बीमारी पर काबू न होने से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। कई मवेशियों में बुखार, मुंह में छाले, खुरों में सूजन तथा चलने-खाने में समस्याएं बढ़ने से दुग्ध उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मुस्काबाद के राम लोचन, मानपुर के राम उजागर, सराय नासिर के शिव कुमार और राजकुमार बताते हैं कि हमारे पशु खुरपका रोग से बुरी तरह ग्रस्त हैं। मेडिकल से दवाएं लेने के बावजूद कोई खास राहत नहीं मिल रही। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्ञानेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र में खुरपका रोग के मामलों में वृद्धि की सूचना लगातार मिल रही है। जल्द ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम गांवों में कैंप लगाकर वैक्सीनेशन अभियान शुरू करेगी।



अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर गन्ना लदा ट्रॉला पलटने से लगा जाम।

### हाईवे पर पलटा गन्ना लदा ट्राला, जाम

**मसौधा, अमृत विचार :** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर शुक्रवार को लंबा जाम लग गया। जाम सड़क पर गन्ना लदे ट्राला के पलटने पर लगा। मौके पर पहुंची पुलिस और रास्ता साफ होने के बाद यातायात शुरू हुआ। जाम में फंसने से यात्री परेशान रहे। बताया गया कि सुल्तानपुर रोड मसौधा के पास शिवदासपुर लंगड़ा चौकी के पास गन्ना लदा ट्राला पलट गया। इसके कारण हाईवे पर भीषण जाम लग गया। एंबुलेंस और पुलिस कर्मचारियों के वाहन भी जाम में फंस गई। ट्रकों और छोटे-बड़े वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतार लग गई। दूर दराज के यात्री परेशान हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे पर रास्ता खुलवाने की कोशिश शुरू की। लोगों को कई घंटे जाम से जूझना पड़ा। पूराकलन्दर के थानाध्यक्ष मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे उन्होंने किसी तरह काफी देर में जाम खुलवाया।

# अर्थव्यवस्था की मजबूती में कृषि व डेयरी का महत्वपूर्ण योगदान

## कृषि विवि में पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य में प्रगति एवं चुनौतियां विषय पर कार्यशाला आयोजित

कुमारगंज अयोध्या।

- **भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष व विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में की शिरकत**

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के सभागार में "कृषि पशुओं के प्रजनन स्वास्थ्य में प्रगति एवं चुनौतियां" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ किया।

बतौर मुख्यअतिथि भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष व विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने कहा कि दूध एक संपूर्ण आहार है और इसके उत्पादन पर अधिक ध्यान देना होगा। हमारा भारत वर्तमान समय में तीसरी अर्थवव्यवस्था की ओर अग्रसर है और इसे मजबूत करने में कृषि और डेयरी के क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि मादा पशुओं की संख्या को बढ़ाने के लिए सेक्स सार्टेड सीमन तैयार करना होगा। इससे निराश्रित गोवंश की संख्या में भी कमी होगी। उन्होंने कहा कि पशुओं को बीमारी से बचाव के लिए समय-समय पर जांच होनी चाहिए और उन्हें स्वच्छ एवं साफ-सफाई वाले जगहों पर रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि गायों की संख्या लगातार घट रही है। वर्तमान समय में पशुओं में सबसे बड़ी समस्या पोषणयुक्त भोजन की है जिससे दुग्ध उत्पादन में कमी आ रही है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा के प्रोफेसर अतुल सक्सेना ने पशुओं में प्रजनन के बारे में व्याख्यान दिया और पशुओं में प्रजनन सुधार से ही दुग्ध उत्पादन में उत्तरोत्तर वृद्धि की बात कही। डॉ. भूपेंद्र सिंह व डॉ. सुशांत श्रीवास्तव के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजक सचिव डॉ. रवींद्र वर्मा व डॉ. धर्मेश तिवारी रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश व संचालन डॉ. विभा यादव ने किया। विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक सोच से ही खुलते हैं विकास के रास्ते: डीआईओएस

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** वैज्ञानिक सोच से ही विकास के नए रास्ते खुलते हैं। बच्चों में बचपन से ही वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना चाहिए। यह विचार राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला में आयोजित विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने व्यक्त किए। उन्होंने विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य डॉ. रमेश कुमार मिश्रा की सराहना भी की। प्रदर्शनी में 100 से अधिक प्रोजेक्ट


प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी।

लगाए गए थे, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर, तेजस लड़ाकू विमान, पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी में क्षेत्र के अभिभावकों सहित शिव सेंट्रल स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार पांडे, डालिम्स स्कूल के उप प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र तिवारी एवं डीसी मिश्रा, शीतला प्रसाद वाजपेई, कृष्ण केवल मिश्र सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसील परिसर में वाटर कूलर खराब

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तहसील परिसर में आमजन के लिए लगाया गया पेयजल वाटर कूलर पिछले पखवाड़े से खराब पड़ा है, जिसके कारण दूर-दराज से आने वाले लोगों को पेयजल के लिए भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिसर में पीने के पानी का यही एकमात्र साधन है, लेकिन इसकी मरम्मत पर तहसील प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। वाटर कूलर के पास लगा हैंडपंप भी दूषित पानी दे रहा है। पानी की व्यवस्था इतनी लचर है कि ऊपर रखी टंकी में ढक्कन तक नहीं है। एक अधिवक्ता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कुछ दिन पहले टंकी में एक कबूतर मरा हुआ भी मिला था। इस मामले पर उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि जल्द ही वाटर कूलर सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाएगा।


सिलाई मशीन के साथ मौजूद जरूरतमंद महिलाएं। अमृत विचार

## निराश्रित महिलाओं को वितरित की गई सिलाई मशीन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

अमृत विचार। हजरत फातिमा जहरा के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से संस्था के मुख्यालय ताजपुर में जरूरतमंद निराश्रित महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन वितरित की गई। मशीन पाकर लाभान्वित महिलाओं के चेहरे खिल उठे।

उक्त अवसर पर अल-इमाम चैरिटेबल फाउंडेशन के चेयरमैन ख्वाजा शफाअत हुसैन ने कहा कि पात्र महिलाओं की सहायता का उद्देश्य उनकी आजीविका को सुलभ बनाना है। लाभांवित लोगों में तनवीर जहरा, हसन बानो, सबा बानो, बहिश्त जहरा, कनीज जहरा, शहजादी बानो, कनीज शीरी, अख्तरी, किसा फातिमा, गुलाब जहरा, जीनत फातिमा, मन्नू, गुलशन जहरा, कनीज फिज्जा और नसरीन बेगम का नाम शामिल है। उक्त अवसर पर गुलाम अली लाडले, नजमुल हसन, इरशाद, अबरार हुसैन आदि उपस्थित थे।

## 31 मार्च के बाद किस्त जमा करने वाले को भी ओटीएस योजना का मिलेगा लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एकमुश्त समाधान योजना में संशोधन किया गया है। इस बदलाव से उन उपभोक्ताओं को भी लाभ मिलेगा जो पुराने नियमों के तहत योजना से वंचित थे। अब 31 मार्च के बाद एक भी किस्त जमा करने वाले उपभोक्ता भी इस योजना के दायरे में आ गए हैं। इसके लिए 11 दिसंबर से पंजीयन शुरू होगा।

अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने 31 मार्च तक बिल जमा नहीं किया था, लेकिन 1 अप्रैल से 30 नवंबर के बीच भुगतान किया है, वह भी अब ओटीएस का लाभ उठा सकेंगे। पहले यह योजना केवल नेवर पेड कभी भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के लिए थी। इस कारण अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन से जुड़े लगभग एक लाख उपभोक्ता, जिन्होंने कुछ बिल जमा किए थे, वह योजना के दायरे से बाहर हो गए थे। अब इन उपभोक्ताओं को भी मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट के साथ ब्याज पूरी तरह माफ करने का लाभ मिलेगा। बुधवार को योजना का लाभ लेने के लिए जनपद के सभी बिजली बिल काउंटरों और 46 गांवों में लगे बिजली बिल जमा शिविरों में सुबह से शाम तक उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही। बीते दो दिनों में कुल 800 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करवाया, जिससे निगम को 55 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। अधिशासी अभियंता प्रेमचंद, मीटर अधिशासी अभियंता संजय कुमार और अकबरपुर एसडीओ राममोहन पांडेय ने बिजली बिल जमा काउंटरों और शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किया है।


राष्ट्रीय जूनियर आत्या-पात्या प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई उप्र की बालक व बालिका टीम। अमृत विचार

## प्रदेशीय आत्या-पात्या टीम में जिले के चार खिलाड़ी शामिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेशीय जूनियर आत्या पात्या टीम में जिले के तीन बालक व एक बालिका खिलाड़ी का चयन हुआ है। आत्या पात्या संघ के जिला सचिव विजेन्द्र सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ में 13 दिसम्बर से आयोजित राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता के लिए चयनित बालक व बालिका टीम प्रशिक्षण शिविर के बाद शुक्रवार को रवाना हुई।

संघ के प्रदेश सचिव यूजिन पाल ने बताया कि 12 सदस्यीय बालक टीम के कोच महेन्द्र गुप्ता, 12 सदस्य बालिका टीम कोच जानसी साहू व टीम मैनेजर घनश्याम के साथ टीम बुलन्द हौसले के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। प्रदेश के बालक टीम में अयोध्या के अंकित, असद व जतिन और बालिका टीम में आंचल गुप्ता शामिल हैं।

# अनियमितता पर एसडीएम ने कई कार्यों का रोका भुगतान

**कार्रवाई**

- **नगपुर रोड पर नाली निर्माण में घटिया मसाला और दोयम दर्जे की ईंट का किया जा रहा है प्रयोग**

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर घटिया सामग्री व लापरवाही पाए जाने पर उपजिलाधिकारी ने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे नाली निर्माण की जांच करते उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता।

बता दें कि नगपुर रोड पर नाली निर्माण में घटिया मसाला और दोयम दर्जे की ईंट पाए जाने पर उपजिलाधिकारी ने मौके पर ही कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्हों जिम्मेदारों पर कार्रवाई की बात कही। मालीपुर रोड स्थित होंडा एजेंसी के सामने बने नाली और पटिया की जांच में भी भारी अनियमितताएं उजागर हुईं। पटिया तुड़वाकर देखने पर घटिया सामग्री का प्रयोग मिला, जिस पर संबंधित निर्माण कार्य की भुगतान पत्रावली रोक दी गई। इसी तरह मालीपुर रोड की उत्तरी पटरी पर नाला निर्माण के दौरान भी कमजोर पटिया मिलने पर उसे मौके पर तुड़वाकर जांचा गया। गुणवत्ता खराब मिलने पर तत्काल प्रभाव से भुगतान रोकने का आदेश दिया गया। मोहल्ला आसीपुर में शिवपूजन के टेंपल से विजय बहादुर के घर तक हो रहे मिट्टी भराई और खड़ंजा कार्य में भी गंभीर लापरवाही सामने आई है। खड़ंजा ठीक से नहीं लगाया गया था और मिट्टी भराई भी मानक के अनुरूप नहीं थी। इस कार्य का भुगतान भी रोक दिया गया है। वहीं उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने बताया कि निर्माण कार्यों को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह सघन निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कई ठेकेदारों के भुगतान रोकने के निर्देश दिए हैं।

## छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करते युवक गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति टीम ने जीजीआईसी चौराहे के पास छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने वाले एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

बता दें कि उपनिरीक्षक ममता यादव क्षेत्र में चेकिंग व एंटी-रोमियो अभियान के दौरान मौजूद थीं, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक चौराहे पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं और छात्राओं के साथ अशोभनीय इशारे करता है और गाने गाकर उन्हें परेशान करता है। उप निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर विधि करवाई किया। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की गई।

सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कुछ समय तक छिपकर निगरानी की तो युवक महिलाओं व स्कूली छात्राओं को देखकर गंदे इशारे और अश्लील शब्दों का प्रयोग करता पाया गया। इस पर पुलिस ने उसे दबिश देकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सनी कुमार निवासी जौकाबाद थाना जलालपुर बताया है। तलाशी में उसके पास से कपड़ों के अलावा कुछ नहीं मिल है।

## आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में जनपद अव्वल


शिवांगी त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते एसपी अभिजित आर शंकर व मौजूद हरेंद्र कुमार।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** पुलिस को आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेश में जनपद को लगातार तीन माह से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर सितंबर माह में प्राप्त शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया। उच्च अधिकारियों और आईजीआरएस प्रभारी उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी ने समय-समय पर समीक्षा कर शिकायतों के निस्तारण में आ रही कमियों को दूर किया। पुलिस अधीक्षक ने विगत तीन माह से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर आईजीआरएस नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार, आईजीआरएस प्रभारी उपनिरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी और उनकी टीम, जनपद के समस्त पेशीयों तथा थानों पर नियुक्त आईजीआरएस मुंशियों को विशेष रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी हरेंद्र कुमार ने आईजीआरएस में कार्यरत समस्त पुलिसकर्मियों के प्रयासों की सराहना की।

## छात्राओं को अधिकारों के बारे में दी जानकारी

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राजकीय बालिका हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज टांडा, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर, सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कुर्की बाजार आदि विद्यालयों में अभिभावक जनता संबंधी कार्यक्रम कराया गया। जिसमें शिक्षकों ने अभिभावकों को बुलाकर उन्हें बेटियों की सुरक्षा संबंधी जानकारियां दी गई। छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन का प्रयोग जैसे 1090 वूमेन पावर लाइन, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु के लिए 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा, 108 आपातकालीन एंबुलेंस सेवा, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 101 अग्नि शमन सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करने के बारे में जागरूक किया गया। वहीं बभिभावकों को बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनका पूर्ण सहयोग करने और उन्हें बेड टच गुड टच का भी अंतर बताया गया। छात्राओं को बताया गया कि समान अधिकार देकर उनको समाज में आगे बढ़ा सकते हैं।

## हर्ष फायरिंग में युवक को लगी गोली

**जहांगीरगंज (अंबेडकरनगर), अमृत विचार।** तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग में युवक के घायल होने का मामला सामने आया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया। घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि जहांगीरगंज के माडरमऊ में जगदंबिका के यहां गुरुवार की रात में तिलक समारोह का आयोजन था। इसी कार्यक्रम में बड़े गांव का जीशान भी पहुंचा था। बताया जाता है कि इसी दौरान हुई फायरिंग में युवक जीशान के हाथ में गोली लग गई और आर पार हो गई। उसे घायलावस्था में सीएचसी जहांगीरगंज लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। समारोह में गोली कैसे चली इसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। जिसमें युवक द्वारा किसी दूसरे की बंदूक की नली साफ करने के दौरान गोली हाथ में लगने की चर्चा भी है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप यादव ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## पत्रावलियों को समय पर प्रस्तुत न करने पर नायब नाजिर निलंबित

टांडा, अंबेडकरनगर

- **डीएम ने कई बार शिकायत मिलने के बाद की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** जनपद की टांडा तहसील में कार्यरत नायब नाजिर हीरालाल को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने यह कार्रवाई पत्रावलियों को समय पर प्रस्तुत न करने और काम टालने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद किया है।

बता दें कि हीरालाल को आम जनता के साथ-साथ उप जिलाधिकारी ने भी कई बार समय पर कार्य करने के निर्देश दिए थे। हालांकि उनके कार्य-व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। इन शिकायतों के चलते हीरालाल के पटल का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनकी कार्यप्रणाली में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान कई ऐसे मामले प्रकाश में आए, जो उनकी लापरवाही को दर्शाते हैं। एक मामले में स्वर्गीय चंद्रशेखर की पत्नी शीला के अवकाश नगदीकरण और अन्य देयकों से संबंधित आवेदन 29 अप्रैल 2025 को प्रस्तुत किया गया था। इस पत्रावली पर नायब तहसीलदार ने 29 मई 2025 को हस्ताक्षर किए थे, लेकिन इसे लगभग 25 महीने तक तहसीलदार या उप जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया। अंततः कई बार मांगने के बाद यह पत्रावली 15 अगस्त 2025 को प्रस्तुत की गई। अन्य मामलों में तहसील टांडा के चपरासी वेद प्रकाश की संशोधित वेतन पत्रावली को देर से प्रस्तुत करने के लिए उप जिलाधिकारी टांडा ने 26 जून 2025 को हीरालाल को अंतिम चेतावनी दी थी। इसके अतिरिक्त 25 अगस्त 2025 को पटल निरीक्षण के दौरान, आवेदक रणजीत के शिकायती प्रार्थना पत्र पर राजस्व निरीक्षक बसखारी की आख्या 03 जून 2025 के बाद भी उसे किसी उच्चाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया था।

**समीक्षा बैठक** | डीएम ने दरवन झील के संपर्क मार्ग और स्ट्रीट लगाए जाने के दिए दिशा-निर्देश

# परियोजनाओं को समय से करें पूर्ण : धर्मराज

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में विधायक कटेहरी तथा विकासखंड भीटी और कटेहरी में 50 लाख रुपए से अधिक लागत मूल्य के निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।


समीक्षा बैठक में मौजूद कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद व डीएम अनुपम शुक्ला।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि वह पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन समय पर करें और निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जा रहे दरवन झील के संपर्क मार्ग के निर्माण और उसमें स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, समय पर परियोजनाओं को पूर्ण करने और नियमित समीक्षा और निगरानी करने के निर्देश दिए। बैठक में कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सौरभ सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत सहित उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड, यूपी सिडको, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड, उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य जल्द करें शुरू, अंबेडकरनगर:** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा बनाए जाने वाले 32 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव, जिला पूर्ति अधिकारी एवं सभी संबंधित पूर्ति निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी ग्राम प्रधानों और सचिवों को निर्देशित किया कि अन्नपुर्णा भवन का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाए और इसे 28 फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए भूमि से संबंधित कोई समस्या है, वहां संबंधित उपजिलाधिकारी द्वारा तुरंत उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी निर्माणकार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नकहा विकासखंड शिवपुर जनपद बहराइच**

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मनरेगा योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत नकहा में, 1.नहर की पुलिया से खेलवान के घर तक इंटरलश्वकिंग निर्माण कार्य 2. मिश्री के घर से पैरु के घर होते हुए रामनरेश के घर तक इंटरलश्वकिंग निर्माण कार्य निर्माण कार्य में सामग्री हेतु ईट आदि सामग्री के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक अपनी फार्म निविदा 13.12.2025 दोपहर 12रू00 बजे तक उपरोक्त सामग्री के साथ कोटेशन टेंडर ग्राम पंचायत कार्यालय नकहा में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें निविदा खुलने के दिनांक 15.12.2025 को 3रू00 के बाद निश्चित है। बाद में कोटेशन टेंडर प्रस्तुत करने पर आमान्य समझ जाएगा।

**आनंद कुमार, प्रधान**
विकासखंड शिवपुर
जनपद बहराइच

**विजय पांडे, सचिव**
विकासखंड शिवपुर
जनपद बहराइच

**कार्यालय ग्राम पंचायत खड़सरा, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025–2026 दिनांक 12.12.2025

अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन

सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खड़सरा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–13.12.2025 से 19.12.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत खड़सरा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–19.12.2025 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्की सड़क से दिनेश यादव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.641 लाख रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**

**ग्रा0पं0– खड़सरा वि0खं0–मोतिगरपुर जनपद–सुल्तानपुर**

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोण्डा**

पत्रांक: समग्र शि0/एम0आई0एस0/14957–60/2025–26 दिनांक : 12 दिसम्बर, 2025

**अभिभावकों एवं शिक्षकों/ शिक्षणेत्तर कर्मियों से अपील**
**"APAAR" में दर्ज होगी कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों की शैक्षिक कुण्डली**

**''वन नेशन वन स्टूडेण्ट आई0डी0''** की परिकल्पना को साकार करते हुए **कक्षा–12 तक के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत् बच्चों की 12 अंको की यूनीक आई0डी0 अपार (आटोमेटेड परमानेन्ट एकेडमिक एकाउण्ट रजिस्ट्री) तैयार करायी जा रही है।** इस योजना से जनपद गोण्डा के 4807 **परिषदीय, राजकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, आई0सी0एस0ई0, सी0बी0एस0ई0, समाज कल्याण के आश्रम पद्धति विद्यालय, श्रम विभाग के अटल आवासीय विद्यालय एवं मदरसा बोर्ड** में पढ़ने वाले लगभग 7.65 लाख छात्र–छात्राएं आच्छादित होगें।

**''अपार आई के लाभ एवं उपयोगिता''– ''अपार'' आई0डी0** हेतु माता–पिता / वैद्य अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। प्रत्येक छात्र–छात्रा के अकादमिक इतिहास का विवरण डिजिलॉकर में संरक्षित रहेगा यथा–शैक्षिक योग्यता प्राप्त ग्रेड, सर्टिफिकेट, विभिन्न संस्थाओं में बच्चों की उपलब्धि इत्यादि। बच्चों का केडेन्शियल विभिन्न संस्थाओं में स्थानान्तरणीय है। अपार आई0डी0 शैक्षणिक एंव कैरियर में आजीवन उपयोगी है। बच्चों के शैक्षिक अभिलेखों यथा–अंकपत्रों, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्रों के खो जाने का डर नहीं रहा। **ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रैकिंग कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना आसान हो जायेगा। सरकार द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली लाभाथह्नपरक योजनाओं में उपयोगी रहेगा।**

**यू–डायस + पोर्टल पर दर्ज बच्चों के डाटा के आधार पर अपार आई0डी0 का निर्माण होगा। यू–डायस के ''स्टूडेण्ट माड्यूल'' पर क्लिक करके संक्षिप्त विवरण भरते ही अपार आई0डी0 सृजित हो जायेगी।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गोण्डा द्वारा समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि **प्रत्येक विद्यालय में विशेष पी0टी0एम0 आयोजित कर 'अपार'** की आवश्यकता एवं उपयोगिता को अभिभावकों से साझा करते हुए, सहमति पत्र भरवा कर यथाशीघ्र यू–डायस पोर्टल के माध्यम से **'अपार' आई0डी0** बनवाना सुनिश्चित करें। विद्यालय के प्रबन्धक / प्रधानाध्यापक शत–प्रतिशत् बच्चों का डाटा यू–डायस पोर्टल पर अंकित कर लें ताकि कोई भी बच्चा **'अपार' आई0डी0** से वंचित न रह जाए।

यू–डायस से सम्बन्धित किसी भी समस्या / सुझाव के लिए अपने विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ब्लाक एम0आई0एस0 समन्वयक / कम्प्यूटर आपरेटर से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते हैं। यू–डायस पोर्टल पर विद्यालय पंजीृत नहीं होने पर विद्यालय की मान्यता प्रत्यारण नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। **सर्व साधारण को सुझाव दिया जाता है कि बिना यू-डायस कोड प्राप्त विद्यालयों में अपने पाल्यों का प्रवेश कदापि न करायें।**

**तथा**

**परिषदीय शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों के मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध ई-सेवा पुस्तिका में संशोधन/अपडेशन हेतु विकास खण्ड स्तर पर ई-करेक्शन आई0डी0 केवल दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 तक ही क्रियाशील है। शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मी समयान्तर्गत संशोधन / अपडेशन करायें।**

**(अमित कुमार सिंह)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**गोण्डा।**

**न्यूज ब्रीफ**

### हत्या के दो आरोपियों की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर थाना क्षेत्र के खुशामदपुर में हुई उमाशंकर दूबे की हत्या के प्रकरण में गिरफ्तार किए गए विवेक उर्फ पुल्ली व आशीष की जमानत अर्जी जिला जज सुनील कुमार ने खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया बीते 21 अक्टूबर को आरोपियों ने उमाशंकर दूबे की लाठी डंडे व बेल्ट से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पुत्र दिलीप दुबे ने गांव के विवेक उर्फ पुल्ली, आशीष व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

### आप कार्यकर्ताओं ने चलाया घर-घर संवाद

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोपालपुर, बड़ागांव और पदारथपुर अंचल में "वोट बचाओ-संविधान बचाओ" कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुरेश चन्द्र गौतम ने किया। इस दौरान जिला युवा अध्यक्ष रौनक सिंह, जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, तथा विधानसभा अध्यक्ष धर्मराज सिंह भी मौजूद रहे।

### छेड़खानी का उलाहना देने गई युवती को पीटा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में युवती को अकेली देख दो युवक उससे छेड़छाड़ करने लगे। किसी तरह भागकर युवती ने अपनी इज्जत बचाई। घटना के बाद युवती अपनी दादी के साथ आरोपित युवकों के घर शिकायत करने पहुंची, तो परिजनों ने उन्हें उल्टा पीट दिया। युवती की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

# आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

## कोडीन कफ सिरप कांड: 21 नवम्बर को औषधि निरीक्षक ने दर्ज कराया था मुकदमा



**विधि संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र में कोडीन कफ सिरप की अवैध खरीद, भंडारण व बिक्री के आरोप में फंसे केएनआई कस्बा निवासी सुनील पांडेय को राहत नहीं मिली है। अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगाने से भी साफ इंकार कर दिया।

मालूम हो कि 21 नवम्बर को औषधि निरीक्षक राजीव प्रसाद की तहरीर पर आरोपी सुनील पांडेय व श्वेता कुमारी के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया था।आरोप है कि मेसर्स हिन्दुस्तान मेडिकल एजेन्सी गोलाघाट की प्रोप्राइटर श्वेता कुमारी व सुनील पांडेय अवैध रूप से कोडीन कफ सीरप की बिक्री में संलिप्त है। अदालत के इस फैसले के बाद आरोपी की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

### राहुल मानहानि प्रकरण: 23 दिसंबर को होगी शेष जिरह, बचाव पक्ष के मौका लेने से सुनवाई टली

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेसी नेता व सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि के मुकदमे में शुक्रवार को निर्धारित सुनवाई व जिरह बचाव पक्ष के वकील के मौका लेने के कारण सुनवाई टल गई। परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने बताया गवाह हाजिर अदालत रहा पर बचाव पक्ष के मौका लेने से एमपी-एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने शेष जिरह के लिए अगली तारीख 23 दिसंबर नियत की है। मालूम हो कि कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी पर गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए मानहानि का मुकदमा दायर किया था। मामले में परिवादी की ओर से गवाह अनिल कुमार मिश्र की गवाही पहले ही पूरी कराई जा चुकी है। इसके बाद दूसरे गवाह के रूप में अहिरौली बजूपुर निवासी रामचन्द्र दूबे को पेश किया गया था, जिनकी जिरह अभी लंबित है। पहले की तारीख पर राहुल गांधी के अधिवक्ता द्वारा की गई जिरह पूरी नहीं हो सकी थी। अब शेष जिरह 23 दिसंबर को होगी, जिस पर न्यायालय में कार्यवाही आगे बढ़ेगी।

### फुजैल हत्याकांड में गवाही दर्ज

धम्मौर थाना क्षेत्र के शाहपुर सरकण्डेडीह में वर्ष 2024 में हुए फुजैल हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत में संपन्न हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष के गवाह मो. इस्लाम का बयान अदालत में दर्ज किया गया।गवाही के बाद आरोपी अरसद की ओर से अधिवक्ता संतोष पांडेय ने गवाह से विस्तारपूर्वक जिरह की, जिसे अदालत ने पूर्ण माना। गौरतलब है कि 08 जुलाई 2024 की रात गांव में पुराने विवाद को लेकर नय्यर उर्फ बंगाली, अरसद, मिनहाज तथा दो-तीन अज्ञात व्यक्तियों पर फुजैल की हत्या का आरोप है। घटना को अहमद खान तथा मो. इस्लाम ने देखने की बात कही थी।

### अधिवक्ता हत्याकांड में डॉक्टर की गवाही दर्ज

चर्चित अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत में डॉक्टर दिनेश से बचाव पक्ष ने जिरह की । अभियोजन पक्ष से वादी मोहम्मद सलीम के अधिवक्ता शेख नजर अहमद ने बताया शेष आरोपियों की तरफ से बचाव पक्ष के जिरह न करने पर कोर्ट ने जिरह का अवसर समाप्त कर सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद मृतक के पिता मो. सलीम की तहरीर पर सिराज अहमद समेत कई लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया है।

### आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक से इंकार, अग्रिम जमानत खारिज

- नौकरी दिलाने के नाम पर 7.85 लाख रुपये ठगने व फर्जी नियुक्ति पत्र देने का है आरोप

इनकम टैक्स का कर्मचारी बनकर सिपाही से उसके भाई को नौकरी दिलाने के नाम पर 7.85 लाख रुपये ठगने के मामले में आरोपी राकेश गौतम को कोर्ट ने राहत न देते हुए अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। आरोप है कि दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर बस्तीपुर पहाड़पुर गांव निवासी आरोपी ने कथित रूप से मुख्य आरक्षी अनूप तिवारी के भाई को इनकम टैक्स में इंस्पेक्टर पद पर नियुक्त कराने का झांसा देकर रकम वसूली थी और कूटरचित फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिया था। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत ने उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

### आदेश की अवहेलना पर तहसीलदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** परिवार न्यायालय सुलतानपुर में माहनूर व मोहम्मद फारूक के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद में बार-बार आदेश भेजे जाने के बावजूद आख्या प्रस्तुत न करने पर न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया। वर्ष 2001 से लंबित प्रकरण में तृतीय अपर प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय) शालिनी सागर ने तहसीलदार जयसिंहपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। अगली तिथि 17 दिसंबर निर्धारित है।

### झटका मशीन से बुजुर्ग की मौत, परिजनों का अंतिम संस्कार से इंकार

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बहमरपुर गांव में झटका मशीन के करंट की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम हाउस से घर लाकर अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया है। बहमरपुर निवासी हरिराम चौहान बृहस्पतिवार को गेहूं के खेत में पानी भर रहे थे। इसी दौरान खेत में लगी झटका मशीन के तार में अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम से गांव पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस-प्रशासन पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए धरना-सा माहौल बना दिया। परिवार की मांग है कि झटका मशीन लगाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए, तभी अंतिम संस्कार किया जाएगा। गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## इंटरलॉकिंग और जॉब कार्ड अनियमितता में तीन को नोटिस

- कादीपुर तहसील क्षेत्र के करपी ग्राम सभा का मामला

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक के करपी ग्राम सभा में विकास कार्यों में गड़बड़ी की बड़ी शिकायत सामने आई है। ग्राम सभा निवासी राममूर्ति द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि खड़ंजे से संतराम वर्मा के घर तक हुए इंटरलॉकिंग कार्य में बिना पीसीसी डाले ही भुगतान कर दिया गया। विभागीय जांच में यह तथ्य सही पाया गया कि उक्त कार्य में पीसीसी नहीं कराया गया, जबकि पीसीसी मद में 27,500 रुपये का भुगतान पहले ही कर लिया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव अनिल यादव, ग्राम प्रधान अबूशाद तथा तकनीकी सहायक प्रदीप श्रीवास्तव को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

इसी के साथ एक अन्य अनियमितता भी सामने आई है। करपी ग्राम सभा में इरफान अहमद पुत्र रशीद अहमद के नाम गलत तरीके से जॉब कार्ड निर्गत कर उन्हें मनरेगा में रोजगार प्रदान किया गया था। इस संबंध में भी खंड विकास अधिकारी ने ग्राम प्रधान अबूशाद एवं तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अनिल यादव को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया है कि वे 77-77 दिवस की मजदूरी राशि भारतीय स्टेट बैंक, शाखा लखनऊ के पक्ष में जमा करें तथा उसकी रसीद खंड विकास कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभागीय कार्रवाई के बाद ग्राम पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि ग्रामीण जांच को सही दिशा में लिया गया कदम बता रहे हैं।

## भाकियू की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

- पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज़गी 16 को धरने की दी चेतावनी

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर**



हनुमान मंदिर परिसर पर यूनियन की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष गौरीशंकर पांडेय।

**अमृत विचार:** हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को भाकियू राष्ट्रीयतावादी की बैठक जिलाध्यक्ष गौरी शंकर पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संगठन विस्तार पर चर्चा के साथ-साथ किसानों से जुड़े मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया।

बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष बाबा संदीप श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने नहर विभाग पर आरोप लगाया कि रवि की बुआई के समय पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के बजाय विभाग सफाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती कर रहा है। प्रदेश महासचिव राम कृपाल सिंह ने करौंदीकला थाने में पुलिस की कार्यवाही को पक्षपातपूर्ण बताते हुए थानाध्यक्ष पर मनमानी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संबंधित मामले में किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि 16 दिसंबर तक यदि न्यायसंगत कार्रवाई नहीं हुई, तो करौंदीकला थाने का घेराव किया जाएगा।

## बीआरसी पर दिव्यांगों को मिला सहायक उपकरण, खिले चेहरे

- बीएसए के निर्देश पर चिन्हित 99 बच्चों को बांटे गए उपकरण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा के समेकित शिक्षा की ओर से बीएसए उपेन्द्र गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को दूबेपुर बीआरसी पर आयोजित उपकरण वितरण कार्यक्रम में चिन्हित 99 दिव्यांग बच्चों को विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किया गया। कार्यक्रम में 108 उपकरणों में ट्राइसिकल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, रोलेटर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन, हियरिंग एड और एमआर टीएलएम किट दिया गया। उपकरण पाकर बच्चों और उनके अभिभावकों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रामतीर्थ वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, जिससे वे शिक्षा और दैनिक जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें। जिला समन्वयक श्याम सुंदर एवं शिक्षक संघ अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय, राजीव मिश्रा, रमेश तिवारी ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए नियमित शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया। डीसी श्याम सुंदर ने बताया कि पूर्व में चिन्हित दिव्यांग बच्चों में उपकरण वितरण किया गया है। कूरेभार में 13 दिसंबर और 15 को दोस्तपुर में चिन्हित बच्चों में उपकरण का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारु संचालन में स्पेशल एजुकेटर सुनील कुमार गुप्ता, अनूप कुमार दुबे, अंजली सिंह, अंजना तिवारी, सरयू प्रसाद पाठक, रेखा वर्मा, दिनेश वर्मा और कंचन दूबे शामिल रहे। यहां दिव्यांग बच्चे व उनके अभिभावक सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे।

## डीजे ने दिखाई प्रचार वाहन को झंडी

**संवाददाता, सुलतानपुर**



लोक अदालत जागरूकता के वाहन को हरी झंडी दिखाते जिला जज।

- राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**अमृत विचार:** शनिवार की सुबह 10 बजे आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। जन जागरूकता फैलाने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में चौपहिया वाहन तथा दो पहिया वाहनों की रैली सुदूरवर्ती क्षेत्र तक प्रचार के लिए रवाना की गई।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता तथा लोक अदालत के नोडल अधिकारी नीरज श्रीवास्तव समेत दर्जनों न्यायिक अफसर , बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, डिफेंस काउंसिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बाइक पर दर्जनों पैरालीगल वालेंटियर्स प्रचार का पंफ्लेट्स लगाकर प्रचार वाहन संग क्षेत्र में निकले और बताया कि 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होकर अपने मामलों/वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करवाएं।

### सऊदी गये युवक का शव घर पहुंचा, कोहराम

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** रोजी-रोटी की तलाश में सऊदी अरब गए हलियापुर क्षेत्र के एक युवक का शव बृहस्पतिवार देर रात गांव पहुंचा, जिसके बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान नरगेसवा मजरे हलियापुर निवासी लल्लन (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार लल्लन 17 सितंबर 2024 को अपने एक रिश्तेदार के साथ सऊदी अरब के दमाम शहर गया था, जहां वह मजदूरी करता था। 8 फरवरी 2025 को एक सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कोमा में चला गया। लंबे इलाज के बाद 17 नवंबर 2025 को उसकी मृत्यु हो गई। बृहस्पतिवार देर रात उसका शव लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से परिजन उसे गांव ले आए।

## भापम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

**संवाददाता, सुलतानपुर**



कार्यक्रम को संबोधित करते जिला संयोजक राकेश शर्मा। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय परिवहन महासंघ के नवमनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुणभान तिवारी के गृह जनपद आगमन पर शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। रोडवेज कर्मचारी संघ ने डीपीओ गेट पर उनका माल्यार्पण कर सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक राकेश शर्मा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद पार्क में अमर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद परिवहन निगम हाल में आयोजित सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचे पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नव दायित्व मिलने पर बधाई दी और अपेक्षा जताई कि वे परिवहन मजदूरों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाएंगे। जिला उपाध्यक्ष बी.सी. शुक्ला और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा ने कहा कि सुलतानपुर के मूल निवासी अरुणभान तिवारी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। समारोह में महिला पदाधिकारियों राष्ट्रीय मंत्री (आंगनबाड़ी संघ) रामावती और चिंतामणि ने नई श्रम संहिताओं में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं सहित महिला मजदूरों को शामिल कर न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई गई।

## आज मोरे आंगन में आओ नंदलाल...

- श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन नटखट बालकृष्ण की लीलाओं ने छुआ हृदय

**संवाददाता, सुलतानपुर**



भगवान कृष्ण के जन्म की प्रस्तुत की गई आकर्षक झांकी।

**अमृत विचार:** जयसिंहपुर तहसील के माधवपुर छतौना में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण जन्म और उनकी अद्भुत बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन हुआ। कथा के दौरान माहौल इतना भक्तिमय हुआ कि कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

कथा वाचक राष्ट्रीय युवा संत रामानुज श्री वैष्णवाचार्य स्वामी श्री राघवेन्द्राचार्य जी महाराज श्रीधाम अयोध्या ने बताया कि अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ। उसी क्षण कारागार में दिव्य चमत्कार हुए सैनिक निद्रा में चले गए, पहरे ढह गए और वासुदेव जी के बंधन स्वतः खुल गए। वासुदेव जी नवजात श्रीकृष्ण को लेकर सुरक्षित गोकुल पहुंचे। कथा में आगे चतुर्दशी को पूतना वध, बालकृष्ण की नटखट लीलाएं माखन चोरी की शरारतें, यशोदा मैया द्वारा रस्सी से बांधने का प्रसंग जिसमें हर बार रस्सी छोटी पड़ जाती है, मिट्टी खाने पर कान्हा के मासूम उत्तर और उनके मुख में ब्रह्मांड दर्शन ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। यमुना जी से गेंद निकालने की लीला ने भी श्रोताओं को आनंद से भर दिया। "लहरों में भर लूंगी कन्हैया" और "आज मोरे आंगन में आओ नंदलाल" जैसे भावपूर्ण भजनों से पंडाल कृष्णमय हो उठा। इस अवसर पर मुख्य यजमान रीता शर्मा, बृजभान शर्मा, नीलेश शर्मा, विवेक शर्मा, आशुतोष शर्मा, संतोष शर्मा, मुकेश शर्मा, नीलेश शर्मा, अर्थ, अंकुर सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

**निरीक्षण** टीम के अधिकारियों ने कहा कि गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं मानेंगे

## सीएम कंपोजिट मॉडल विद्यालय का लखनऊ की टीम ने लिया जायजा

**बल्दीराय, सुलतानपुर**



निरीक्षण के दौरान निर्माण की जानकारी लेते अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** बल्दीराय तहसील के हलियापुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल विद्यालय के कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए शुक्रवार को लखनऊ प्लानिंग विभाग की टीम ने स्थल का सघन निरीक्षण किया। लगभग 23 करोड़ 60 लाख रुपये की अनुमानित लागत से बन रहे इस आधुनिक विद्यालय परिसर के प्रत्येक खंड का अधिकारी रवि शंकर ने बारीकी से परखा।

निरीक्षण के दौरान टीम ने ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू और सरिया सहित प्रमुख निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र किए, जिन्हें गुणवत्ता जांच हेतु लैब भेजा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य मानकों पर किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा परियोजना निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कराई जाए। बीईओ बल्दीराय श्याम बिहारी, डीसी निर्माण हरि शंकर, रमेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। रवि शंकर ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक व उच्च-स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण प्रयास है, इसलिए निर्माण के हर चरण पर विशेष सतर्कता आवश्यक है।

### बीएसए से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल लंभुआ अध्यक्ष रणवीर सिंह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से संबंधित आठ सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक के दौरान बीएसए ने बाल्यकाल देखभाल अवकाश के संदर्भ में बताया कि परीक्षा संपन्न होने के बाद अवकाश की स्वीकृति पुनः सुचारू रूप से जारी की जाएगी। वहीं, रविवार को विद्यालय बंद रखने के मुद्दे पर एसआईआर की कार्यप्रणाली को देखते हुए सहमति जताई गई। सीटेट के लिए आवश्यक अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) जारी करने की मांग पर बीएसए ने बताया कि संबंधित पत्र आज ही निर्गत कर दिया जाएगा। प्रोन्नत वेतनमान के संबंध में बीएसए ने कहा कि जनवरी में एसआईआर कार्य पूर्ण होने के उपरांत प्रत्येक बीआरसी में खंड शिक्षा अधिकारियों एवं शिक्षकों की सहायता से यह कार्य प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। इसी प्रकार एफएलएन भुगतान को लेकर कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर द्वारा पूछे जाने पर पटल सहायक की ओर से अवगत कराया गया कि कूरेभार और कुड़वार की सूची त्रुटिपूर्ण है, जिसे संशोधित कर शीघ्र भुगतान हेतु बीएसए ने निर्देश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल में कूरेभार मंत्री वैभव भटनागर, मनोज मौर्य, रामकेश, धीरज मिश्रा, रविकांत वर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2009 का अंकपत्र अनुक्रमांक 0145862 व इण्टरमीडियट वर्ष 2013 का अंकपत्र अनुक्रमांक 0125474 वास्तव मे कही खो गए है। **सौरभ कुमार पुत्र नेम सिंह, निवासी- नगला मोती पोस्ट राहिन इटावा**

**सूचना**

मैं **देवशरण शर्मा पुत्र रामऔतार निवासी महाराजपुर पोस्ट तातियागंज, मंधना कानपुर नगर।** मेरे दो नाम है देवशरण शर्मा व देवशरण। उपरोक्त दोनो ही नाम मेरे अर्थात एक व्यक्ति के हैं। जिसे कि सही व सत्य माना जाये।

**सूचना**

मैं, **महताब जाफरी (नया नाम) पूर्व नाम व पता कल्पना निगम पुत्री श्री नवल किशोर निवासिनी मोहम्मडन टोला, मलिहाबाद, लखनऊ,** उत्तर प्रदेश सन् 2007 से अपने नये नाम महताब जाफरी के नाम से जानी जा रही हूँ तथा भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

मैं **आशीष कुमार पुत्र बेचालाल निवासी ग्राम भवानी खेडा मजरा मऊ परगना व तहसील मोहनलाल गंज जिला लखनऊ,** मेरा पुत्र धनराज कक्षा 5 का छात्र है पुत्र का नाम विद्यालय में त्रुटिवश ध्रुव व जन्मतिथि 18/08/2016 अंकित हो गया है जो गलत है जब कि मेरे पुत्र का नाम व जन्मतिथि आधार कार्ड में धनराज व जन्मतिथि 19/08/2016 अंकित है जो सही व सत्य है। अतः विद्यालय में त्रुटिवश अंकित गलत नाम ध्रुव व जन्मतिथि 18/08/2016 के स्थान पर सही नाम धनराज व जन्मतिथि 19/08/2016 अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैने अपना नाम ASHUTOSH SINGH YADAV से बदलकर ASHUTOSH SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/0-RAM NAVAL YADAV ADD-5/118 VIRAM KHAND GOMTINAGAR DIST-LUCKNOW-226010 (U.P)

**सूचना**

मेरा नाम स्कूल सर्टिफिकेट में कृपा धर द्विवेदी है। मैंने अपना नाम आधार कार्ड में स्वामी रख लिया है उम्र 35 वर्ष है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाए।- **स्वामी पुत्र जगदीश प्रसाद ग्राम दांदव पोस्ट महाराज गंज तराई तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर पिन कोड 271205**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र माशूक के गलत चाल- चलन व कुकृत्यों से तंग आकर उससे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा किये गए किसी भी गलत कृत्य व लेन-देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से उसका कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा । **याकूब पुत्र नन्हा एवं श्री मती सरवरी पत्नी याकूब निवासी ग्राम सदर नगर पोस्ट बेरुवा थाना कछौना तहसील संडीला ज़िला हरदोई**

**सूचना**

मेरे पुत्र मो0 सुलतान का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं.-KANPU2016-200259, दिनांक 12.04.2016 व दूसरे पुत्र रिहान जिसके जन्म प्रमाण पत्र की पंजीकरण संख्या KANPU2013-086086 दिनांक - 13.03. 2013 है में मेरा नाम त्रुटिवश नजमा(NAZMA) अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम रजमा (RAJMA) है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **रजमा पत्नी निजामुद्दीन, 117/269 क्यू, शारदा नगर, नवीन नगर, कानपुर।**

**सूचना**

मैं **महेन्द्रपाल पुत्र नत्थूलाल उर्फ रामनाथ निवासी-ग्राम बरनई चतरखा परगना साण्डी वि0खण्ड साण्डी पोस्ट बरनई चतरखा थाना हरपालपुर तहसील सवायजपुर जनपद हरदोई ।** मेरा नाम महेन्द्रपाल तथा पिता के दो नाम नत्थूलाल उर्फ रामनाथ के नाम से जाना के पहचाना जाता है उक्त नाम से केवल मैं एक ही व्यक्ति हूँ । मैं पिछड़ी जाति के उपजाति गडरिया का हूँ। अन्य कोई व्यक्ति नहीं है ।

**सूचना**

मैं **कृष्णावती उर्फ कृष्णादेवी उर्फ सुधा, पत्नी कृष्णा पाल उर्फ किशन पाल निवासी ग्राम बरनई चतरखा वि0ख0- साण्डी परगना साण्डी पोस्ट आफिस बरनई चतरखा तहसील- सवायजपुर जनपद हरदोई ।** मेरे तीन के तीनों नाम कृष्णावती उर्फ कृष्णादेवी उर्फ सुधा पत्नी कृष्णपाल उर्फ किशनपाल के नाम जाना व पहचाना जाता है और एक ही महिला के नाम है। मै अन्य पिछड़ा वर्ग की गड़रिया उपजाति की हूँ।

**सूचना**

मैं **कृष्ण कान्त मालवीय सुत स्व0 शिवबहादुर मालवीय, निवासी-118 ठठेरी बाजार जनपद-सुलतानपुर,** मैने वर्ष 1982 में परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल परीक्षा में संस्थागत सम्मिलित वर्ग-ए जो कि मधूसूदन इण्टर कालेज सुलतानपुर उ0प्र0 द्वारा उत्तीर्ण किया है। मेरा हाईस्कूल में अनुक्रमांक- SA315744 है। का हाईस्कूल का अंकपत्र/सर्टिफिकेट कहीं गिर गया काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिल रहा है।

**सूचना**

मैं **लीलावती उर्फ मीना उर्फ सावित्री पत्नी महेन्द्रपाल, निवासी-ग्राम बरनई चतरखा परगना साण्डी वि0खण्ड साण्डी पोस्ट बरनई चतरखा थाना हरपालपुर तहसील सवायजपुर जनपद हरदोई ।** मेरे तीन नाम लीलावती उर्फ मीना उर्फ सावित्री पत्नी महेन्द्रपाल के नाम से जाना पहचाना जाता है इस नाम का अन्य कोई व्यक्ति नहीं है उक्त नाम से केवल मैं एक ही महिला हूँ । मैं पिछड़ी जाति के उपजाति गडरिया की हूँ।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **गुड़िया पत्नी जमीर निवासी ग्राम गम्भीरवा बाजार पोस्ट रायपुर रिसिया त0 व जिला बहराइच** की मूल निवासिनी हूँ। मैंने अपना नया नाम सरकारी व अर्द्ध सरकारी अभिलेखों में गुड़िया पत्नी जमीर करा लिया है। मैंने एक पॉलसी नम्बर 236668441 भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बहराइच से ली थी जिसमें मेरा नाम रुखसाना बेगम पत्नी जमीर खान लिखा है। अब मुझे मेरे नये नाम गुड़िया पत्नी जमीर के नाम से जाना व पहचाना जाये। दोनों नाम गुड़िया व रुखसाना बेगम मेरे ही हैं। इस नाम की कोई अन्य महिला नही है। किसी भी वाद विवाद के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मो. उमर खां पुत्र इसहाक निवासी ग्राम सभा नेवाजपुर तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** का निवासी हूं। मेरा नाम आधार कार्ड बैंक पास बुक खतौनी सहित अन्य अभिलेख में पुकारू नाम गोली पुत्र इसहाक दर्ज है। जबकि सही नाम मो. उमर खां पुत्र इसहाक है। आज से मुझे मो. उमर खां के नाम से जाना पहचाना जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### ठीक हुई खराबी, शुरू हुआ मरीजों का एक्सरे

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में कई दिनों से बंद एक्स-रे मशीन की तकनीकी कमी को दूर किया गया है। बृहस्पतिवार से मरीजों को इसका लाभ मिल रहा है। मरीजों ने बताया कि पहले बाहर से तीन सौ रुपये देकर जांच करानी पड़ती थी। सीएचसी अधीक्षक इंदू राणा ने बताया कि मशीन में खराबी के चलते जांच बंद थी जिसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी थी। मशीन सही हो गई है बृहस्पतिवार को कुल छह मरीज का एक्स-रे किया गया है।

### 14 ने कराई नसबंदी

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** वृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। नशबंदी कैंप कुल चौदह महिलाओं का नशबंदी किया गया ।जिला मुख्यालय से आए चिकित्सक डा .अशोक ने 14 महिलाओं की नसबंदी किया और उनको परिवार नियोजन की जानकारी दी ।सीएचसी अधीक्षक डा . इंदूराणा ने बताया कि सभी को स्वास्थ्य की नियमित जांच करते हुए सलाह दी गई।

### पंजीकरण कैंप लगाया

**रुपईडीह, अमृत विचार :** विद्युत केंद्र आर्यनगर के तत्वावधान में अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में गठित टीम ने एक मुक्त समाधान योजना के तहत ठड़वरिया में पंजीकरण कैंप लगाया गया। अवर अभियंता ने बताया कि इस शिविर में टीम द्वारा 12 उपभोक्ताओं का पंजीकरण तथा 70 हजार रुपए का बकाया वसूल कराया गया तथा उन्होंने बताया कि बकाया न अदा करने के कारण 40 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। टीम में जितेंद्र मिश्र, विवेक तिवारी, सूर्यनारायण दूबे, व रामचंद्र शामिल रहे।

# 13 करोड़ 21 लाख की कार्ययोजना स्वीकृत

## क्षेत्र पंचायत की बैठकः मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर चर्चा

संवाददाता तरबगंज, गोंडा



क्षेत्र पंचायत की बैठक में शामिल अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख व क्षेत्र पंचायत सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** स्थानीय ब्लाक परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में 13 करोड़ 21 लाख की कार्य योजना स्वीकृत की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख मनोज पाण्डेय ने की। इसमें ब्लाक क्षेत्र के सभी गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। बैठक के मुख्य एजेंडे में मनरेगा पंचम राज्य वित्त पंद्रहवा वित्त आयोग के कार्य योजना पर विचार हुआ। वृद्धा निराश्रित महिला दिव्यांग पेंशन पर विचार किया। मुख्यमंत्री कन्या सुमगंला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना व विवाह के लिए अनुदान योजना पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीवका मिशन, निःशुल्क बोरिंग योजना पर सभी ने चर्चा की। प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष लालजी सिंह ने जमीन विवाद का मामला उठाते हुए कहा गांव के कुछ गरीब तबके के लोग हैं जो सरकारी जमीन पर छप्पर रखकर अपना गुजारा कर हैं। लेकिन गांव के लोग परेशान करते रहते हैं। उनको उस जमीन का मालिक बना दिया जाय तो विवाद समाप्त हो जायेगा। एसडीएम हर महीने प्रधान संग बैठक कर जमीन संबंधी विवाद की जानकारी कर निस्तारण पर जोर दें तो गांव में जमीनी विवाद कम हो जायेगा। बैठक में उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह, सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह, बीडीओ रवि कुमार गुप्ता, प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष आरडी तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष लालजी सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अजय कुमार पाण्डेय सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# आज मनाया जाएगा श्री बाबा गंगाराम का अमृत महोत्सव

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** झुंझुनू वाले विष्णु अवतारी श्री बाबा गंगाराम जी का अमृत महोत्सव 13 दिसंबर को रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन श्री बाबा गंगाराम सेवा समिति गोंडा द्वारा किया जाएगा। आयोजक शैलेश सिंघानिया ने बताया कि 13 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे विशाल निशान शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो श्री श्याम मंदिर से निकलकर साहिबगंज, नूरामल मंदिर, बड़गांव पुलिस चौकी होते हुए वापस श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला पर समाप्त होगी। सांयकाल 5:00 बजे भजन संध्या और नृत्य नाटिका का भी आयोजन किया गया है जिसमें भास्कर दा एंड पार्टी कोलकाता द्वारा मशहूर नृत्य नाटिका भजनों की रसधार पर प्रवाहित करेंगे। भजनों की अमृत वर्षा में गोरखपुर की भजन गायिका शिप्रा सलोनी, नानपारा से भजन गायक कुमार शानू और कोलकाता के भजन गायक नवीन जोशी भजनों की हाजिरी लगाएंगे। तैयारी को लेकर हुई बैठक में शैलेश सिंघानिया, ज्ञान प्रकाश सिंघानिया, सुरेश अग्रवाल, गोविंद जालूका, सुशील पचेरिया, सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल, आशुतोष सिंघल, अमित सिंघानिया आदि मौजूद रहे।



बच्चों को उपकरण देते जिला समन्वयक और बीईओ। अमृत विचार

### 187 बच्चों को बांटे गए सहायक उपकरण

**रुपईडीह, गोंडा :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में समेकित शिक्षा योजना के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र रुपईडीह पर दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर आयोजित हुआ। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह व समेकित शिक्षा के जिला समन्वयक राजेश सिंह ने 187 बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार 276 प्रकार के उपकरण वितरित किये। विशेष शिक्षक सुनीत मिश्र ने बताया कि कानपुर की कृत्रिम अंग निर्माण निगम कंपनी द्वारा ट्राई-साइकिल, व्हील चेयर, ब्रेल किट, कैलीपर, बैसाखी, स्मार्ट क्रेन आदि प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराये गये थे। संचालन शिक्षक राजदार अहमद व आशुतोष गिरी ने किया। संजय पांडेय, विनय, कुलदीप चाहक, अंकित तिवारी, प्रभाकर तिवारी, गिरीश वर्मा, सुशील कुमार तिवारी, चंद्रसेन पाठक, हरीश कुमार मिश्र, रामजियावन, रवि सिंह आदि रहे।

## अवर अभियंता ने मारपीट और अपशब्द कहने पर दर्ज कराई एफआईआर

**बेलसर, गोंडाः** अवर अभियंता आमोद कुमार ने थाना तरबगंज में विशुनपुर निवासी अमरनाथ पर मारपीट करने एवं जातिसूचक शब्द कहे जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज किए गए प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार को विशुनपुर में विद्युत कैप लगाकर बिजली बिल जमा कराया जा रहा था। साथ टीम में श्यामजी, वसंत दुबे, परवीन पांडेय, विवेक गुप्ता कैप में मौजूद थे। इसी बीच कांबिंग करते हुए अमरनाथ के घर पहुंचा उनके घर पर मीटर नहीं लगा था। मांगे जाने पर उन्होंने बिजली कनेक्शन का पेपर नहीं दिखाया। जिसके कारण केबल काटने के लिए कहा। इस बात से अमरनाथ नाराज होकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल तरबगंज कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

# रात से सुबह 9 बजे तक विजिबिलिटी शून्य

**ठंड और कोहरे का कहर**

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचारः** लगातार पांच दिनों से गिर रहे कोहरे ने ठंड बढ़ा दी है। घना कोहरा लोगों की दिनचर्या पर भारी पड़ रहा है। गोंडा में देर रात से ही घना कोहरा छा जाता है और सुबह 9 बजे तक विजिबिलिटी शून्य के बराबर बनी रहती है। इससे सड़कें धुंध में गायब नजर आती हैं और यातायात बेहद प्रभावित हो रहा है।

पिछली रात 1 बजे तक तापमान जहां 13 डिग्री था, वहीं शुक्रवार सुबह 7 बजे तक गिरकर 11 डिग्री पर पहुंच गया। महज छह घंटों में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शीतलहर के असर से लोग पूरी तरह सिहर उठे हैं। उधर, शहर की हवा की गुणवत्ता भी खराब स्तर पर बनी हुई है, जिससे सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं। कोहरे का सबसे ज्यादा प्रभाव सुबह स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। विजिबिलिटी बेहद कम होने के कारण स्कूली वैन और बस चालक लाइटों के सहारे धीरे-धीरे बच्चों को विद्यालय पहुंचाने को मजबूर हैं। रोडवेज बस चालकों को भी हेडलाइट और फॉग लाइट पर निर्भर रहकर ही यात्रा संचालित करनी पड़ रही है। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिलती है और दिन सामान्य होने लगता है, लेकिन यह राहत ज्यादा देर नहीं टिकती। शाम पांच बजते ही दोबारा घना कोहरा छाने लगता है, जिससे फिर से विजिबिलिटी तेजी से गिर जाती है और सड़कें खतरनाक हो जाती हैं। हादसों को रोकने के लिए डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम रिफ्लेक्टर अभियान चला रही है। चीनी मिलों पर जा रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाए जा रहे हैं और नियम न मानने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इस बीच, ठंड और कोहरे के कारण मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या भी कम हो गई है।


गोंडा-उतरौला मार्ग पर घने कोहरे के बीच हेड लाइट जलाकर गुजरता वाहन। अमृत विचार

# शिक्षक नेता को गैंगस्टर बनाने पर आमादा है उमरी बेगमगंज पुलिस

## झूठे केस में फंसे शिक्षक नेता को हाईकोर्ट से मिल चुका है स्टे


जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को मांग पत्र देते शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा में शिक्षकों के हक की लड़ाई लड़ने वाले एक युवा शिक्षक को जिले की पुलिस गैंगस्टर बनाने पर आमादा हो गयी है। राजनीतिक दबाव में पुलिस इस कदर मनमानी कर रही है कि उसे हाईकोर्ट के आदेश का भी डर नहीं रह गया है। उमरी बेगमगंज थाने में दर्ज कराए गए झूठे मुकदमे में हाईकोर्ट से स्टे मिलने के बाद अब पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी है। गैंगस्टर की पत्रावली डीएम को भेज दी गयी है। इसकी जानकारी मिलने पर शुक्रवार को शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने डीएम को प्रतिनिधि को मांगपत्र सौंप कर इस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसो. के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह के मुताबिक उन्होने अप्रैल में एक जमीन का बैनामा लिया था। इसके लिए उन्होंने बैनामा कर्ता को पूरा भुगतान भी किया था। यही जमीन के टुकड़े के कारण वह राजनीतिक लोगों के आंख की किरकिरी बन गए। पहले उन पर जमीन बेचने का दबाव बनाया गया। जब वह नहीं माने तो उनके घर पर पुलिस ने दबिश देकर दबाव बनाने की कोशिश की। सीओ तरबगंज के निर्देश पर 9 अप्रैल को उमरी बेगमगंज को एसओ उनके घर में घुसकर सीसीटीवी कैमरे की दो हार्ड डिस्क उठा ले गए। उन्हें थाने में बंद रखा गया लेकिन जब वह नहीं झुके तो उनके खिलाफ 16 अप्रैल को अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जिस दिन की घटना दिखाई गयी उस दिन उनका भतीजा व भाई अन्य जनपद में थे लेकिन पुलिस ने उनका पक्ष सुने बिना चार्जशीट दाखिल कर दी। इस पर उन्होने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की तो हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कार्रवाई पर रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई आगामी फरवरी में होनी है लेकिन पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश को दरकिनार करते हुए अनूप के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी। इसकी जानकारी होने पर शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी को संबोधित मांग पत्र उनके प्रतिनिधि को सौंपा और पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। मांग पत्र देने वालों में संघर्ष समिति के संयोजक सतीश पांडेय, सह संयोजक गौरव पांडेय, अटेवा जिलाध्यक्ष अमर यादव, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष आजाद बेग, मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश मिश्र व शिवकुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने खारिज की बीएसए की निलंबन रद करने की याचिका

- **सरकार को दो सप्ताह में आरोप पत्र देने तथा चार महीने में जांच पूरी करने का आदेश**

**गोंडा, अमृत विचारः** जिले के निलंबित बीएसए अतुल कुमार तिवारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली है। जस्टिस मनीष माथुर की खंडपीठ ने उनकी बहाली व निलंबन रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है और राज्य सरकार व जांच कमेटी दो सप्ताह में बीएसए अतुल कुमार तिवारी को आरोप पत्र देने तथा उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए कम से कम 15 दिन का समय देने का आदेश दिया है।

हालांकि, कोर्ट ने राज्य सरकार से सवाल करते हुए कहा कि निलंबित बीएसए अतुल कुमार तिवारी को अभी तक आरोप पत्र क्यों नहीं दिया गया। फर्नीचर सप्लाई मामले में निलंबित किए गए बीएसए अतुल तिवारी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में दलील दी थी कि वह वास्तव में फर्नीचर खरीद के उद्देश्य से गठित समिति के सदस्य थे। वह निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल एकमात्र व्यक्ति नहीं थे। उनके अधिवक्ता ने यह भी कहा कि कार्रवाई के प्रत्येक चरण में संबंधित जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति ली गई थी। इसलिए यह कहना गलत है कि अतुल तिवारी व्यक्तिगत रूप से कार्य कर रहे थे। अधिवक्ता ने तर्क दिया कि अतुल तिवारी पर लगाया गया एकमात्र आरोप लापरवाही का है, जो सेवा नियमों के तहत कदाचार नहीं है। अधिवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि नीमन सीटिंग सॉल्यूशन प्रा.लि. ने पहले जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया था और फिर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की सिफारिश की गई थी। उनके द्वारा की गई शिकायत के आधार पर अतुल तिवारी के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई वास्तव में दुर्भावनापूर्ण है। हालांकि, सरकार के अधिवक्ता ने अतुल तिवारी के अधिवक्ता की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि कमेटी ने जो भी निर्णय लिया है। वह दस्तावेज उनके द्वारा ही उपलब्ध करवाए गए थे। इसी आधार पर कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया था। जस्टिस मनीष माथुर ने कहा कि अभी इस स्तर पर तथ्यों की सच्चाई पर पहुंचना अदालत का काम नहीं। लेकिन बिना चार्जशीट दिए महीनों निलंबन लटकाए रखना विभागीय प्रक्रिया का मज़ाक है। कोर्ट ने सरकार को दो सप्ताह में बीएसए को चार्जशीट देने और कम से कम 15 दिन जवाब के लिए देने का आदेश दिया। साथ ही जांच अधिकारी को चार महीने में जांच पूरी करने का आदेश दिया है।

**फर्नीचर घोटाले का ठीकरा अकेले बीएसए पर मढ़ने पर हाईकोर्ट सख्तः** फर्नीचर खरीद मामले में अकेले बीएसए को बलि का बकरा बनाए जाने पर हाईकोर्ट ने हैरानी जताई है। निलंबन की कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को घेरा है। अदालत ने संकेत दिया कि अधिकारी को लक्ष्य बनाकर पूरे खेल का ठीकरा अकेले के सिर फोड़ना संदिग्ध लगता है। कोर्ट ने विभाग को याद दिलाया कि निलंबन कोई दंड नहीं, बल्कि सिर्फ एक अस्थायी प्रशासनिक कदम है, जिसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

**डीसी (जेम) ने वापस ली याचिका:** जिला समन्वयक प्रेम शंकर मिश्र ने शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस ले लिया जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ नगर कोतवाली में दर्ज करायी गयी एफआईआर को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं न्यायमूर्ति अचल सचदेव की खंडपीठ ने कहा कि मामले की प्रकृति को देखते हुए यह याचिका इलाहाबाद में विचारणीय नहीं है। अदालत ने कहा कि एफआईआर गोंडा में दर्ज हुई है, जबकि बीएनएसएस की धारा 173(4) के तहत पारित आदेश गोरखपुर न्यायालय ने दिया था और वह आदेश इस याचिका में चुनौती के दायरे में नहीं है। ऐसे में यह रिट याचिका यहां सुनवाई योग्य नहीं मानी जा सकती। याची के अधिवक्ता गिरिजेश तिवारी ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। अदालत ने याचिका को वापसी के कारण खारिज कर दिया।

# एसडीएम की पहलः 12 साल से न्याय को भटक रही महिला को मिला इंसाफ

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बारह वर्षो से न्यायालयों के चक्कर काट रही महिला को आखिरकार न्याय मिल गया है। करनैलगंज की एसडीएम नेहा मिश्रा द्वारा न्यायिक आदेश का पालन कराते हुए ग्राम रुदौलिया की पीड़ित महिला सैतुन को उसकी जमीन वापस दिला दी गई। इस कार्य की क्षेत्र में एसडीएम की सराहना की जा रही है।

सैतुन का परिवार मिट्टी-फूस के कच्चे घर में रह रहा था और जमीन विवाद के चलते वर्षों से परेशान था। करीब चार माह पहले न्यायिक एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर नेहा मिश्रा ने मामले की गहराई से सुनवाई की और गुण दोष के आधार पर फैसला सैतुन के पक्ष में दिया. बाद में प्रशासनिक एसडीएम के रूप में उन्होंने तहसीलदार और पुलिस टीम गठित कर न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराया। मौके पर पैमाइश कराकर महिला को उसकी जमीन दिलाई गई। अब उसी जमीन पर उसका पक्का आवास निर्माण शुरू हो चुका है। पीड़ित महिला सैतुन ने बताया कि वह 12 साल से फैसले का इंतजार कर-करके थक चुकी थी। व्यक्तिगत रूप से मिलने पर एसडीएम ने उसकी पीड़ा सुनी और त्वरित न्याय दिलाकर उसका घर बनवाने में मदद की। अब ग्राम प्रधान से लेकर ग्रामीण भी उसके मकान निर्माण में सहयोग कर रहे हैं। उधर एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि महिला की पीड़ा देखकर उन्होंने संपूर्ण प्रकरण का अध्ययन किया था। गुणदोष के आधार पर निर्णय लेकर टीम भेजकर उसकी जमीन सुरक्षित कराई गई। हर पीड़ित को न्याय दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

### रोजगार सेवकों ने लगाया वसूली का आरोप


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते रोजगार सेवक। अमृत विचार

**रुपईडीह, गोंडा :** समस्याओं को लेकर उप्र ग्राम रोजगार सेवक संघ की शाखा ब्लॉक रुपईडीह के अध्यक्ष सुखदेव तिवारी की अगुवाई में रोजगार सेवकों ने ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। अवगत कराया कि सभी रोजगार सेवक पंचायत के जुड़े कार्यों को ईमानदारी से करते हैं। इसके बावजूद ब्लॉक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है। भुगतान करने व आईडी जनरेट करने के नाम पर रुपयों की मांग की जाती है। इस मौके पर ब्लॉक महामंत्री रविन्द्र कश्यप, अनिल कुमार तिवारी,राघवेंद्र राव, विश्वनाथ शुक्ल, विनय कुमार शुक्ल, अंकित हंस, दुर्गेश शुक्ल, विशाल शुक्ल, जीवनलाल मौर्य, अमृतलाल, जितेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### 15 दिन बाद भी नहीं बहाल हुई विद्युत व्यवस्था


करनैलगंज पावर हाउस पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा :** ग्राम पंचायत फतेहपुर कोटहना के पंडित पुरवा गांव में 15 दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। शनिवार को दर्जनों ग्रामीणों ने पावर हाउस पर नारेबाजी की और अधिकारियों को ज्ञापन सौंप आपूर्ति बहाली की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि दो सप्ताह पूर्व गांव के कई बिजली पोल टूट गए थे जिसके बाद से अंधेरा पसरा है। ग्रामीणों ने लाइनमैन संदीप पाठक से शिकायत की लेकिन आरोप है कि उसने मरम्मत नहीं कराई। ग्रामीण रुद्र प्रताप ने बताया गांव अंधेरे में हैं लेकिन कर्मचारी गंभीर नहीं। पाटनदीन, रोहित, शिवकुमार, सोहन, माता प्रसाद सहित कई ग्रामीण ज्ञापन देने पहुंचे। इस संबंध में एसडीओ आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि तार टूटा हुआ है जिसे ठीक कर जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**बेलसर, गोंडा :** श्री शीतला प्रसाद सिंह कन्या इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रेम नारायण पांडेय एवं सदस्य विधान परिषद गोंडा बलरामपुर अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि डीआईओएस डॉ. रामचंद्र, क्षेत्र पंचायत बेलसर के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विद्यालय के पदेन अध्यक्ष एसडीएम तरबगंज विश्वामित्र सिंह रहे। मुख्य अतिथि द्वय एवं अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने पूर्व विधायक शीतला प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य ने विद्यालय की लब्ध प्राप्त पूर्व छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना विद्यालय की छात्रा संध्या और श्रद्धा ने प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने बेरोजगारी, अशिक्षा, घरेलू हिंसा और महिला उत्पीड़न जैसे सामाजिक मुद्दों पर आधारित नाटकों का मंचन किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य भी प्रस्तुत किए। इस बीच कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। स्काउट और गाइड तथा एनसीसी कैडेट्स ने अतिथियों के सम्मान में मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक एम एच अंसारी ने किया। वार्षिकोत्सव में पूर्व प्रधानाचार्य देवकली प्रसाद पांडेय रामनाथ पांडेय, देवी प्रसाद सिंह चंद्र प्रताप सिंह, हरिश्चंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सहदेव सिंह, कृष्ण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।


स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# दबंगों ने घर में घुसकर बरपाया कहर

**नवाबगंज, गोंडाः** सिरसा के सुविधान पुरवा गांव में रंजिश ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। आरोप है गांव के दबंगों के एक समूह ने एक घर में धावा बोलकर परिवार पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि हमलावरों ने दरवाजे पर खड़ी गाड़ी को भी नुकसान पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद समेत तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

सुविधान पुरवा निवासी बाबूराम ने बताया कि रात करीब 8:30 बजे वे मेहनत-मजदूरी कर घर लौटे ही थे कि तभी गांव के गुड्डू उर्फ विशाल, सूरज, अनिल, पप्पू, गुड्डू की पत्नी तथा दो-तीन अज्ञात लोग एक राय होकर घर में जबरन घुस आए। भीतर आते ही आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर लाठी-डंडों और रॉड से ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। बाबूराम के सिर पर गंभीर चोटें आईं और हाथ टूट गया। वारदात की बर्बरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर बचाव में आई उनकी बेटी रूपा और छोटे भाई की पत्नी शोभा देवी को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। दोनों को बेरहमी से पीटा गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोपियों ने जाते-जाते घर के बाहर खड़ी गाड़ी में भी तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वास चतुर्वेदी ने बताया कि बाबूराम की तहरीर के आधार पर गुड्डू उर्फ विशाल, सूरज, अनिल, पप्पू, गुड्डू की पत्नी व तीन अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

**न्यूज ब्रीफ**

### जिलाधिकारी ने रात्रि में रैन बसेरा का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**गोंडा, अमृत विचार :** शीतलहर से आमजन को राहत पहुँचाने के लिए डीएम प्रियंका निरंजन ने गुरुवार की रात विभिन्न चौक चौराहों व रैन बसेरा का निरीक्षण किया और आम लोगों को ठंड से बचाने के क्या उपाय किए गए उसका जायजा लिया। डीएम को शहर में अधिकांश जगहों पर अलाव जलते नहीं मिले। रैन बसेरा में तो व्यवस्था ठीक मिली। जिलाधिकारी ने बस स्टैंड, जिला अस्पताल, गुरु नानक चौराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर स्थित रैनबसेरों एवं अलाव स्थलों का निरीक्षण किया व ठंड से बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का शव

**तुलसीपुर, बलरामपुर :** तुलसीपुर थाना क्षेत्र के देवीपाटन में रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में शुक्रवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान देवीपाटन निवासी 45 वर्षीय विजय गुप्ता उर्फ ननकन के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार विजय तीन दिन पहले राजस्थान में मजदूरी करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद से वह लापता था। शव मिलने की सूचना पर पहुंचे मृतक के बड़े भाई सोहन गुप्ता ने आशंका जताई कि विजय की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई होगी। उन्होंने बताया कि भाई घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा था और उसकी खोजबीन भी चल रही थी। थाना तुलसीपुर के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मरीजों को मिले अच्छा इलाज : डीएम

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की



पीएचसी जोकहिया में स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण करते डीएम। अमृत विचार

**दिए निर्देश**

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने विकास खंड बलरामपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोकहिया का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सा व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने वार्ड, ओपीडी, टीकाकरण कक्ष, कोल्ड चेन रूम और दवा वितरण कक्ष का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, उपकरणों की उपलब्धता, मरीजों की संख्या तथा उपचार प्रक्रिया की स्थिति का परीक्षण किया। उन्होंने दवा स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और किसी भी मरीज को दवा वितरण में कमी न आने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि टीकों का भंडारण निर्धारित तापमान पर ही सुनिश्चित किया जाए तथा सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित एवं अद्यतन रखे जाएं। डीएम ने मरीजों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएँ सुनीं और आश्वस्त किया कि उपचार में किसी भी प्रकार की देरी अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चिकित्सा कार्मिकों को निर्देशित किया कि आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और सुचारू चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**आशा बहुओं के साथ की बैठक:** निरीक्षण के उपरांत डीएम ने आशा बहुओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आशा बहु स्वास्थ्य सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और इनके माध्यम से ही गर्भवती महिलाओं, नवजातों, टीकाकरण तथा परिवार कल्याण कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव है। उन्होंने आशा बहुओं को निर्देश दिया कि वे रोजाना गांवों में भ्रमण करें, टीकाकरण की प्रगति पर निगरानी रखें, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां घर-घर तक पहुंचाएं और किसी भी समस्या की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, संबंधित एमओआईसी डा. जावेद तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



अंधता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा करते सीएमओ व अन्य। अमृत विचार

# सीएमओ ने 10 नेत्र परीक्षण अधिकारियों का रोका वेतन

**बलरामपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले भर में चल रहे नेत्र परीक्षण, बच्चों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, रेफरल सेवाओं और अभियान की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। सीएमओ ने कहा समयबद्ध नेत्र परीक्षण व बाल स्वास्थ्य जांच ही जनस्वास्थ्य सुधार का आधार हैं। बैठक के दौरान 10 नेत्र परीक्षण अधिकारियों की बिना सूचना अनुपस्थिति होने पर सभी का आज का वेतन रोकने का निर्देश दिया। सीएमओ ने चेतावनी दी कि राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम और आरबीएसके जैसे संवेदनशील जनहितकारी अभियानों में किसी भी स्तर की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी नेत्र परीक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यप्रगति सुनिश्चित करें। स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग, फॉलो-अप और सर्जरी रेफरल की गति बढ़ाई जाए। जिन क्षेत्रों में उपलब्धि कम है, वहां विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जाए। सीएमओ ने कहा कि मोतियाबिंद, दृष्टिदोष, जन्मजात नेत्र रोग और बच्चों के अन्य स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे समय पर परीक्षण व उपचार से ही रोके जा सकते हैं, इसलिए अभियान की प्रगति पर सतत निगरानी आवश्यक है। बैठक में जिले की सभी ब्लॉक चिकित्सा इकाइयों के नेत्र परीक्षण अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। सीएमओ ने आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लाभार्थियों तक अधिकतम पहुंच बनाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सेवाओं से वंचित न रहे।

# एसआईआर अभियानः सपा हुई सक्रिय पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया बूथों का भ्रमण

संवाददाता बलरामपुर

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी संगठन एसआईआर अभियान को लेकर जनपद में सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी बलरामपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर के ब्लॉक हरैया सतघरवा में सैकड़ों बूथों का दौरा कर मतदाताओं को जागरूक किया।

परशुराम वर्मा ने प्रत्येक बूथ पर बीएलओ और बूथ स्तरीय एजेंट के साथ बैठकर व्यापक पैमाने पर एसआईआर प्रपत्र भरवाए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी लोग अपना नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा हटवाने की प्रक्रिया समय से पूरा करें। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का अवसर है। पूर्व जिला अध्यक्ष लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और एसआईआर प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



बूथ पर लोगों को एसआईआर की जानकारी देते पूर्व सपा जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

## डीएम ने पवन देव को दो माह के लिए किया जिला बदर

**गोंडा, अमृत विचार :** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुंडेरवा निवासी पवन देव सिंह को जिलाधिकारी ने दो माह के लिए जिला बदर कर दिया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय के अनुसार पवन देव सिंह जो स्वयं को पत्रकार बताता है, उसके विरुद्ध आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं जो किसी भी कीमत पर ठीक नहीं है। पूर्व अधिकारी की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए डीएम ने आदेश जारी किया है। आदेश की सूचना दे दी गई है तथा पुलिस द्वारा डुग्गी मुनादी कराई जा रही है। आरोपी को तत्काल प्रभाव से जिले की सीमा से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं।




निगम कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### एचआईवी व सिफलिस जांच शिविर आयोजित

**बलरामपुर, अमृत विचार :** वात्सल्य लक्षित हस्तक्षेप परियोजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम परिसर में एचआईवी एवं सिफलिस जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर में चालक, परिचालक तथा अन्य कर्मचारियों की स्क्रीनिंग की गई। परियोजना प्रबंधक जगदीश चौधरी ने कर्मचारियों को एचआईवी, एड्स, सिफलिस, क्षय रोग सहित विभिन्न संक्रमणों के जोखिम, प्रसार के स्रोत, सुरक्षा उपायों और प्रचलित मिथकों के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ प्रभारी तरन्नुम जहां ने कर्मचारियों को परीक्षण के लिए प्रेरित किया। शिविर का संचालन वात्सल्य टीम की पूनम कुमारी, कौशलेंद्र और रामाशीष ने किया। परियोजना टीम ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन कर कर्मचारियों तथा आमजन में जागरूकता बढ़ाने का अभियान जारी रहेगा।

### टीईटी अनिवार्यता से वरिष्ठ शिक्षक असुरक्षित सरकार अध्यादेश लाए: राम शिरोमणि वर्मा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने लोकसभा में शिक्षकों की नौकरी सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दे को उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के एक सितंबर 2025 के फैसले ने देशभर में लाखों वरिष्ठ शिक्षकों के भविष्य को अनिश्चित कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस निर्णय के बाद पूरे देश में लगभग 25 लाख शिक्षक तथा केवल उत्तर प्रदेश में ही करीब दो लाख शिक्षक खुद को असुरक्षित और मानसिक दबाव में महसूस कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि 15 से 20 वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी, प्रशिक्षित और विद्यार्थियों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहे शिक्षकों पर अचानक टीईटी की अनिवार्यता थोपना बेहद अनुचित है। 40 से 55 वर्ष आयु वर्ग के शिक्षकों और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके लोगों पर नई प्रतिस्पर्धा का बोझ डालना न केवल अनुचित है बल्कि इससे शिक्षा व्यवस्था को भी गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ तुरंत अध्यादेश लाकर वरिष्ठ शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता से छूट दी जाए।



लोकसभा में टीईटी के मुद्दे पर सवाल उठाते सांसद राम शिरोमणि वर्मा। अमृत विचार

## सांस्कृतिक स्पर्धाओं की तैयारियां शुरू

**बलरामपुर अमृत विचार:** एमएलके पीजी कॉलेज की सांस्कृतिक समिति की बैठक शुक्रवार को पुस्तकालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में 31 जनवरी से 7 फरवरी तक संस्थापक सप्ताह समारोह मनाया जाएगा। सप्ताहभर चलने वाले समारोह में एकल गायन, नृत्य, रंगोली, मेहंदी, वाद-विवाद, क्विज, एकांकी समेत कई प्रतियोगिताएँ होंगी। 5 फरवरी की शाम अन्तरसंकाय विविधा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न संकायों के संयोजक एवं सह संयोजक नामित किए गए और कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए।

## 793 गांवों में चलेगा 'संवर्धन उत्सव अभियान', बच्चों का होगा टीकाकरण

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जिले में कुपोषण और गंभीर बीमारियों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। डीएम विपिन कुमार जैन के निर्देश पर संवर्धन उत्सव अभियान की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके तहत 793 ग्राम पंचायतों में एक साथ उत्सव शिविर लगाए जाएंगे। जिनमें शून्य से पाँच वर्ष आयु वर्ग के अब तक टीकाकरण से वंचित रहे लगभग 50 प्रतिशत बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट बताती है कि जिले में इस आयु वर्ग के करीब 2.80 लाख बच्चे हैं। इनमें डेढ़ लाख बच्चों का टीकाकरण पूरा हो चुका है। जबकि सवा लाख से अधिक बच्चे अब भी काली खांसी, तपेदिक, टिटनेस सहित कई गंभीर बीमारियों के टीकों से वंचित हैं। इन्हीं बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रशासन ने यह विशेष शिविर आयोजित कराने का फैसला लिया है। पहले चरण में लगभग 350 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। कैंप में एएनएम संग स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कहा कि शिविरों में टीकाकरण के साथ बच्चों के पोषण, वजन और शारीरिक विकास का आकलन भी किया जाएगा।

# श्रीनगर बाबागंज में 24 लाख रुपये से बनेगा आधुनिक अंत्येष्टि स्थल

**गोंडा, अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्राम स्व-रोजगार योजना के तहत श्रीनगर बाबागंज में 24 लाख रुपये की लागत से ट आधुनिक अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जायेगा। शुक्रवार को मेहनौन क्षेत्र के विधायक विनय कुमार दिवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर कार्य की आधारशिला रखी। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब तक अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्थित स्थान न होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नए अंत्येष्टि स्थल के बन जाने से ग्रामीणों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त जगह उपलब्ध होगी। लंबे समय से क्षेत्र में ऐसे स्थान की मांग उठती रही है। स्थानीय लोगों की मांग को पूरा करते हुए विधायक विनय द्विवेदी ने शुक्रवार को अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक दिवेदी ने कहा कि सरकार ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। बताया कि 24 लाख रुपये की लागक से बनने वाले इस आधुनिक अंत्येष्टि स्थल का निर्धारित समय सीमा में निर्माण पूरा कर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस दौरान अजीत तिवारी, मकसूद खां, मंशाराम वर्मा, जनार्दन पांडेय, अभिषेक मिश्र, उदय नारायण शुक्ल, पी.एन. शुक्ल और चंद्र प्रकाश शुक्ला सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



बाबागंज में अंत्येष्टि स्थल निर्माण का शिलान्यास करते विधायक विनय द्विवेदी।

# अर्थव्यवस्था का भविष्य संवारता है एआईः वीसी

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता शास्त्री सभागार में व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के भविष्य को संवारता एआई, उद्यमिता एवं सतत विकास विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें देश की अर्थव्यवस्था को और गति देने में एआई एवं युवाओं की भूमिका को इंगित किया गया। उद्घाटन श्री मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रविशंकर सिंह ने विषय पर अपनी दृष्टि रखी। कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (यंत्र प्रज्ञा) दक्षता आज समय की मांग बन चुकी है। उन्होंने व्यापार एवं अर्थव्यवस्था के भविष्य को संवारने में एआई, उद्यमिता एवं सतत विकास पर प्रकाश डालते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि प्रो. संजय मेधावी एक्स रजिस्ट्रार, डीन फैकल्टी ऑफ़ मैनेजमेंट लखनऊ विश्वविद्यालय ने उद्यमिता, सतत विकास में भारत के बढ़ते कदम पर अपने विचार व्यक्त किये। लखनऊ विश्वविद्यालय के अनूप सिंह. अध्यक्ष डामा, न्यूजीलैंड, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, प्रो रणजीत सिंह एवं केएमसी लैंग्वेज यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रो नीरज शुक्ला ने एआई बेस्ड ऑन आई के एस पर अपना व्याख्यान दिया। प्रभारी प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आइक्यूएसी के समन्वयक व इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के संयोजक प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर किया। संयोजक डॉ. शैलजा सिंह ने सेमिनार के मुख्य विषय की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डॉ. स्मृति शिशिर ने मंच संचालन किया। प्रो. राजीव अग्रवाल, प्रो, संजय पांडेय, प्रो. मंसाराम, प्रो. अभय श्रीवास्तव, प्रो. जितेंद्र पाल, प्रो. शशिबाला का सहयोग सराहनीय रहा।



सेमिनार में बोलते कुलपति प्रो . रविशंकर सिंह।



सेमिनार में मौजूद शिक्षक और छात्र। अमृत विचार

## श्रावस्ती और पिपरहवा को मिले वैश्विक पहचान

**बलरामपुर, अमृत विचार:** भगवान बुद्ध की तपोस्थली श्रावस्ती और उनके बाल्यकाल की स्मृतियों से जुड़े पिपरहवा (सिद्धार्थनगर) को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की मांग फिर जोर पकड़ने लगी है। जिला पंचायत बस्ती के अध्यक्ष एवं श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को पत्र भेजकर दोनों स्थलों को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने की मांग उठाई है। पत्र में दद्दन मिश्रा ने कहा कि श्रावस्ती वह पावन स्थल है जहां भगवान बुद्ध ने अपने चमत्कारों से अविश्वासियों को धर्म के मार्ग पर प्रेरित किया। वहीं पिपरहवा क्षेत्र भगवान बुद्ध के बचपन और कपिलवस्तु की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को संजोए हुए है, जो वैश्विक स्तर पर अनमोल सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इन दोनों स्थलों को संरक्षित स्मारक घोषित कर चुका है जहां वर्ष भर देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु व पर्यटक पहुंचते हैं।

### हरदोई से लापता लड़की सकुशल बरामद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना महराजगंज तराई में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने हरदोई से लापता लड़की को सकुशल बरामद कर आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। 11 दिसंबर को टीम ग्राम बरदहवा में थी तभी ग्रामीणों ने एक लड़की के गांव में होने की जानकारी दी। टीम ने जब पूछताछ की तो लड़की ने अपना घर चांद बेहटा हरदोई बताया। संपर्क करने पर हरदोई पुलिस ने बताया कि लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना बिलग्राम में दर्ज है और उसकी तलाश चल रही थी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अजय कुमार तोमर और महिला आरक्षी ममता विश्वकर्मा बलरामपुर पहुंचे। टीम ने नाबालिग को उनके सुपुर्द कर दिया।

### टेट अनिवार्यता से शिक्षकों को रखा जाए मुक्त

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षकों ने दिल्ली में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिले के शिक्षकों ने सांसद को बताया कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति टेट लागू होने से पहले हुई है उन्हें इसकी अनिवार्यता से बाहर रखा जाना चाहिए। सांसद ने कहा पार्टी के कई सांसदों ने भी शिक्षकों के इस महत्वपूर्ण मुद्दे को सदन में उठाया है। सांसद मे यह भी कहा कि पूर्व में दिए गए ज्ञापन के क्रम में उन्होने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से अनुरोध किया है तथा बताया है कि समय समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षण देती है। प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र प्रकाश तिवारी, इंद्र प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी, कौशल किशोर ओझा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, मोहित तिवारी, चंद्रशेखर तिवारी मोहम्मद शाहिद आदि शामिल रहे।



कैसरगंज सांसद करनभूषण सिंह को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

### आईजी ने की मिशन शक्ति अभियान की समीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन रेंज के आईजी अमित पाठक ने शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान की प्रगति व साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर बैठक की और की गयी कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में मिशन शक्ति अभियान से जुड़े सभी प्रमुख पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें मिशन शक्ति रजिस्टर, जनशिकायत रजिस्टर महिला एवं पुरूष, नाबालिग बालिकाओं की बरामदगी तथा बरामदगी के लिए शेष स्थिति शामिल रही। इसके साथ ही साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों में की गई कार्रवाई, शिकायतों के आधार पर बरामद की गई धनराशि एवं साइबर अपराधों से बचाव हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी ली।

### अवैध गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों पर शिकंजा

**गोंडा, अमृत विचार :** एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय ने बजाज चीनी मिल कुंदरखी यूनिट के अंतर्गत अभियान चलाया। जिसमें ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध तरीके से गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषि ट्रैक्टरों में अनधिकृत पंजीकृत ट्रॉला लगाने के जरिए गन्ना परिवहन को नियंत्रित करना और कृषि कानूनों की अनुपालन सुनिश्चित करना था।

# एनसीसी प्रशिक्षण से इरादे होते हैं दृढ़

**मनकापुर, अमृत विचार:** आश्रम पद्धति विद्यालय में चल रहे 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण शुक्रवार को गोरखपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर परिमल भारती ने किया। कैंप में पहुंचने पर कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कैडेटों ने उन्हें सेना की परंपरा के अनुरूप प्रभावी गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसकी ब्रिगेडियर भारती ने सराहना करते हुए कैडेटों को सम्मानित भी किया। ग्रुप कमांडर ने प्रशिक्षण क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया और विभिन्न कक्षाओं में चल रहे सत्रों का बारीकी से अवलोकन करते हुए कैडेटों से संवाद किया। कैंप कमांडेंट कर्नल कपूर ने पूरे शिविर की रिपोर्ट उनके समक्ष प्रस्तुत की। ब्रिगेडियर भारती ने कहा कि एनसीसी वर्तमान समय में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। एक कैडेट प्रारंभिक अवस्था में ही अपना लक्ष्य तय कर लेता है, जिससे उसका भविष्य उज्ज्वल होता है। शिविर संचालन के लिए कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह, मेजर डा. राजेश द्विवेदी, कैप्टन नरेंद्र कुमार मिश्रा, लेफ्टिनेंट संजय शुक्ला, लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडे और लेफ्टिनेंट बीके तिवारी का विशेष योगदान रहा।



एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते अधिकारी। अमृत विचार

# गीता गोष्ठी का रजत जयंती समारोह कल

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार:** सनातन धर्म के प्रति समर्पित जनपद की लब्ध प्रतिष्ठ संस्था गीता गोष्ठी के तत्वावधान में गीता जयंती के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह रविवार 14 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे से मालवीय नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की तैयारियों पर शुक्रवार को रामलीला मैदान में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। गीता गोष्ठी के संस्थापक सदस्य इं. सुरेश दूबे ने कहा कि गीता गोष्ठी की स्थापना 17 दिसंबर 2000 से प्रारम्भ हुई थी। इस वर्ष संस्था के पचीस वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विराट रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के अन्तर्गत प्रातः नौ बजे यज्ञ हवन व दस बजे गीता ज्ञान प्रसार यात्रा एवं ग्यारह बजे से प्रवचन व्याख्यान कार्यक्रम है। समारोह में देश के विख्यात राष्ट्रवादी विचारक व प्रखर वक्ता व सनातन धर्म के संस्थापक डा. गौतम खट्टर मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अतिरिक्त जूना अखाड़ा रुड़की के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद जी महाराज हरिद्वार से स्वामी परमानन्द जी महाराज व वाराणसी से राजर्षि गांगेय हंस व राष्ट्रवादी वक्ता महिम तिवारी जी गीता के महात्मय एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सनातन धर्म की चुनौती पर विचार व्यक्त करेंगे। समारोह में शास्त्रीय गायिका किरन पांडेय के निर्देशन में भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।



गीता गोष्ठी के आयोजन के बारे में जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

**न्यूज ब्रीफ**

### फिटनेस देखने को एसपी ने लगवाई दौड़

**बहराइच, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। फिटनेस देखने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी। इस दौरान अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मियों सहित रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक ने सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन नारायण दत्त मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह सहित सभी प्रभारी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** बहराइच के नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलहरिया निवासी जीतराना (28) का शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति से कहासुनी हो गई। इससे नाराज महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में रखा विषाक्त खा लिया। परिजनों ने उसे मल्हीपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां पर उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों की सूचना पर पहुंची मल्हीपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में अब तक परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

### घर के बाहर खड़े किशोर पर कुत्ते ने किया हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** शिवपुर इलाके में स्थित एक गांव में घर के बाहर खड़े किशोर पर एक कुत्ते ने हमला कर दिया। उसकी चीख सुनकर दौड़े परिजनों ने कुत्ते को भगाया। स्वास्थ्य केंद्र में उसका इलाज कराया गया। बेलासपुर के रहने वाले ललतु का पुत्र करण (12) शुक्रवार को घर के बाहर खड़ा था। तभी एक कुत्ते ने उसपर हमला कर दिया। हमले में किशोर के पैर में गहरा घाव हो गया। परिजन उसे लेकर शिवपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर चिकित्सकों ने उसका उपचार किया।

### स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

**खैरीघाट, बाहराच, अमृत विचार :** भारत स्काउट और गाइड के तत्वावधान में ब्लॉक शिवपुर मुख्य के सामने स्थित राम प्यारे शिव शंकर इंटर कालेज में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार शाम समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव स्काउट एवं विशिष्ट अतिथि मुक्तेश्वर पोद्दार जिला कोषाध्यक्ष, डॉक्टर राजेश प्रताप सिंह जिला सचिव मनोज कुमार पांडेय जिला आयुक्त स्काउट रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्लन इदरीसी जिला संगठन आयुक्त स्काउट एवं कायमा इस्लाम जिला संगठन आयुक्त गाइड ने किया।

# सभी वृद्धों के बनाये जाएं आयुष्मान कार्ड

## विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक हुई।

अध्यक्षता करते हुए विधायक त्रिपाठी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सम्बन्ध में ब्लाक मुख्यालयों पर सूचना पटल लगवायें। श्री त्रिपाठी ने सभी क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कृषकों की उपज को क्रय किया जाय।



विकास भवन सभागार में समिति की बैठक करते सुभाष त्रिपाठी व मौजूद अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया कि गया कि अब तक 70 वर्ष से अधिक आयु के 18453 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। इस सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि 01 माह के अन्दर शत-प्रतिशत बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड निर्गत करा दिये जायें। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने रिपोर्टिंग के मैकेनिज़्म को बेहतर बनाये जाने का सुझाव दिया। विधायक बलहा श्रीमती सोनकर द्वारा सुझाव दिया गया कि जब कोई आयोजन या बैठक हो तो समूह के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया जाय। पंचायत राज विभाग की समीक्षा के दौरान बहुउद्देशीय पंचायत भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने तथा पूर्ण हो चुके अन्त्येष्टि स्थलों का शीघ्र शीघ्र लोकार्पण कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी सहित ब्लाक प्रमुखगण आदि थे।

# फर्जी अंकपत्र से नौकरी कर रहीं दो कार्यकत्रियों की सेवा समाप्त

**संवाददाता, बहराइच,**

**अमृत विचार :** फर्जी अंकपत्र लगाकर नौकरी कर रहीं दो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

बाल विकास परियोजना महसी के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र चांदपारा पर तैनात मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सन्तोषी देवी द्वारा 01 सितम्बर 2010 को मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर केन्द्र चांदपारा में योगदान किया गया था। सन्तोषी देवी के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाणपत्र फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री सन्तोषी देवी की मानदेय आधारित सेवाएं 04 दिसम्बर को समाप्त कर दी गई है। इसी प्रकार बाल विकास परियोजना महसी बहराइच के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र छत्तरपुर प्रथम पर तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिवरानी देवी द्वारा 17 जुलाई 2002 को आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद पर केन्द्र छत्तरपुर प्रथम पर योगदान किया गया। शिवरानी देवी के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अंकपत्र व प्रमाणपत्र फर्जी/कूटरचित पाये जाने पर उनकी मानदेय आधारित सेवायें 12 दिसम्बर को समाप्त कर दी गईं।

यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी महसी सीमा इसराईल ने दी है।

# दो डंपर टकराये, दो लोग घायल

**कोहरे का असर**

**संवाददाता, जरवल रोड, बहराइच**

**अमृत विचार :** लखनऊ-गोंडा मार्ग पर ज्योति फ्यूल टंकी के निकट सड़क किनारे खड़े डंपर में पीछे से आ रहा डंपर जा घुसा। जिससे पीछे वाला डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में चालक-खलासी को मामूली चोट आई है। दोनों का प्राइवेट चिकित्सक के यहां इलाज कराया गया।

जरवल रोड थाना अंतर्गत लखनऊ-गोंडा मार्ग पर ज्योति फ्यूल टंकी के निकट भीषण कोहरा के चलते रोड किनारे एक डंपर पहले से खड़ा था। बांदा से गोंडा जा रहा डंपर खड़े डंपर में जा घुसा।



क्षतिग्रस्त डंपर। ● अमृत विचार

जिसके चलते पीछे वाले डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक दीपू (30) पुत्र मिठाई लाल निवासी ऐजी थाना असोथर जिला फतेहपुर, कंडक्टर सुरजीत निवासी गाजीपुर जिला फतेहपुर को मामूली चोट आई है चालक दीपू ने बताया कि यह घटना प्रातः 5:00 बजे हुई है उस समय कोहरा जबरदस्त था। दिखाई नहीं पड़ रहा था।

**हादसे में बाइक सवार घायल : नवाबगंज।** कस्बा निवासी बाऊर सिद्दीकी (50) इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाने के लिए भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के कलकलवा बांध पर गए थे, वापसी के दौरान बाबागंज मल्हीपुर मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जमादार गांव के पास मार्ग पर कुत्ते आपस में लड़ रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ता बाइक में आकर टकराया जिससे अनियंत्रित होकर मार्ग पर गिर जाने से बाऊर घायल हो गए। उन्हें निजी क्लीनिक पर उपचार के लिए ले जाया गया।

## डीएम ने सीएससी का किया निरीक्षण

**बहराइच, अमृत विचार :** गुरुवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने विकास खण्ड परिसर रिसिया में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन कॉमन सर्विस सेन्टर का निरीक्षण किया।

खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि कार्यदायी संस्था उ.प्र. वक्फ विकास निगम लिमिटेड द्वारा कार्य कराया जा रहा है। भवन के खिड़की दरवाजे, फर्श तथा टाइलीकरण का कार्य अवशेष है। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य का पर्यवेक्षण करते रहें तथा भवन की उपयोगिता के सम्बन्ध में भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# रैन बसेरे में नियमित करायें सफाई

● **डीएम ने रैन बसेरे का निरीक्षण कर दिया निर्देश**

**बहराइच, अमृत विचार :** गुरुवार देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नगर पंचायत रिसिया द्वारा रिसिया बाज़ार में संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने ईओ सचिन कुमार पाण्डेय को निर्देश दिया कि रैन बसेरे की नियमित रूप से साफ-सफाई करायी जाय तथा पेयजल व प्रकाश इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त रखे जायें जिससे ठहरने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने रैन बसेरे के निकट स्थित सामुदायिक शौचालय का भी निरीक्षण किया। ईओ ने बताया कि वर्ष 2008 में निर्मित शौचालय का रेस्टोरेशन कराया जा रहा है। यहां पर एक सप्ताह में सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा दी जायेंगी। डीएम ने निर्देश दिया कि नगर पंचायत के निकट स्थित डम्पिंग एरिया को खाली करा दिया जाये। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत में विगत 02 सप्ताह से मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी सेन्टर क्रियाशील हो गया है। शीघ्र ही इस एरिया को खाली करा दिया जायेगा।



रैन बसेरा का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

# 23 प्रशिक्षु आईपीएस ने सीमा का किया निरीक्षण

**संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच**

**अमृत विचार :** भारत–नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा में मंगलवार को उत्तर प्रदेश के 23 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं सीमा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत निरीक्षण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों का यह दौरा सीमा सुरक्षा व्यवस्था, सीमा पार आवागमन और संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। दौरे के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने सबसे पहले भारत–नेपाल सीमा पर पहुंचकर दोनों देशों के बीच होने वाले आवागमन की व्यवस्था, जांच प्रक्रिया, सुरक्षा प्रोटोकॉल और सरकार द्वारा जारी आवश्यक दिशा–निर्देशों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने यह भी जाना कि सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए किन-किन स्तरों पर कार्रवाई की जाती है। इसके बाद सभी प्रशिक्षु अधिकारी रूपईडीहा स्थित इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) पहुंचे, जहां उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे प्रशिक्षु आईपीएस। ● अमृत विचार

# बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति पर लगाएं अंकुश

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पुलिस कार्यालय सभागार में शुक्रवार को एएसपी की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा व समन्वय बैठक हुई। बैठक में बाल श्रम पर अंकुश, पॉक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह रोकने व उनके कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई। एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त कर फीडबैक लिया। उन्होंने महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, की ओर से जारी अनुसंधान, बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों व जनपद में कार्यरत एनजीओ के समक्ष आ रही समस्या की जानकारी ली। साथ ही बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व बाल श्रम पुनर्वास, मिशन शक्ति अभियान व बाल विवाह विशेष राष्ट्रीय 100 दिवसीय अभियान के संबंध में चर्चा की। सभी बाल कल्याण अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर सरकार की ओर से बाल श्रम के विरूद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक करने को कहा।

## सिटी डायरी



आरक्षी शशिप्रभा को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक।

### आरक्षी शशिप्रभा सम्मानित

**बहराइच, अमृत विचार :** 35वीं ओपेन सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैम्पियनशिप प्रतियोगिता–2025 में सेपक टकरा टीम इवेंट में प्रतिभाग कर कांस्य पदक अर्जित करने वाली महिला मुख्य आरक्षी को पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सम्मानित किया। बीते माह 23 से 27 नवंबर तक मडगांव, गोवा में आयोजित 35वीं ओपेन सीनियर नेशनल सेपक टकरा चैम्पियनशिप में यूपी पुलिस सेपक टकरा टीम की ओर से बहराइच की मुख्य आरक्षी शशि प्रभा द्वारा टीम इवेन्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया गया। उनके इस कुशल खेल प्रदर्शन के लिये उन्हें पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही 20,000 रुपए के इनाम की धनराशि प्रदान की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन नारायण दत्त मिश्रा व प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह मौजूद रहे।



कंपोजिट विद्यालय। अमृत विचार

### विद्यालय में एक साल से ठंडा पड़ा है एमडीएम का चूल्हा

**जमुनहा, श्रावस्ती, अमृत विचार :** प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान शिक्षिका के बीच चल रही रार के चलते विद्यालय में एक साल से एमडीएम का चूल्हा ठंडा पड़ा है। जमुनहा विकास क्षेत्र लालपुर हरीडीह स्थित कंपोजिट विद्यालय में करीब 461 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हैं। स्कूल में एमडीएम की व्यवस्था है लेकिन एक साल से स्कूल में भोजन नहीं बन रहा है। अधिकारियों ने जांच की और निर्देश भी दिए। प्रधान शिक्षिका तनवीर हैदर ने कुछ दिनों तक अपने पैसे से एमडीएम बनवाया। लेकिन प्रधान का सहयोग न मिलने से भोजन बनना बंद है। अभिभावकों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।



प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज।

### जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

**बहराइच, अमृत विचार :** 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजेश कुमार सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसम्बर के माध्यम से धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।



श्रीराम कथा सुनने के लिए मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### श्रीराम कथा

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार :** बरदहा बाजार स्थित बाबा परमहंस धाम पर आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन वृंदावन से आए संत रामचंद्र दास ने भगवान श्रीराम की भक्ति प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे भक्त की आराधना का उद्देश्य भगवान के प्रति प्रेम होना चाहिए। हर काम प्रभु श्रीराम के लिए करें। अगर कर्म या वाणी से संभव न हो, तो मन में ही भगवान का स्मरण करें। इस दौरान राज कुमार गुप्ता, रविशंकर शुक्ल, शिखर शुक्ल, विनोद दीक्षित, सूरज गुप्ता आदि थे।

# साहस के प्रतीक थे गुरु तेग बहादुर सिंह

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** में महाराजा सुहेलदेव भवन संघ कार्यालय में गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु ग्रंथ साहिब के आगे मत्था टेककर हुई। संघ के प्रांत प्रचारक कौशल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहस, शौर्य और धर्म-रक्षा के अमर प्रतीक थे। सिख पंथ के नौवें गुरु के रूप में उनका जीवन मानवता की सेवा और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब केअत्याचारों से पीड़ित कश्मीरी पंडितों ने गुरु महाराज की शरण ली थी। गुरु जी ने उन्हें धर्म रक्षा का आश्वासन दिया और औरंगजेब की दमनकारी नीतियों का साहसपूर्वक सामना किया। गुरु महाराज की परंपरा ऐसे समय की है जब लगता था कि धर्म रहेगा या नहीं परंतु फिर भी धर्म रहा। धर्म के लिए ये जीवन कैसा होना चाहिए वह गुरु महाराज ने जी कर दिखाया। इस अवसर पर कार्यक्रम में विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार, सह जिलासंघचालक सुरेश, ज़िला प्रचारक अजय व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रातभर ठिठुरते रहे नेपाल के 70 यात्री

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार :** नेपाल से वाया रूपईडीहा होते हुए डबल डेकर बस से त्र्यंबकेश्वर जा रहे लगभग सत्तर यात्री बुधवार की रात से कड़ाके की ठंड और भूख प्यास से बिलबिलाते रहे। यात्रियों ने बताया कि हम लोग प्रति व्यक्ति अठारह सौ रुपए देकर नासिक और त्र्यंबकेश्वर जा रहे थे। बिना कारण बताए बस राजा बाजार चौकी पर खड़ी कर दी गई। कृष्ण सितौला ने बताया कि महिला बच्चों सहित लगभग 70 सवारी बस में थी हम लोग पूरी रात ठंड में ठिठुर गए। बस रूपईडीहा से नासिक जा रही थी। उधर आरटीओ ओ पी सिंह का कहना है बस को सीज कर दिया गया और पेनाल्टी लगाकर शाम को छोड़ दिया गया।

# गन्ना लदे दो वाहन पलटे लोग बचे, बाइक क्षतिग्रस्त

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर दो अलग अलग स्थानों पर गन्ना लदे वाहन पलट गए। इसमें बड़ा हादसा होते होते बच गया और लोग सुरक्षित बच गए। जबकि एक बाइक चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई।

इकौना थाना क्षेत्र में गुरुवार रात नेशनल हाइवे 730 पर गन्ना एक ट्रैक्टर ट्राली लादकर बलरामपुर चीनी जा रही थी। रास्ते में जगदीशपुर के पास कंटेनर ने टक्कर मार दी। इससे ट्राली हाइवे के किनारे पलट गई। बगल में तीन लोग बाइक के साथ खड़े थे जिन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। जबकि उनकी बाइक ट्राली के नीचे आ गई और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसी तरह सेमरी तरहर से गन्ना लादकर ट्रैक्टर ट्राली बलरामपुर चीनी मिल जा रही थी। इकौना तहसील के पास संघार मंदिर के सामने पहुंचते ही कन्टेनर ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रौक्टर ट्राली पलट गई व टायर फट गया। जबकि चालक बाल बाल बच गया। वाहन पलटने से आवागमन बंद हो गया और सड़क पर दोनों ओर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची इकौना थाने की पुलिस टीम ने कन्टेनर चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया। साथ ही जेसीबी लगाकर वाहन व गन्ने को हटाकर जाम हटवाया गया।

**सिंचाई में बाधा** | **जमुनहा ब्लॉक में पांच आपरेटर के भरोसे चलाए जा रहे 141 नलकूप**

# कहीं ऑपरेटरों की कमी तो कहीं कुलाबा ध्वस्त

**संवाददाता, जमुनहा, श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र जमुनहा में सिंचाई के लिए 141 राजकीय नलकूप तो लगे हैं। लेकिन खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। नलकूप चालकों की भारी कमी तो है ही साथ ही किसी का नाली कुलाबा खराब है तो किसी नलकूप का मोटर काम नहीं कर रहा है।

जमुनहा ब्लाक के ग्राम पंचायतों में राजकीय नलकूप 41 स्थापित हैं। जिन्हें चलाने की जिम्मेदारी केवल पांच नलकूप आपरेटरों के कंधों पर हैं। ऐसे में नलकूप कैसे चलते होंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। श्रावस्ती जिले में लगे इन नलकूपों



राजकीय नलकूप। ● अमृत विचार

की देखभाल के लिए जिले में कोई अधिकारी नहीं है। इन नलकूपों का नियंत्रण बहराइच व नानपारा नलकूप खंड से हो रहा है। इसलिए नलकूपों की देखभाल ठीक से नहीं हो रही है। किसी नलकूप की नाली ध्वस्त है तो किसी का कुलाबा टूट कर खराब हो गया है। हर साल एक आध नलकूपों की रंगाई-पुताई व मरम्मत कार्य कराके खाना पूर्ति करके पैसा खर्च किया जा रहा है। अधिकांश नलकूप के पाइप लाइन ध्वस्त व नाली ध्वस्त होने के नाते किसानों के खेतों तक समुचित पानी नहीं पहुंच पाता है। इसलिए किसान मजबूरी के कारण महंगें दामों पर डीजल खरीदकर पंपिंग सेट से फसलों की सिंचाई करने के लिए बाध्य हो रहा है। बभनपुरवा गांव में लगा 196 एनजी नलकूप सही है लेकिन नाली और कुलाबा ध्वस्त होने के नाते टैंक से खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। देवरनिया में 23 बीएनजी नलकूप सही है लेकिन पाइप लाइन ध्वस्त होने के नाते समुचित पानी किसानों के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा है। वहीं 82 एनजी नलकूप बरगदही में नाली टूटी फूटी होने के नाते किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट के सहबाजपुरवा 192 एनजी राजकीय नलकूप का नाली आज भी खुदा पड़ा हुआ है जिसके चलते सिंचाई करने में असुविधा हो रही है। सिंचाई का सीजन चल रहा है। इसके बाद भी इन नलकूपों को ठीक नहीं कराया जा रहा है। किसानों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## कैंसर जागरूकता रथ को दिखायी झंडी

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** कैंसर जागरूकता पखवाड़े के तहत कैसरगंज में आयोजित कार्यक्रम में अपराजिता संस्था की सचिव किरण बैस और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. एन.के. सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपराजिता, फावा एवं वात्सल्य के संयुक्त प्रयास से बहराइच जिले के विभिन्न पंचायतों में 20 दिवसीय कैंसर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। 25 नवंबर से 15 दिसंबर तक गांवों, स्कूलों, पंचायत भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों में समूह बैठकें, जागरूकता सत्र, परामर्श आयोजित किये जाएंगे।



धर्म एक ही है, यद्यपि उसके सैकड़ों संस्करण हैं।
**-जार्ज बर्नाड शा**, आइरिश विचारक

# अवसर और चुनौती

मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किसी भी चुनाव की विश्वसनीयता की रीढ़ है। मुख्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की मांग पर चुनाव आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में एसआईआर की समय सीमा दो सप्ताह बढ़ाने का फैसला भले सरल प्रशासनिक निर्णय प्रतीत हो, पर इसके प्रभाव बहुत व्यापक और बहुस्तरीय हैं। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने का लक्ष्य जितना आवश्यक है, उतना ही कठिन भी और इसीलिए यह समय वृद्धि महत्वपूर्ण अवसर के साथ चुनौती भी है।

यह तो बहुत स्पष्ट है कि यदि इसका उपयोग पूरी गंभीरता से हो तो इस अतिरिक्त समय का मतदाता सूची की शुद्धता पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रदेश के सभी जिलों से मिली रिपोर्टें संकेत देती हैं कि फील्ड सत्यापन में कई क्षेत्रों में देरी थी, कुछ स्थानों पर अनुपस्थित मतदाताओं की पहचान अपूर्ण थी और मृतक मतदाताओं के नाम हटाने की प्रक्रिया भी धीमी चल रही थी। दो सप्ताह का अतिरिक्त समय इन खामियों को दूर करने का अवसर देगा और इससे सूची की शुद्धता में उल्लेखनीय सुधार आ सकता है। विशेषकर घनी आबादी वाले जिलों, शहरी स्लम क्षेत्रों, प्रवासी मज़दूरों के अंचलों और बाढ़-सूखा प्रभावित इलाकों में, जहां सत्यापन सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण है। इस समयवृद्धि से एसआईआर में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को राहत मिलेगी। एक सवाल यह भी है कि क्या इतनी विशाल जनसंख्या वाले सूबे में अधिकारी और समय की मांग कर सकते हैं? संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। हर विधानसभा क्षेत्र में 8–10 प्रतिशत मतदाता अनुपस्थित हैं। ये वो लोग हैं जो या तो दूसरे राज्यों में काम करते हैं, या स्थानांतरित हो चुके हैं, या पता बदल चुके हैं। यदि इनका सत्यापन अधूरा रह गया, तो स्थिति चुनावी गड़बड़ियों और फर्जी मतदान की आशंका को बढ़ा सकती है, क्योंकि फर्जी वोटिंग और मृत मतदाताओं के नाम से मतदान की आशंकाएं अब भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई हैं।

मुख्यमंत्री का यह बयान कि विपक्ष मृत या अनुपस्थित नामों पर वोट अपने खाते में डलवा सकता है, राजनीतिक चेतावनी भी है और प्रशासनिक सावधानी भी। सिद्धांततः यह संभव तो है, पर तभी जब सूची में कमियां रह जाएं। तकनीकी निगरानी और आधार-लिंकिंग के बावजूद, यदि फील्ड स्तर पर ढील हुई तो यह खामी चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। अतः यह बयान अधिकारियों पर यह दबाव भी डालता है कि कोई चूक न रह जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं जिलों में अधिकारियों को फील्ड में जाकर गायब, विस्थापित और अनुपस्थित मतदाताओं की खोज का आदेश दिया है। घुसपैठियों को मतदाता सूची से दूर रखने के लिए 'डोर-टू-डोर सत्यापन, डिजिटल फॉर्मों की ट्रैकिंग, आधार-मतदाता फोटो क्रॉस-मैचिंग, और संदिग्ध इलाकों की विशेष जांच करवानी आवश्यक होगी। कुल मिलाकर इस बढ़े समय का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा जब प्रशासनिक मशीनरी में जवाबदेही बढ़े, तकनीकी तथा फील्ड- दोनों स्तरों पर सत्यापन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मतदाता सूची चुनाव की नींव है। नींव मजबूत होगी तो लोकतंत्र भी ताकतवर होगा।

## प्रसंगवश

# कालबेलिया बेटियों ने बदली रूढ़िवादी सोच

कालबेलिया समाज की कहानी जितनी रंगीन दिखाई देती है, उसकी परतों में उतना ही गहरा दर्द, उपेक्षा और संघर्ष छिपा हुआ है। यह वही समाज है, जहां कभी बेटी का जन्म होना स्वयं में एक बोझ समझा जाता था। गरीबी, आजीविका के अभाव और सामाजिक असुरक्षा ने इस सोच को इतना गहरा बना दिया था कि कई बार बेटियों को जन्म लेते ही मार दिया जाता था। यह कोई सामाजिक परंपरा नहीं थी, बल्कि हालात की मजबूरी और पितृसत्तात्मक मानसिकता का परिणाम थी। समाज में यह धारणा गहरे तक बैठ चुकी थी कि बेटा वंश का वाहक है, कमाने वाला है और बुढ़ापे का सहारा बनेगा, जबकि बेटी पराया धन है, जिसे पाल-पोसकर अंततः दूसरे घर भेज देना है। इसी असमान सोच ने लैंगिक भेदभाव को जन्म दिया, जिसकी कीमत कई मासूम बेटियों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आय के स्थायी साधन के अभाव ने इस सोच को और मजबूत किया।




देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


कालबेलिया समुदाय परंपरागत रूप से घुमंतू रहा है। उनके डेरे एक स्थान से दूसरे स्थान तक लगते रहे और जीवन सांप पकड़ने, बीन बजाने, जहर निकालने, सुरमा बनाने और तमाशा दिखाने के इर्द-गिर्द घूमता रहा। महिलाएं घर-घर जाकर भिक्षा मांगती थीं और उसी से परिवार का पेट पलता था। ऐसे अस्थिर जीवन में बेटियों का पालन-पोषण, उनकी शिक्षा और विवाह का खर्च परिवार के लिए बोझ बन चुका था। यही कारण था कि समाज में लड़कियों की संख्या लगातार घटती जा रही थी और इसकी भरपाई के लिए लड़के वालों को पैसा देकर शादी करने जैसी परंपरा भी पनपने लगी, जिसमें लड़की स्वयं एक सौदे का हिस्सा बन गई। एक स्त्री, जो जीवन देती है, उसी की जिंदगी सस्ती कर दी गई।

साल 1972 में जब वन्य जीव संरक्षण अधिनियम लागू हुआ और सांप पकड़ने तथा उनके प्रदर्शन पर रोक लगी, तब कालबेलिया समुदाय की जीवनशैली एकदम बदल गई। रोजगार का मुख्य साधन छिन गया और सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ा, जो पहले से ही हाशिए पर थीं। यही संकट उनके लिए एक अवसर भी बनकर आया। महिलाओं ने अपनी पारंपरिक नृत्य शैली को अपनाया, उसे सहेजा और मंचों तक पहुंचाया। कालबेलिया नृत्य, जो कभी सिर्फ समुदाय के भीतर सीमित था, अब सात समुंदर पार अपनी पहचान बना चुका है। इसकी विशिष्ट लय, भाव-भंगिमा और पारंपरिक वेशभूषा ने दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। अंततः इस नृत्य को यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कर लिया गया।

यह गौरवपूर्ण पल पूरे भारत के लिए महत्वपूर्ण था, लेकिन इसके पीछे जिन हाथों की मेहनत और साधना थी, वे हाथ स्त्रियों के थे। उन्हीं स्त्रियों के, जिन्हें कल तक मंच पर आने की इजाजत नहीं थी, जिन्हें पर्दे और परंपराओं में कैद करके रखा गया था। गुलाबो सपेरा जैसी कलाकार को पद्मश्री मिलना और ममता जोगी का आईएएस अधिकारी बनना इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर सकती हैं। आज कई कालबेलिया महिलाएं नृत्य के साथ-साथ सिलाई, कढ़ाई, हस्तशिल्प और छोटे व्यवसायों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ बन चुकी हैं।

कालबेलिया समाज की महिलाएं एक विरोधाभास की तरह हैं। वे संस्कृति की वाहक भी हैं और उसी संस्कृति की बंदिशों की शिकार भी। उनके नृत्य को विश्व मंच पर सराहा जाता है, लेकिन उन्हें अपने गांव और समाज में बराबरी का दर्जा नहीं मिलता।

# अरावली पहाड़ियों पर बढ़ता संकट व सुप्रीम कोर्ट






पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार


जिस सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले टिप्पणी की थी कि अरावली पहाड़ को लोगों ने आपस में बांट लिया है और पचास हजार रुपये महीने की घूस दे कर यहां की जगह पर खनन चल रहे हैं, उसी अदालत ने केंद्र सरकार की सिफारिश पर अरावली पर्वत श्रृंखला की जो 'नई परिभाषा' दी है, उससे दिल्ली ही नहीं पंजाब तक रेगिस्तान का विस्तार होने की संभावना जताई जा रही है। अदालत का मानना था कि स्थानीय जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंची पहाड़ियों को ही 'अरावली' माना जाए। यानी इससे कम ऊंचाई के पहाड़ों पर खनन के रास्ते खुल गए हैं।

भू वैज्ञानिक डॉ. उमर सैफ की मानें तो कभी अरावली का विस्तार शिवालिक तक हुआ करता था और यमुना के कटाव से लाखों साल पहले यह श्रंखला दिल्ली के रायसीना पहाड़ पर आकर बंट गई। लगातार इसके नैसर्गिक स्वरूप से छेड़छाड़ ने इसके मूल स्वभाव– पाकिस्तान की तरफ से आने वाली गरम हवा और बालू को रोकने की दीवार, में रास्ता बना दिया और इससे रेगिस्तान के हौले-हौले कदम बढ़ने की संभावना है। अरावली दो तरह से देश के बड़े हिस्से को गर्मी और अंधड़ से बचाता रहा है। इसके ऊंचे शिखर हवा के साथ बह कर आने वाले पीएम 2.5 कणों को रोकते हैं तो 30 मीटर तक की नीची पहाड़ियां भारी रेत और धूल के कणों को रोकती हैं।

एफएसआई की रिपोर्ट के मुताबिक, 10 से 30 मीटर ऊंची छोटी पहाड़ियां भी तेज हवाओं को उसके साथ आने वाली रेत को थामने में सक्षम होती हैं। चूंकि अरावली का 90 प्रतिशत हिस्सा 100 मीटर से कम ऊंचाई का है और अब वहां खनन होगा ही, सो रेगिस्तान से उड़ने वाली धूल सीधे दिल्ली और इंडो-गैंगेटिक मैदानों (एनसीआर) तक पहुंचेगी। यह किसी से छिपा नहीं हैं कि अभी तक अरावली ने मरू भूमि के विस्तार को थामने में निर्णायक भूमिका निभाई है। यही नहीं मानसून के पानी भरे बादलों को दिशा देने में इस पर्वत श्रंखला के मध्यम ऊंचाई वाले पहाड़ों की भूमिका रही है और अब इन पहाड़ियों के गायब होने की दशा में उत्तर-पश्चिम भारत में बरसात के स्वभाव में बदलाव आ सकता है।

पहले से ही बढ़ते तापमान से तंग इन इलाकों में 'गरम-द्वीप' का विस्तार छोटे कस्बों तक हो सकता है। रेत की आंधियां कृषि भूमि को बंजर बना देंगी, जिससे किसानों की आजीविका खतरे में पड़ जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय जर्नल 'अर्थ साइंस इंफोरमैटिक्स' में प्रकाशित एक शोध में पहले ही चेतावनी दी जा चुकी है कि अरावली पर्वतमाला में पहाड़ियों के गायब होने से राजस्थान में रेत के तूफान में वृद्धि हुई है। भरतपुर, धोलपुर, जयपुर और चित्तौड़गढ़ जैसे स्थान, जहां अरावली पर्वतमाला पर अवैध खनन, भूमि अतिक्रमण और हरियाली उजाड़ने की अधिक मार पड़ी है, को सामान्य से अधिक रेतीले तूफानों का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर एलके शर्मा और पीएचडी स्कॉलर आलोक राज द्वारा किए गए इस अध्ययन का शीर्षक है, 'एसेसमेंट ऑफ़ लैंड यूज़ डायनामिक्स ऑफ़ द अरावली यूजिंग इंटीग्रेटेड'। दिल्ली, राजस्थान के गैर मरुस्थलीय जिलों और हरियाणा का अस्तित्व भी अरावली पर टिका है और अरावली को नुकसान का अर्थ है कि अन्न के कटोरे पंजाब तक बालू के धोरों का विस्तार। रेत के बवंडर खेती और हरियाली वाले इलाकों तक न पहुंचें इसके लिए सुरक्षा-परत या शील्ड का काम हरियाली और जल-धाराओं से संपन्न अरावली पर्वतमाला सदियों से करती रही हैं।

इसरो का एक शोध बताता है कि थार रेगिस्तान अब राजस्थान से बाहर निकल कर कई राज्यों में जड़ें जमा रहा है। सनद रहे कि भारत के राजस्थान से सुदूर पाकिस्तान व उससे आगे तक फैले भीषण रेगिस्तान से हर दिन लाखों टन रेत उड़ती है। खासकर गर्मी में यह धूल पूरे परिवेश में छा जाती है। मानवीय जीवन पर इसका दुष्परिणाम ठंड में दिखने वाले स्मॉग से अधिक होता है। विडंबना है कि बीते चार दशकों में यहां मानवीय हस्तक्षेप और खनन इतना बढ़ा कि कई स्थानों पर पहाड़ की श्रंखला की जगह गहरी खाई हो गई और एक बड़ा कारण यह भी है कि अब उपजाऊ जमीन पर रेत की परत का विस्तार हो रहा है।

गुजरात के खेड ब्रह्म से शुरू हो कर कोई 692 किलोमीटर तक फैली अरावली पर्वतमाला का विसर्जन देश के सबसे ताकतवर स्थान रायसीना हिल्स पर होता है, जहां राष्ट्रपति भवन स्थित है। अरावली पर्वतमाला को तकरीबन 65 करोड़ साल पुराना माना जाता है और इसे दुनिया के सबसे प्राचीन पहाड़ों में एक गिना गया है। ऐसी महत्वपूर्ण प्राकृतिक संरचना का बड़ा हिस्सा बीते चार दशक में पूरी तरह न केवल नदारद हुआ, बल्कि कई जगह उतुंग शिखर की जगह डेढ़ सौ फुट गहरी खाई हो गई। असल में अरावली पहाड़ रेगिस्तान से चलने वाली आंधियों को रोकने का काम करते रहे हैं, जिससे एक तो मरुभूमि का विस्तार नहीं हुआ, दूसरा इसकी हरियाली, साफ हवा और बरसात का कारण बनती रही।

एक अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका में छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले दो दशकों में कई अन्य पहाड़ियों के अलावा, ऊपरी अरावली पर्वतमाला की हरियाणा और उत्तरी राजस्थान में कम और मध्य उंचाई की कम से कम 31 पहाड़ियां पूरी तरह गायब हो गई हैं। ऊपरी स्तर पर पहाड़ियों का गायब होना नरैना, कलवाड़, कोटपुतली, झालाना और सरिस्का में समुद्र तल से 200 मीटर से 600 मीटर की ऊंचाई पर दर्ज किया गया था। सन 1975 से 2019 के दौरान किए गए अध्ययन में, यह पता चला कि वन क्षेत्र में सघन बस्तियां बस जाना, पहाड़ियों के गायब होने के प्रमुख कारणों में से एक थे।

> सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की सिफारिश पर अरावली पर्वत श्रृंखला की जो 'नई परिभाषा' दी है, उससे दिल्ली ही नहीं पंजाब तक रेगिस्तान का विस्तार होने की संभावना जताई जा रही है।

## आमने सामने



चुनाव के दौरान, भाजपा महिलाओं को डराने के लिए सेंट्रल फोर्स का इस्तेमाल करना चाहती है। अगर आपके नाम हटा दिए जाएं तो क्या आपमें लड़ने की ताकत है? महिलाओं को एसआईआर पर लड़ाई लीड करनी चाहिए और पुरुषों को पीछे से लड़ना चाहिए। **-ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

बंगाल में डिटेंशन कैंप की कोई जरूरत नहीं है। हम बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों को बाहर निकाल देंगे। केवल भारतीय यहां रहेगा, चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, लेकिन यहां एक भी बांग्लादेशी मुस्लिम नहीं रहेगा।
**-शुभेंदु अधिकारी**
नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल



# समलैंगिकता पर भी जुबां खोलने की जरूरत




अजय दयाल
वरिष्ठ पत्रकार


शारीरिक खामियों को छिपा कर या नासमझी में शादी तो हो जाती है, बाद में पति-पत्नी और संबधित परिवारों को भुगतना पड़ता है। हाल ही की घटना है एक लड़की की शादी संपन्न परिवार के हैंडसम कमाऊ लड़के से होती है। विवाह के कुछ माह बाद ही अचानक उनके रिश्तों में दरार आने लगती है। नौबत ऐसी आ जाती है कि बात अदालत तक पहुंचती है और विवाह शून्य करार दे दिया जाता है। लड़का पत्नी के प्रति आकर्षित ही नहीं होता। कुछ दिन लड़की पति को समझाने की कोशिश करती है, लेकिन उसे यह समझने में ज्यादा दिन नहीं लगते कि उसके पति में स्त्री के प्रति यानी विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण ही नहीं है। बाद में पति ने स्वीकारा भी कि वह होमो सैक्सुअल (गे) है और उसका विपरीत लिंग में कोई रुचि व आकर्षण नहीं है। बाद में लड़के की हुई मेडिकल जांच में भी उसके होमो सेक्सुअल होने की हकीकत सामने आ गई। इसकी वजह से लड़की और उसके परिवारीजनों को भारी मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा।

इस केस में कोर्ट ने माना कि लड़के के होमो सेक्सुअल होने के कारण और पति-पत्नी के बीच संबंध स्थापित होने में अक्षम रहने के कारण विवाह की मंशा समाप्त हो गई। इन परिस्थितियों में दोनों के बीच संपन्न हुए हिंदू विवाह को शून्य घोषित करने के अलावा अन्य कोई विकल्प शेष नही है।। यह सच्ची घटना एक बानगी भर है, ऐसे उदाहरण तमाम हैं, जहां संतान की शारीरिक खामियों को छिपा कर या नासमझी में मां-बाप शादी तो कर देते हैं और बाद में पति-पत्नी और संबधित परिवारों को भुगतना पड़ता है।

लखनऊ की भुक्तभोगी लड़की आज जिस समस्या का सामना कर रही हैं, उसी तरह की समस्या का सामना कई महिला-पुरुष कर रहे हैं। अरेंज मैरेज में अक्सर सोशल प्रेशर की वजह से लड़का और लड़की के ऊपर कम मिलने और कम बात करने की जो पाबंदियां लगाई जाती हैं, उसका नतीजा यह होता है कि लड़का और लड़की समझ ही नहीं पाते हैं कि उनका होने वाला जीवनसाथी कैसा है।

ऐसे कई केस और भी हैं कि लड़का और लड़की अपने विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित ही नहीं होते हैं और घर वालों को यह बात पता भी होती है, तब भी वे उनकी शादी करा देते हैं। इससे केवल लड़का या लड़की की जिंदगी बरबाद नहीं होती, बल्कि उन सब की हो जाती है, जो करीबी होते हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर क्या वजह है कि शादी और विपरीत लिंग के पसंद और नापसंद से जुड़े मामलों में हम खुलकर बात ही नहीं कर पाते!

बीते दिनों महाराष्ट्र के वर्धा शहर से एक खबर आई, जिसमें शादी के पांच साल बाद लड़की को पता चला कि उसका पति तो होमो सेक्सुअल है। अब लड़की और उसके घरवाले खुद को ऐसी स्थिति में महसूस कर रहे थे कि वो करें तो करें क्या? लड़के के घर वालों ने भी यह बात उनसे छुपाई। सोसाइटी के प्रेशर में दोनों ही पक्ष मुंह बंद करके रह गए और बस इतना ही कह पाए कि लड़का और लड़की में बनी नहीं तो तलाक करना पड़ा।

कुछ साल पहले एक सत्र अदालत ने एक व्यक्ति की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसने कथित तौर पर शादी से पहले अपनी यौन प्रवृत्ति का खुलासा न करके एक महिला को धोखा दिया था। अदालत को बताया गया कि पति यानी आरोपी ने शादी से पहले महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया क्योंकि वह समलैंगिकता में लिप्त था। इस तरह उसने शिकायतकर्ता पत्नी के साथ धोखाधड़ी की। उसने उसका जीवन और भविष्य बर्बाद कर दिया।

हाल ही में गोरखपुर से भी ऐसा मामला सामने आया। वहां दुल्हन शादी के सिर्फ तीन दिन बाद ससुराल से अपने घर लौट गई। चार दिन बाद पंचायत हुई और उसने तलाक का नोटिस भेज दिया। इसमें लिखा- 'मैं ऐसे व्यक्ति के साथ अपना जीवन नहीं जी सकती, जो शारीरिक रूप से अक्षम है। यह बात सुहागरात पर पति ने मुझे खुद ही बताया।' पंचायत में लड़की के परिवारवालों ने दो तरह के आरोप लगाए। एक- आपने धोखे से अपने बेटे से शादी करवा दी। लड़के की कमी के बारे में हमें बताना चाहिए था। दूसरा, पहले भी लड़के की शादी हो चुकी थी।

मनोचिकित्सक डॉ. शबरी कहती हैं कि सेक्सुअल प्रिफरेंस को लेकर खुलकर बात न करना ही बड़ी समस्या है। पैरेंट्स को इस विषय पर भी अपने युवा बच्चों से बातचीत कर उन्हें समझने की पहल करनी चाहिए। यह कोई नया विषय नहीं है। पहले भी ऐसे मामले होते रहे हैं, लेकिन तब उन्हें दबा दिया जाता था। अब इस पर खुलकर बातें सामने आ रहीं हैं, तो इसको लेकर सहज होना पड़ेगा।

इस मामले में अधवक्ता अंचल गुप्ता का कहना है कि यह आकर्षण का विषय है, जिसे कानूनी पाबंदियों के दायरे में नहीं रखा जा सकता। वो चाहे लड़की हो या लड़का। हां, शादी के समय स्वीकारोक्ति ही विवाह के बाद तलाक की आने वाली नौबत से पूर्व का एक रास्ता हो सकता है। रिश्ते तय करते वक्त ही बातें सामने लानी होंगी। तभी हम समस्या को जड़ बनने से पहले हल कर सकेंगे। इससे जिंदगियां बर्बाद होने से भी बच सकेंगी।

> ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब लड़का-लड़की विपरीत लिंग के प्रति आकर्षित ही नहीं होते। पता होने के बावजूद घरवाले उनकी शादी करा देते हैं। बाद में आने वाली समस्याएं परिवारों को तोड़ देती हैं।

## सोशल फोरम

# 'यूं ही कोई...' गीत में सचमुच रोई थीं मीना



4 फरवरी 1972 को रिलीज पाकीजा फ़िल्म औरत के दर्द और कशमकश को बयां करती है। इस फिल्म को पूरा होने में काफी लंबा समय लगा। पूरे 15 साल। गुलाम मोहम्मद संगीतकार के नाती सज्जाद अली चंदवा चंदवानी ने बताया कि फिल्म में इस्तेमाल कार्पेट ईरान से लाया गया, जिस पर गीत और सीन शूट किए गए। यह काफी मंहगा था। गुलाम मोहम्मद की बेटी नजमा एम अली ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मीना जी की चाल में तवायफों जैसा अंदाज नहीं आ पा रहा था। तब उनके पिता जी ने मीना कुमारी को खुद चलकर बतलाया था कि तवायफों की चाल कैसी होती है।




मंजेश बूरा
ब्लॉगर


मीना कुमारी जी 'चलते-चलते यूं ही कोई मिल गया था' ....गाने में रीयल में रोई थीं। जब गाने की शूटिंग बंद हुई तो रात में गुलाम मोहम्मद को बुलाया गया। वो उनको गुलाम मियां बुलाती थीं। उन्हें बताया गया कि कि आपने गीत बेहद खूबसूरत बनाया। गुलाम मोहम्मद ने देखा तो मीना कुमारी की आंखें रोने की वजह से सूजी हुई थीं।

मीना कुमारी की कमाल अमरोही के साथ 1964 में ही रिश्ते में दरार आ चुकी थी। वह दोनों पति-पत्नी थे। इसी दौरान मीना कुमारी बीमार भी पड़ीं। इसी वजह से फ़िल्म इतने वर्ष बाद रिलीज हुई। नरगिस दत्त और सुनील दत्त की बातचीत के बाद मीना कुमारी ने फिल्म को पूरा किया। फ़िल्म काफी लोकप्रिय हुई और फ़िल्म में मीना कुमारी के चहरे पर दर्द और जज्बात असलियत में दिखाई पड़ते हैं। **-फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# भारतीय कामगार और रूस के साथ करार

भारतीय कामगारों के लिए एक सुखद खबर है। रूस 10 लाख भारतीय कामगारों, कुशल और अर्धकुशल, को रोजगार देगा। भारत भी रूसी कामगारों को रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा। दोनों देशों के बीच 'श्रम गतिशीलता समझौता' तय हुआ है, उसी के तहत रूस भारतीयों को नौकरियां देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत होने के बाद करार को हरी झंडी दे दी गई। अब यह यथाशीघ्र लागू हो जाएगा।

रूस भारत के राज मिस्त्री, वेल्डर, आईटी इंजीनियर, नर्स के अलावा, निर्माण, तेल-गैस, कृषि, वस्त्र, बैंकिंग और स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी भारतीयों की सेवाएं लेगा। भारतीयों के रोजगार सुरक्षित और कानूनन होंगी। कामगार एक देश से दूसरे देश में सहजता, सुगमता से आवाजाही कर सकेंगे। यही इस समझौते का मकसद और मर्म है। रूस अविलंब इस करार को लागू इसलिए करना चाहता है, क्योंकि यूक्रेन युद्ध और पश्चिमी देशों की पाबंदियों के कारण रूस में श्रम-संकट विकराल है। रोजमर्रा के काम भी ठप पड़े हैं।




आकाश सपेलकर
अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट


दूसरी ओर भारत में 65 फीसदी आबादी ऐसी है, जिसकी औसत उम्र 35 साल या उससे कम है। भारत में बेरोजगारी एक विकट और संवेदनशील समस्या है। रूस में ये नियुक्तियां और अनुबंध सरकार के स्तर पर किए जाएंगे। दरअसल इन नियुक्तियों को इमिग्रेशन, अर्थात् अप्रवास, समझने की गलती न की जाए। नियुक्तियां जरूरत के मुताबिक अस्थायी अथवा दीर्घकालिक हो सकती हैं। रूस में भारतीय कामगार को सामाजिक सुरक्षा के अलावा बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं और कानूनी सुरक्षा एवं संरक्षण आदि भी दिए जाएंगे।

रूस भारत की आईटीआई, इंजीनियरिंग की डिग्री और डिप्लोमा के अलावा पेशेवर कुशलता को भी मान्यता देगा, ताकि कामगारों को उचित रोजगार और मेहनताना आदि मिल सके। रूस में एक लाख से अधिक भारतीय बसे हैं और वे विभिन्न व्यवसायों में काम कर रहे हैं। रूस के साइबेरिया वाले क्षेत्र में चीन के तीन लाख से अधिक कामगार और कारोबारी सक्रिय हैं। उन्होंने रूसी युवतियों से शादियां भी की हैं।

भारत के लिए रूस एक सार्थक बाजार बनकर उभरेगा। इस करार से हमारे देश के विदेशी मुद्रा भंडार को भी मजबूती मिलेगी, क्योंकि भारतीय कामगार रूस से पैसा कमा कर भारत भेजेंगे। रूस में भारत की अपेक्षा वेतनमान काफी अधिक है। करार के बाद भर्ती की प्रक्रिया बिल्कुल पारदर्शी होगी। एक आधिकारिक पोर्टल होगा। रूस में 'मेक इन इंडिया' के लिए भी बाजार मिलेगा। जब भारतीय कामगार रूस जाएंगे, तो भारतीय उत्पादों की मांग भी बढ़ेगी, लिहाजा हमारे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। हमारे कामगारों को राजमिस्त्री, बिजली वाले, वेल्डर, पेंटर के काम खूब मिलेंगे, क्योंकि रूस में इनकी मांग बहुत है।

तेल और गैस क्षेत्रों में काम करने के मौके मिलेंगे। आईटी और बैंकिंग में रूस को काफी प्रतिभाओं की जरूरत है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी रूस को काफी चाहिए। कुल मिला कर भारतीय कामगारों और पेशेवरों के लिए रूस 'नया अमरीका' साबित हो सकता है। खाड़ी देशों की भयंकर गर्मी और वहां की सामंती संस्कृति की तुलना में रूस एक बेहतर मंच साबित हो सकता है। यह करार लागू होने के बाद रूस का वीजा प्राप्त करने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान और सरल हो जाएगी। भारत और रूस के संबंध विश्व राजनीति में उस स्थिर मित्रता का उदाहरण है, जो समय, परिस्थितियों एवं वैश्विक दबावों के बावजूद कभी कमजोर नहीं हुई। भारत और रूस को आपसी व्यापार भी बढ़ाना है तथा इसे भारत की दृष्टि से संतुलित भी करना है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# सोमनाथ की अविस्मरणीय यात्रा





दया शंकर मिश्र
लेखक

जब से मैंने आचार्य चतुरसेन शास्त्री की चर्चित ऐतिहासिक पुस्तक सोमनाथ को पढ़ा, मेरे मन में ये आस जाग उठी कि आततायी महमूद गजनवी द्वारा लूटे और विध्वंस किए गए मंदिर में विराजे प्रभु सोमनाथ जी के दर्शन को समय मिला तो जरूर जाऊंगा। बाबा-दादा से सुना था कि सबसे पहले सोमनाथ मंदिर का निर्माण सोने से चंद्रदेव (सोमराज) ने बाद में पुनर्निर्माण रावण ने चांदी से, भगवान कृष्ण ने लकड़ी से और राजा भीमदेव ने पत्थरों से करवाया था। इतना सब सुनने के उपरांत मानव मन में उस पवित्र स्थल के दर्शन करने की भावना बलवती होना स्वाभाविक है। मुझे श्री सोमनाथ जी के दर्शन का सौभाग्य बदा था। शाम के समय हम लोग पहले से बुक किए हुए श्री सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्राम स्थल पर पहुंचे। कम पैसे में वहां की उत्कृष्ट व्यवस्था और साफ सफाई देखकर हम लोग दंग रह गए।

हम सभी के मन में श्री सोमजी के दर्शन की इतनी उत्कंठा थी कि जल्दी ही नहा धोकर वहां से लगभग एक किमी दूर स्थित मंदिर पहुंच गए। बाहर से ही मंदिर की विशालता और शिखरों की नक्काशी देखकर मन-मयूर नर्तन करने लगा। मंदिर की सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी के नियमों का पालन करते हुए हम लोग पंक्तिबद्ध होकर मंदिर के अंदर पहुंचे तो आरती का समय हो रहा था। इसके उपरांत पट बंद हो जाते हैं, जो दूसरे दिन प्रातः खुलते हैं।



## दोबारा दर्शन करने का बाद हुई संतुष्टि

मंदिर में पुरुषों और महिलाओं के दर्शन हेतु जाने एवं निकलने के लिए पृथक-पृथक लाइन थी। महिलाएं समुद्र की ओर स्थित द्वार से जबकि पुरुष देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित करवाए गए मंदिर की तरफ स्थित द्वार से दर्शन के उपरांत बाहर जा रहे थे। आशा के विपरीत प्रभु सोमनाथ जी असीम कृपा से हम लोगों को बहुत ही आराम से श्री सोमजी के विशाल ज्योतिर्लिंग के दर्शन हुए। एक बार दर्शन से मन नहीं भरा और बाहर निकलकर मैं पुनः लाइन में लग गया। दोबारा जी भरकर उनकी प्रतिमा को देखा, तो मन में संतुष्टि हुई। आरती अभी चल रही थी, भक्त कतारबद्ध हर-हर महादेव निनाद करते हुए दर्शन कर रहे थे।

## जब भाभीजी बिछड़ गईं

हम सब लोग बाहर निकलकर पहले से तय स्थान पर एक दूसरे से मिले। वहां पर मैं, भाई साहब और मेरी पत्नी तो आ गईं, लेकिन भाभीजी का कहीं अता-पता नहीं था। दिन भर के सफर से हम लोग काफी थक चुके थे, लेकिन बड़े भाई की पत्नी की तलाश आवश्यक थी। मैं और भाई साहब उनको ढूंढते हुए हनुमान जी की तरह मंदिर के एक दो चक्कर लगा आए, परंतु वे नहीं मिलीं। सभी बड़े पशोपेश में थे कि वे आखिर हैं कहां! हम लोग एक तरफ बैठ गए और भाई साहब से कहा कि आप दूसरी तरफ बैठिए। बाहर निकलने के दो ही रास्ते हैं। मिलेंगी जरूर। इतने में मंदिर के पिछवाड़े की तरफ से एक सज्जन कंधे में झोला डाले हुए आए। मैं पहले और श्रीमती जी मेरे बाद बैठी थीं। उनको देखते ही न जाने कैसे मेरे हाथ ऊपर उठ गए और उन्होंने मुझे कपड़े के छोटे थैले में एक लड्डू पकड़ा दिया। श्रीमती जी ने भी हाथ बढ़ाया, लेकिन वे किसी को भी प्रसाद दिए बिना आगे बढ़ गए। मैं अवाक था, केवल मुझे ही प्रसाद मिला। जब तक स्थिर होता, कुछ विचार करता वे आगे जाने कहां निकल गए। मैं उनको ठीक से देख भी नहीं पाया। मुझे ऐसा प्रतीत हुआ कि मुझ अकिंचन को प्रभु सोमनाथ ही तो प्रसाद देने नहीं चले आए थे।

इसके उपरांत मैंने एक चक्कर मंदिर का और लगाने का निश्चय किया। समुद्र की तरफ स्थित द्वार के पास पहुंचते ही देखा कि भाभीजी मंदिर की दीवारों में उत्कीर्ण देव प्रतिमाओं की श्रद्धापूर्वक चरण वंदना, पूजा-अर्चना कर रही थीं। वे इस कदर भक्ति में लीन थीं कि उनको होश ही नहीं थी कि वे किसी के साथ आई हैं, कोई उनका इंतजार कर रहा है। उनको देखकर मैं वैसे ही हर्षातिरेक से भर गया जैसे हनुमानजी मां सीता को अशोक वाटिका में पाकर खुश हुए थे। मैंने उनकी पूजा में बाधा उत्पन्न करते हुए ईश्वर आराधना में लीन उनके मन को वापस धरातल पर लाने हेतु आवाज दी और सूचित किया कि मंदिर बंद होने वाला है, हम लोगों को वापस चलकर भोजनादि करना है।

दूसरे दिन प्रातः हम लोगों ने पुनः दिव्य दर्शन किए और आसपास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कर दोपहर में वापसी के लिए समीप ही वेरावल स्थित रेलवे स्टेशन से वंदेभारत पकड़ ली। जल्दबाजी में की गई यह यात्रा कई मायनों में अविस्मरणीय बन गई। रास्ते भर पुनः दर्शनार्थ आने को सोचता हुआ मैं श्रीसोमजी के ख्यालों में खो गया।



जॉब का पहला दिन

# मरीजों का उपचार कर खुद को गौरवान्वित महसूस किया

वर्ष 2010 मेरे जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत लेकर आया। एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुझे शासन से नियुक्ति पत्र मिला और मेरी पहली तैनाती शाहजहांपुर जिले के तिलहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बतौर मेडिकल अफसर हुई। यह मेरी नौकरी का पहला दिन था। एक ऐसा दिन जो आज भी स्मृतियों में उतना ही ताजा है। जब मैं सीएचसी के परिसर में प्रवेश कर रहा था, तभी ओपीडी के बाहर मरीजों की भारी भीड़ देखकर क्षणभर के लिए मन कुछ संकोच से भर गया। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान मरीजों को संभालने का अनुभव था, लेकिन इतनी बड़ी संख्या एकदम से सामने आना मेरे लिए बिल्कुल नया था। ऐसे में मन खुद से कई सवाल पूछ रहा था- क्या मैं यह जिम्मेदारी निभा पाऊंगा? क्या मैं इन लोगों के लिए कुछ सार्थक कर सकूंगा? इन्हीं विचारों के बीच चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. संजय अग्रवाल से मिला। उन्होंने मुस्कुराकर मेरा स्वागत किया, कागजी औपचारिकताएं पूरी कराईं और मुझे शुभकामनाएं दीं। उनके आत्मीय व्यवहार ने भीतर एक भरोसा-सा भर दिया। इसके बाद मैं सीधे ओपीडी के अपने कक्ष में पहुंच गया और दिनभर मरीजों को देखने में व्यस्त हो गया।

पहले ही दिन 45 मरीजों की जांच की किसी को बुखार था, किसी को त्वचा संबंधी परेशानी, कोई पुरानी बीमारी लेकर आया, तो कोई छोटी-सी समस्या के साथ। मैंने दवाइयों के साथ-साथ उन्हें उनके रोगों के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया। इलाज के साथ जानकारी देना हमेशा से मेरी प्राथमिकता रही, क्योंकि जागरूकता ही बीमारी को जड़ से मिटाने का पहला कदम है। 2 बजे के आसपास ओपीडी समाप्त होने पर टीकाकरण से संबंधित एक विभागीय बैठक में भी शामिल हुआ। यह मेरे लिए पहली सरकारी चिकित्सकीय बैठक थी, जिसने आने वाले समय के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी का भी एहसास कराया। जब शाम को घर लौटा, तो मन गहरे संतोष से भरा हुआ था। उस दिन एक अलग ही अनुभव जहन में हिलोरे मार रहा था और




उस वक्त हेडमास्टर के पद पर शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे मेरे पिता रफीक अहमद अंसारी की एक बात याद आई कि "डॉक्टर बनने के बाद सरकारी सेवा ही करना, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में ऐसे मरीज आते हैं, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। उनका इलाज करने से उन्हें नई जिंदगी देने के साथ ही तुम्हें भी एक सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी।" उस दिन मुझे पहली बार महसूस हुआ कि वे कितने सही थे।

सरकारी अस्पताल में एक-एक मरीज की मुस्कान, उनकी दुआएं और उनका भरोसा- यही असल कमाई है। इसी भाव के साथ 2010 में शुरू हुआ मेरा सेवाकार्य आज भी उसी समर्पण के साथ जारी है। वर्तमान में मैं बरेली के सीएमओ कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहा हूं। इन पंद्रह वर्षों में बहुत कुछ बदला समय, स्थान, पद और कार्यशैली, लेकिन मरीजों की सेवा का भाव और चिकित्सा के प्रति समर्पण आज भी उतना ही अडिग है। यही सेवा मुझे हर दिन नई ऊर्जा देती है और डॉक्टर बनने के वास्तविक उद्देश्य को जीवित रखती है।

**- डॉ. लईक अंसारी**
डिप्टी सीएमओ,
बरेली।



# याद आते हैं स्कूल के अमरूद-आम के पेड़

आपबीती

बचपन के विद्यालय के प्रांगण में कदम रखता हूं, तो बीते हुए दिनों की यादें फिर आंखों के समक्ष तैरने लगती हैं और लगता है जैसे कल ही की बात हो। हालांकि विद्यालय को छोड़े हुए चार दशक का समय हो गया है, लेकिन बचपन जीवन का एक ऐसा क्षण है, जो भुलाए नहीं भूलता। स्कूल में हमारे हिस्ट्री के सर रहे लोकप्रिय केके तिवारी सर बताते हैं कि जब विद्यालय की स्थापना हुई थी तब स्कूल के संस्थापक रहे ओल्ड जॉन निकटवर्ती बच्चों को पैडल रिक्शा में स्कूल लाया करते थे और उन्हें छोड़ने भी जाया करते थे।



दीपक नौगाई
लेखक, हल्द्वानी

आज चंद बच्चों से शुरू हुआ यह सफर कई हजार बच्चों तक पहुंच गया है। यहां से पढ़े बच्चे कई क्षेत्रों में अपना नाम कमा रहे हैं। लखनऊ के वर्तमान मंडल आयुक्त भी इसी स्कूल से पढ़े हुए हैं। मेरा भी सौभाग्य है कि मैंने इस विद्यालय से कक्षा 10 तक शिक्षा प्राप्त की है। आज यह विद्यालय 12 वीं तक है, पर हमारे समय में यह विद्यालय दसवीं तक की हुआ करता था।

इस कॉटेज में आगे एक म्यूजिक रूम तथा एक टीटी यानी टेबल टेनिस रूम हुआ करता था। साथ ही शिक्षकों के बैठने के लिए भी एक कमरा था और छोटे बच्चों की कक्षाएं भी। पीछे एक कैंटीन भी थी और उसके बगल में बच्चों के लिए झूले और लाल अमरूद के कुछ पेड़। इन अमरूद और आम के पेड़ों से भी बड़ी सुनहरी यादें जुड़ी हुई है। अक्सर अमरूद और आम तोड़ने के लिए मैं इन पेड़ों में चढ़ जाया करता था। कुछ अमरूद पेड़ पर बैठकर खाए, तो बाकी पेड़ के नीचे खड़े अपने दोस्तों को दिए। कुछ साथी यह देखने के लिए खड़े रहते थे कि कोई शिक्षक तो नहीं आ रहा। जैसे ही कोई आता, दोस्तों की सीटी बजती और मैं पेड़ से नीचे कूद जाता। झूलों में बैठने के लिए तो हम दोस्तों में जैसे होड़ सी लग जाती। मुझे वो गोल-गोल घूमने वाला झूला बहुत पसंद था। हम उसे जोर से घुमाते और दौड़कर उस पर चढ़ जाते। इस झूले पर चढ़ते समय मैं कई बार गिरा भी और चोटें भी आईं।

म्यूजिक रूम से जुड़ी कुछ अच्छी तथा कुछ ज्यादा कटु यादें भी हैं। गाना गाने में ज्यादातर लड़के अच्छे नहीं थे। चूंकि हमारे संगीत के टीचर जिनका नाम सैमसन था बहुत सख्त थे, इसलिए अधिकांशतः हमें उनकी डांट और पिटाई खानी पड़ती थी। आज याद नहीं कि गाना न गाने पर कितनी बार मेरी पिटाई हुई थी। मुझे संगीत का पीरियड शायद ही कभी अच्छा लगा हो। मेरी तथा अन्य लड़कों की तो यही कोशिश रहती थी कि किसी तरह म्यूजिक रूम में जाने से बच जाए। एक बार हमारी म्यूजिक सर से कुछ बहस हो गई, तो वह हम सब लड़कों को प्रिंसिपल के पास ले गए और फिर वहां जो हमारी पिटाई हुई, वह आज भी मैं नहीं भूला। साथ में था एक टेबल टेनिस का रूम, जहां टेनिस खेलने के लिए एक टेबल लगी हुई थी। हालांकि मैंने तो टीटी में यदा-कदा ही हाथ आजमाया, क्योंकि इस खेल में मुझे जरा भी रुचि नहीं थी, पर सच कहूं तो यह हमारे छिपने का रूम था, खासकर SUPW पीरियड में। SUPW यानी ऐसा पीरियड, जिसमें हमें हस्तकला का जौहर दिखलाना पड़ता था। लड़कियों की तरह कुछ चीजें बनाने में हमारी तो कभी रुचि रही नहीं, इसलिए जैसे ही SUPW का पीरियड आता था, हम कुछ लड़के पिछले दरवाजे से निकलकर छुपते-छुपाते टेबल टेनिस रूम में पहुंच जाया करते थे। कभी कोई टीचर हमें वहां देख लेता और कुछ पूछता तो हम झूठ कह देते कि हमें टेबल टेनिस सीखने के लिए भेजा गया है। चुपचाप टेनिस खेलते और पीरियड खत्म हुआ तो वापस अपनी क्लास में। आज लगता है कि हमें झूठ नहीं बोलना चाहिए था और ऐसा नहीं करना चाहिए था, लेकिन क्या दिन थे वो भी भुलाए नहीं भूलते। ऐसी कई यादें हैं, पर यादों का क्या वह तो समय-समय पर याद आ ही जाती हैं।



## @ 90.4950 ऐतिहासिक गिरावट के साथ बंद हुआ रुपया



**मुंबई।** बैंकों के डॉलर खरीद बढ़ाने से रुपये में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर शुक्रवार को भी गिरावट रही और यह ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को 17.50 पैसे की गिरावट के साथ 90.4950 रुपये डॉलर पर बंद हुई।

बीच कारोबार में यह 90.56 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गई थी। दोनों इसकी गिरावट का नया रिकॉर्ड है। पिछले कारोबारी दिवस पर गुरुवार को रुपये 90.32 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपया शुक्रवार को 11 पैसे टूटकर 90.43 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और 90.56 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। एक समय यह 90.28 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत भी हुआ था। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर सूचकांक में तेजी से रुपये पर दबाव रहा।

# सीसीआई जांच के घेरे में आई इंडिगो

## प्रतिस्पर्धा मानदंडों के उल्लंघन की आशंका में मामले का लिया गया स्वतः संज्ञान

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडिगो पर अब एक के बाद एक जांच का शिकंजा कसता जा रहा है। निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने अब इस बात की जांच शुरू की है कि क्या देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है। यह जानकारी विमानन कंपनी के उड़ान व्यवधानों को लेकर नियामक जांच का सामना करने के बीच सामने आई है।

घरेलू बाजार में 65 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली इंडिगो ने दो दिसंबर से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दीं जिससे हजारों यात्रियों को परेशानी हुई है। अब स्थिति स्थिर हो रही है। विमानन सुरक्षा नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) उड़ान व्यवधानों की जांच करने के साथ इंडिगो के परिचालन की निगरानी भी बढ़ा रहा है। वहीं कुछ हलकों



में इस बात को लेकर चिंताएं हैं कि क्या विमानन कंपनी की प्रमुख स्थिति भी इसका एक कारण हो सकती है। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) आंतरिक रूप से इस बात की जांच कर रहा है कि क्या इंडिगो ने प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन किया है।

अधिकारी ने बताया कि समग्र प्रभुत्व की स्थिति, विशेष मार्गों पर प्रभुत्व और क्या प्रभुत्व का दुरुपयोग हो रहा है जैसे विभिन्न पहलुओं की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि इंडिगो के खिलाफ अभी तक कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है और सीसीआई स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच कर रही है कि क्या प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन हुआ है। प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा-4 प्रभुत्व के दुरुपयोग से संबंधित है जो शोषणकारी या बहिष्करणकारी हो सकता है। शोषणकारी का तात्पर्य अत्यधिक मूल्य निर्धारण जैसे कृत्यों से है जबकि बाजार पहुंच से वंचित करना बहिष्करणकारी खंड के अंतर्गत आता है। नियमों के अनुसार सीसीआई सबसे पहले उपलब्ध जानकारी की विस्तृत जांच करके यह निष्कर्ष निकालता है कि क्या प्रतिस्पर्धा मानदंडों के उल्लंघन के प्रथम दृष्टया प्रमाण मौजूद हैं। प्रथम दृष्टया उल्लंघनों के प्रमाण मिलने पर ही नियामक इस मामले की जांच का आदेश देता है।

### सीजीएसटी मामले में 58.75 करोड़ का नोटिस

नई दिल्ली। दिसंबर के पहले सप्ताह में हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करके लाखों यात्रियों की परेशानी का सबब बनी विमान सेवा कंपनी इंडिगो की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उसे सीजीएसटी से जुड़े एक मामले में 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया गया है। इंडिगो ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे कर विभाग के दक्षिणी दिल्ली कमिश्नरेट के अतिरिक्त सीजीएसटी आयुक्त से गुरुवार को यह नोटिस प्राप्त हुआ है। नोटिस में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए एयरलाइंस से 58 करोड़ 74 लाख 99 हजार 439 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने के लिए कहा गया है। इंडिगो ने बताया कि विभाग ने जीएसटी और जुर्माने की राशि की मांग की है। एयरलाइंस ने अपनी फाइलिंग में कहा है, कंपनी का मानना है कि अधिकारियों का आदेश त्रुटिपूर्ण है। इंडिगो ने कहा है कि वह सक्षम प्राधिकरण के सामने इस नोटिस का प्रतिकार करेगी। उसने यह भी कहा है कि इसका कंपनी की वित्तीय स्थिति, परिचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई असर नहीं होगा।

## दूसरे दिन भी तेजी, सेंसेक्स में 450 अंकों का उछाल, निफ्टी हुआ 26,000 के पार

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों और धातु शेयरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुआ।

सेंसेक्स में 449 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 502.69 अंक चढ़कर 85,320.82 तक पहुंच गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत मजबूत होकर 26,046.95 अंक पर बंद हुआ।



## विदेशी मुद्रा भंडार में एक अरब डॉलर की बढ़ोतरी, 687.26 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 1.03 अरब डॉलर बढ़कर 687.26 अरब डॉलर हो गया।

पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.88 अरब डॉलर घटकर 686.23 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पांच दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 556.88 अरब डॉलर रह गईं। रिजर्व बैंक ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.19 अरब डॉलर बढ़कर 106.98 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 9.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.72 अरब डॉलर हो गया।



# भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात नवंबर में पांच माह के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का रूस से कच्चा तेल आयात नवंबर में चार प्रतिशत बढ़कर पांच महीनों में सबसे अधिक 2.6 अरब यूरो तक पहुंच गया। इस तेल से परिष्कृत ईंधन की बड़ी मात्रा ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की गई।

यूरोप के शोध संस्थान 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि रूसी कच्चे तेल के मामले में भारत नवंबर में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। इसके पहले अक्टूबर में भारत ने रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा था। नवंबर में रूस के कुल कच्चे तेल निर्यात का 47 प्रतिशत चीन, 38 प्रतिशत भारत, छह प्रतिशत तुर्किये और छह प्रतिशत यूरोपीय संघ के हिस्से में गया। सीआरईए ने कहा कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात अक्टूबर की तुलना में चार प्रतिशत बढ़ गया जबकि कुल आयात मात्रा लगभग स्थिर रही। यह पिछले पांच महीनों में सर्वाधिक खरीद रही। संस्था का अनुमान है कि दिसंबर में



- चार प्रतिशत बढ़कर पांच महीनों में सर्वाधिक 2.6 अरब यूरो पहुंचा, दिसंबर में भी वृद्धि के आसार

भी यह खरीद बढ़ सकती है, क्योंकि रूसी तेल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू होने से पहले कुछ तेलवाहक जहाज रवाना हुए थे।

सीआरईए ने कहा, नवंबर में जहां निजी तेल कंपनियों के आयात में हल्की गिरावट आई, वहीं सरकारी तेल कंपनियों ने रूसी कच्चे तेल की खरीद 22 प्रतिशत बढ़ा दी। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदने वाला सबसे बड़ा ग्राहक बन गया। कभी एक प्रतिशत से भी कम रहा रूसी तेल आयात का हिस्सा बढ़कर भारत के कुल तेल आयात का लगभग 40 प्रतिशत हो गया। आंशिक गिरावट आने के बावजूद नवंबर महीने में रूस ने भारत की कुल कच्चे तेल आपूर्ति में 35 प्रतिशत का योगदान दिया। इस कच्चे तेल को रिफाइन कर बनाए गए पेट्रोल, डीजल जैसे ईंधन को घरेलू उपयोग के साथ निर्यात भी किया जाता है।

### रिफाइंड तेल यूरोप व अमेरिका को निर्यात

सीआरईए ने कहा कि नवंबर में भारत और तुर्किये की छह रिफाइनरियों ने 80.7 करोड़ यूरो मूल्य के रिफाइंड ईंधन निर्यात किए। इनमें से 46.5 करोड़ यूरो यूरोपीय संघ, 11 करोड़ यूरो अमेरिका, 5.1 करोड़ यूरो ब्रिटेन, 15 करोड़ यूरो ऑस्ट्रेलिया और 31 करोड़ यूरो कनाडा को भेजे गए। इनमें से लगभग 30.1 करोड़ यूरो मूल्य के रिफाइंड तेल उत्पाद रूसी कच्चे तेल से बने थे। सीआरईए ने कहा, ऑस्ट्रेलिया को निर्यात नवंबर में 69 प्रतिशत बढ़ा, जो पूरी तरह गुजरात स्थित जामनगर रिफाइनरी से भेजा गया। कनाडा ने भी आठ महीने बाद पहली बार रूसी तेल से बने ईंधन की खेप प्राप्त की।

## बिजनेस ब्रीफ

### अब डाकघरों से भी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नई दिल्ली।** देश में म्यूचुअल फंड निवेश को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी शेयर बाजार बीएसई ने भारतीय डाक के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया जिसके तहत डाकघरों पर भी म्यूचुअल फंड उत्पादों में निवेश की सुविधा होगी। शेयर बाजार आधारित म्यूचुअल फंड ट्रांजेक्शन में 85 प्रतिशत बीएसई के स्टार एमएफ के जरिये होता है। हर महीने इस प्लेटफॉर्म पर करीब सात करोड़ ट्रांजेक्शन होते हैं। दोनों संस्थाओं की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि डाक विभाग के 1.64 लाख डाकघरों से देश के अंतिम छोर तक म्यूचुअल फंड का वितरण और निवेशकों को जागरूक बनाने का काम हो सकेगा। सहमति पत्र पर बीएसई के सीईओ सुंदररमन राममूर्ति और डाक विभाग में महाप्रबंधक मनीषा बंसल बादल ने यहां हस्ताक्षर किए।

# मेक्सिको के टैरिफ से प्रभावित होगा तीन/चौथाई तक भारतीय निर्यात

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाहन, कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक, धातु व रसायन निर्यात जैसे क्षेत्रों पर पड़ेगा गंभीर असर

विशेषज्ञों ने कहा है कि मेक्सिको में टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ाए जाने से भारत के वाहनों, वाहन कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, धातु एवं रसायन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के निर्यात पर गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने दावा किया है कि यह कदम मेक्सिको को होने वाले 5.75 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात के लगभग तीन-चौथाई हिस्से को सीधे प्रभावित करेगा। इस वजह से मेक्सिको में कारोबार करने के वाणिज्यिक तर्क पर बुनियादी असर पड़ेगा।

मेक्सिको की संसद से पारित यह निर्णय एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। इसके तहत उन देशों से आने वाले सामान पर पांच से 50 प्रतिशत तक का बढ़ा हुआ टैरिफ लगाया जाएगा, जिनके साथ मेक्सिको का मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। इस की जद में आने वाले देशों में भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और इंडोनेशिया सहित कई देश शामिल हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, वाहन कलपुर्जों पर टैरिफ 10-15 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत होने से आपूर्ति श्रृंखला सर्वाधिक प्रभावित होगी।

### कमजोर होगी प्रतिस्पर्धा, बाधित होंगी आपूर्ति श्रृंखलाएं : फियो

निर्यातकों के संगठन फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि इतने टैरिफ से भारत की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी और आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होंगी। पूंजीगत सामान की लागत बढ़ेगी, मांग घटेगी। धातु क्षेत्र में टैरिफ वृद्धि और भी कठोर है। एल्युमिनियम पर टैरिफ बढ़ाकर 25-35% कर दिया गया है जबकि लौह-इस्पात और उनसे बने उत्पादों पर टैरिफ 15 से बढ़कर 35% कर दिया गया है। श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर भी असर पड़ेगा। परिधान और वस्त्रों पर 20-25 से बढ़कर 35 % टैरिफ लगाया जाएगा।

## रिकॉर्ड: देश में नवंबर में यात्री वाहनों की बिक्री 18.7% बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में नवंबर के महीने में यात्री वाहनों, दुपहिया और तिपहिया की थोक बिक्री का नया रिकॉर्ड बना है। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में घरेलू बाजार में कुल 4,12,405 यात्री वाहन बिके जो एक साल पहले के मुकाबले 18.7 प्रतिशत अधिक है।

यह नवंबर महीने की बिक्री का नया रिकॉर्ड है। दुपहिया की बिक्री 21.2 प्रतिशत बढ़कर 19,44,475 इकाई पर पहुंच गई। इसमें मोटरसाइकिल की बिक्री 17.5 प्रतिशत और स्कूटरों की 29.4 प्रतिशत बढ़कर क्रमशः 11,63,751 और 7,35,753 इकाई रही। मोपेड की बिक्री 2.1 फीसदी की गिरावट के साथ 44,971 इकाई रह गई। तिपहिया की बिक्री 21.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71,999 इकाई पर पहुंच गई। इसमें ई-रिक्शा में जहां 25.6 प्रतिशत की गिरावट रही, वहीं अन्य यात्री वाहक तिपहिया में 24.6 प्रतिशत की इजाफा देखा गया।





# सुप्रीम टिप्पणी: देश की न्यायपालिका को ध्वस्त कर देना चाहते हैं आप लोग

## अल्पसंख्यक विद्यालयों में आरटीई एक्ट पर पुराने आदेश को चुनौती देने पर नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक विद्यालयों को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत छूट देने के अपने पूर्व के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह के मुकदमे दायर करके न्यायपालिका को नीचा न दिखाएं। याचिकाकर्ता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यह दूसरों के लिए एक संदेश होना चाहिए।

पीठ ने कहा, आप उच्चतम न्यायालय के साथ ऐसा नहीं कर सकते। हम बेहद आक्रोशित हैं। अगर आप इस तरह के मुकदमे दायर करना शुरू करते हैं तो यह देश की पूरी न्यायिक व्यवस्था के खिलाफ होगा। आपको अपने मामले की गंभीरता का अंदाजा नहीं है। हम केवल एक लाख रुपये का



- कहा- ऐसे केस दायर कर हमें नीचा न दिखाएं, एक लाख का जुर्माना

जुर्माना लगा रहे हैं। याचिका दायर करने के लिए वकील को फटकार लगाते हुए पीठ ने कहा, इस तरह के मामले दायर करके देश की न्यायपालिका को बदनाम मत कीजिए। यहां क्या हो रहा है, क्या वकील इस तरह की सलाह दे रहे हैं। हमें वकीलों को दंडित करना होगा।

न्यायालय ने कहा, आप कानून के जानकार लोग और पेशेवर हैं और आप अनुच्छेद 32 के तहत इस न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर करते हैं, ये घोर दुरुपयोग है। हम संयम बरत रहे हैं। हम अवमानना का आदेश जारी नहीं कर रहे हैं। आप इस देश की न्यायपालिका को ध्वस्त करना चाहते हैं।

**ये था मामला**

उच्चतम न्यायालय गैर-सरकारी संगठन 'यूनाइटेड वॉइस फॉर एजुकेशन फोरम' की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थानों को दी गई छूट असंवैधानिक है क्योंकि यह उन्हें शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के दायित्वों से पूर्ण रूप से छूट प्रदान करती है। न्यायालय ने 2014 में दिए फैसले में कहा था कि आरटीई अधिनियम अनुच्छेद 30(1) के तहत अल्पसंख्यक विद्यालयों पर लागू नहीं होता है जो धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना और शासन का अधिकार प्रदान करता है।

### विचाराधीन मामलों में आधी-अधूरी जानकारी पर आधारित टिप्पणी से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि खासतौर पर विचाराधीन मामलों पर आधे-अधूरे सच और अधूरी जानकारी पर आधारित टिप्पणी से जनता की सोच प्रभावित होती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह मामलों की रिपोर्टिंग से प्रभावित नहीं होता और किसी प्रचार या कोई विमर्श बनाए जाने से न्यायालय को कोई फर्क नहीं पड़ता। शीर्ष अदालत ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें कुछ लोगों को बांग्लादेश प्रत्यर्पित किए जाने में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं होने का आरोप लगा है। सुनवाई के दौरान अदालत को जानकारी दी गई कि गर्भवती महिला सुनाली खातून और उसका आठ साल का बेटा भारत लौट आए हैं। फिलहाल दोनों को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में खातून के पिता के घर पर चिकित्सा सुविधा मिल रही है।

## फोन टैपिंग मामला: तेलंगाना के पूर्व खुफिया प्रमुख ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** फोन टैपिंग मामले में आरोपी तेलंगाना के पूर्व खुफिया प्रमुख टी. प्रभाकर राव ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार शुक्रवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) के पूर्व प्रमुख राव ने खुद को पूर्वाह्न 11 बजे जुबली हिल्स थाने में जांच अधिकारी (आईओ) के हवाले किया।

हैदराबाद पुलिस ने मार्च 2024 से अब तक निलंबित एसआईपी के पुलिस उपाधीक्षक समेत चार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उन्होंने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से खुफिया जानकारी मिटाई और फोन टैप किए। बाद में चारों पुलिस अधिकारियों को जमानत दे दी गई। राव ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार आत्मसमर्पण किया। बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा था कि यह आदेश राव के खिलाफ अपराधों की विस्तृत जांच के लिए पारित किया गया है। पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को निर्देश देते हैं कि वह शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक जुबली हिल्स थाने और जांच अधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण करें, कानून के अनुसार हिरासत में पूछताछ की जाएगी।

# श्यामकानु समेत चार लोगों ने की थी जुबिन गर्ग की हत्या

गुवाहाटी, एजेंसी

- एसआईटी ने जांच पूरी करने के बाद अदालत में दाखिल किया आरोप पत्र
- अन्य आरोपियों में सिद्धार्थ शर्मा, शेखर ज्योति और अमृतप्रवा महंत शामिल

गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को गुवाहाटी की एक अदालत में आरोपपत्र दाखिल कर श्यामकानु महंत और सिद्धार्थ शर्मा समेत चार लोगों पर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया। आरोपियों में शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत भी शामिल हैं।

श्यामकानु महंत सिंगापुर में आयोजित किए गए उत्तर पूर्व भारत महोत्सव का मुख्य आयोजक था और इस कार्यक्रम में गर्ग ने भाग लिया था। इसी महोत्सव में 19 सितंबर को समुद्र में तैरते समय रहस्यमय परिस्थितियों में गर्ग की मौत हो गई थी। वकीलों ने बताया कि गर्ग के चचेरे भाई और असम पुलिस के निलंबित अधिकारी संदीपन गर्ग पर सुबह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में दाखिल किए गए 3,500 से अधिक पृष्ठों के आरोपपत्र में गैर इरादतन हत्या का आरोप लगाया गया है। शर्मा गायक का सचिव था, जबकि शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रवा महंत गर्ग के बैंड के सदस्य थे।



वकीलों ने बताया कि गायक के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों नंदेश्वर बोरा और प्रबीन बैश्य को बीएनएस की धारा 31सी के तहत आरोपी बनाया गया है। इस धारा का संबंध निजी सुरक्षा अधिकारियों को सौंपे गए धन या संपत्ति का दुरुपयोग करके आपराधिक विश्वासघात करने से है। असम सरकार ने गर्ग की मौत की जांच के लिए डीजीपी एमपी गुप्ता के नेतृत्व में एसआईटी बनाई थी। मुख्यमंत्री ने हाल में विधानसभा सत्र में दावा किया था कि गर्ग की मौत स्पष्ट रूप से हत्या थी। सिंगापुर पुलिस बल भी गर्ग की मौत की जांच कर रहा है। एसपीएफ ने एक बयान में कहा था कि प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी का संकेत नहीं मिला है तथा मामले की जांच में और तीन महीने तक का समय लग सकता है।

# वायु प्रदूषण पर संसद में विस्तृत चर्चा हो: राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने लोकसभा में कहा- व्यवस्थित योजना रखें प्रधानमंत्री

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली समेत कई प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण का विषय शुक्रवार को लोकसभा में उठाया और कहा कि सरकार को संसद में विस्तृत चर्चा करानी चाहिए, साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समस्या से निपटने के लिए हर शहर के लिए एक व्यवस्थित योजना सामने रखनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि यह विषय कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में उठा था सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। राहुल गांधी ने कहा, हमारे अधिकतर प्रमुख शहरों पर जहरीली हवा की चादर पसरी हुई है। लाखों बच्चों को फेफड़ों की बीमारियां हो रही हैं, उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है और लोगों को कैंसर हो रहा है। वृद्ध लोगों को सांस लेने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर सरकार और हमारे बीच पूरी सहमति होगी। यह कोई वैचारिक मुद्दा नहीं है। सदन में हर कोई इस बात से सहमत है कि वायु प्रदूषण और इससे हमारे लोगों को जो नुकसान हो रहा है, वह ऐसी चीज है जिस पर हमें सहयोग करना चाहिए।

राहुल गांधी का कहना था कि सरकार को देश के शहरों में वायु प्रदूषण से छुटकारे के लिए योजना बनानी चाहिए और विपक्ष को योजना विकसित करने में सरकार का सहयोग करके खुशी होगी। राहुल गांधी ने कहा, इस मुद्दे पर हम देश को दिखा सकते हैं कि हम किसी महत्वपूर्ण चीज़ पर मिलकर काम कर सकते हैं।

## एआर रहमान को मिलेगा लक्ष्मीनारायण अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

**चेन्नई।** संगीतकार ए. आर. रहमान को इस साल लक्ष्मीनारायण अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह घोषणा 'लक्ष्मीनारायण ग्लोबल म्यूजिक फेस्टिवल' के आयोजकों ने की है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह पुरस्कार कलाकारों के कला क्षेत्र में योगदान को मान्यता देने के लिए शुरू किया गया है और इसे 15 दिसंबर को एक विशेष समारोह में ए. आर. रहमान को प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यक्रम 'लक्ष्मीनारायण ग्लोबल म्यूजिक फेस्टिवल' के 35वें संस्करण के उद्घाटन के तौर पर काम करेगा। इसे चेन्नई में रसिका रंजनी सभा में आयोजित किया जाएगा।

# केरल : अभिनेत्री के साथ सामूहिक बलात्कार मामले में छह लोगों को 20 साल कठोर कैद

कोच्चि, एजेंसी

- अदालत ने 2017 के मामले में सुनाई सजा, अन्य अपराधों के लिए कारावास से दंडित किया

केरल की एक अदालत ने 2017 में एक अभिनेत्री के सामूहिक बलात्कार के मामले में दोषी पाए गए छह लोगों को शुक्रवार को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपियों में सुनील एनएस उर्फ पल्सर सुनी, मार्टिन एंटनी, मणिकंदन बी, विजयेश वीपी, सलीम एच और प्रदीप शामिल हैं। एर्णाकुलम जिला एवं प्रधान सत्र न्यायालय के न्यायाधीश हनी एम वर्गीस ने ने उन्हें अन्य अपराधों के लिए भी कारावास का आदेश दिया, लेकिन ये सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

अदालत ने पीड़िता को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने और यौन उत्पीड़न के वीडियो वाली पेन ड्राइव को जांच अधिकारी के कब्जे में रखने का भी आदेश दिया। इससे पहले आठ दिसंबर को अदालत ने मामले में अभिनेता दिलीप समेत चार आरोपियों को बरी कर दिया था। शुरुआती सुनवाई में अदालत ने सजा की अवधि पर दोषियों, उनके वकीलों और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनीं। न्यायाधीश ने वकीलों और मीडिया को फैसले के मद्देनजर न्यायिक प्रक्रिया की आलोचना करने से भी परहेज करने का निर्देश दिया।

### फूट-फूटकर रोए दोषी, नरमी की अपील की

दोषियों ने अपनी पारिवारिक और स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों का हवाला देते हुए अदालत से नरमी बरतने की अपील की। मार्टिन और प्रदीप अदालत में फूट-फूटकर रो पड़े और उन्होंने निर्दोष होने का दावा करते हुए कहा कि वे अपने परिवारों के एकमात्र कमाने वाले हैं। विशेष लोक अभियोजक वी. अजा कुमार ने कहा कि सामूहिक बलात्कार के लिए सभी आरोपियों को अधिकतम आजीवन कारावास की सजा दी जानी चाहिए।

पूरी सुनवाई के दौरान, अदालत ने स्पष्ट किया कि सुनी द्वारा किया गया अपराध पांच अन्य दोषियों के अपराधों से कहीं अधिक गंभीर है। सत्रह फरवरी 2017 को अभिनेत्री से सामूहिक दुष्कर्म के मामले ने केरल को झकझोर कर रख दिया था। आरोपी जबरन अभिनेत्री की कार में घुस गए थे और दो घंटे तक उसे अपने कब्जे में रखा।

पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी पल्सर सुनी ने चलती कार में अभिनेत्री के साथ बलात्कार किया और अन्य दोषियों ने वीडियो बनाया। साजिश रचने के आरोपअभिनेता दिलीप को जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, लगभग छह साल तक चले मुकदमे के बाद अदालत ने उन्हें निर्दोष पाया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईयू ने अफ़गानिस्तान को दिए तीन करोड़

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने अफ़गानिस्तान में मानवीय जरुरतों को मज़बूत करने और खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) को दो करोड़ 90 लाख 30 हजार रुपये दिए हैं। अफ़गानिस्तान में ईयू प्रभारी डी अफ़ेयर्स वेरोनिका बोस्कोविक-पोहर ने कहा कि डब्ल्यूएफपी में यूरोपियन संघ का नया योगदान अफ़गान लोगों, खासकर महिलाओं, बच्चों और कमज़ोर स्थानीय समुदाय के प्रति हमारे लगातार समर्पण को दिखाता है। कृषि और खाद्य मूल्य श्रृंखला को अफ़गानों के पोषण, स्वास्थ्य और आर्थिक जरुरतों को मज़बूत करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए।

### चीन गर्भनिरोधक दवा पर लगाएगा टैक्स

**बीजिंग।** चीन तीन दशकों से भी अधिक समय में पहली बार जल्द गर्भनिरोधक दवाओं और उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूलना शुरू करेगा। यह कदम दशकों तक अधिकतर परिवारों को एक बच्चे तक सीमित रखने के बाद उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के बीजिंग के प्रयासों के अनुरूप है। देश के नवीनतम मूल्य वर्धित कर कानून के अनुसार एक जनवरी से गर्भनिरोधक दवाएं और उत्पाद कर-छूट की श्रेणी में नहीं रहेंगे। कंडोम' जैसे उत्पादों पर भी 13 प्रतिशत का सामान्य वैट लगेगा। यह विषय चीनी सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है।

### जेल में इमरान के साथ हो रहा दुर्व्यवहार

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री मोहम्मद शोएब अफरीदी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के साथ जेल में दुर्व्यवहार किया जा रहा है। अफरीदी की ये टिप्पणी ऐसे वक्त आई है जब गुरुवार को अदियाला जेल प्रशासन ने उन्हें जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान से मिलने की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

### सोशल मीडिया पाबंदी को कानूनी चुनौती

**मेलबर्न।** वैश्विक ऑनलाइन मंच रेडिट ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के उस कानून के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की, जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लोकप्रिय सोशल मीडिया मंचों पर अकाउंट बनाने से रोकता है। ऑस्ट्रेलिया ऐसा कदम उठाने वाला दुनिया का पहला देश है। कैलिफोर्निया स्थित रेडिट इंक ने उच्च न्यायालय में यह याचिका दायर की है। इसी कानून को लेकर पिछले महीने सिडनी स्थित अधिकार समूह डिजिटल फ्रीडम प्रोजेक्ट ने भी चुनौती दी थी।

# जापान में फिर से लगे 6.7 तीव्रता के भूकंप के झटके

**टोक्यो, एजेंसी**



- जानमाल के नुकसान के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं

जापान में आए 6.7 तीव्रता के भूकंप के बाद शुक्रवार को जारी की गई सुनामी की चेतावनी वापस ले ली गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी। जेएमए ने बताया कि भूकंप जापान के मुख्य द्वीप होन्शू के उत्तरी क्षेत्र स्थित आओमोरी में तट के पास पूर्वाह्न 11 बजकर 44 मिनट पर आया। एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र लगभग 20 किलोमीटर की गहराई में था।

इससे पहले एजेंसी ने चेतावनी दी थी कि होकाइदो, आओमोरी, इवाते और मियागी में प्रशांत महासागर तट पर एक मीटर (3.2 फुट) ऊंची सुनामी की लहरें उठ सकती हैं, लेकिन दो घंटे बाद इसे वापस ले लिया गया। भूकंप से जानमाल के नुकसान के बारे में अभी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तरी जापान में 7.5 तीव्रता वाला भूकंप आने के बाद, शुक्रवार को फिर से झटके महसूस किए गए। उस दौरान प्रशांत महासागर तट के कुछ इलाकों में सुनामी भी आई थी।

## भगोड़े अपराधियों पर कानून का शिकंजा

गोवा के अरपोरा गांव में स्थित नाइटक्लब ब्रीच बॉय रोमिया लेन में 6-7 दिसंबर की रात आग लग गई, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई। आग के दौरान क्लब में सुरक्षा इंतज़ाम न होने और गैस सिलेंडर/फायरवर्क्स से प्रज्वलन तेज़ फैलने की बात सामने आई। दिल्ली के व्यवसायी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा क्लब के सह-मालिक हैं। हादसे के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए दोनों थाईलैंड के फुकेत भाग गए। भारत ने उन्हें पकड़ने को इंटरपोल के ज़रिए ब्लू कार्नर नोटिस जारी करवाया। नोटिस के बाद थाई पुलिस ने दोनों को फुकेत में एक होटल से हिरासत में ले लिया। उन्हें बैंकॉक के इमिग्रेशन डिटेंशन संेटर में रखा गया है। थाईलैंड के साथ प्रत्यर्पण संधि के तहत दोनों को भारत भेजने की प्रक्रिया चल रही है। आइए जानते हैं, भारत से विदेश भागे अपराधियों, आरोपियों के प्रत्यर्पण की क्या प्रक्रिया है।

## दूसरे देशों से प्रत्यर्पण संधि




### अब तक भारत लाए गए बड़े अपराधी

- अबू सलेमको 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया, 1993 में मुंबई ब्लास्ट में आरोपी, अंडरवर्ल्ड अपराधी। औपचारिक प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत लाया गया।
- छोटा राजन को 2015 में इंडोनेशिया से डिपोर्ट किया गया। अंडरवर्ल्ड अपराधी, हत्या, जबरन उगाही में आरोपी। इंटरपोल ने इसके लिए रेड कार्नर नोटिस जारी की थी।
- हसन अली खान को 2011 में यूएई से प्रत्यर्पित किया गया। 70 हजार करोड़ रुपये की कथित मनी लॉन्ड्रिंग और, टैक्स चोरी के आरोप में औपचारिक प्रत्यर्पण अनुरोध पर यूएई ने भारत को सुपुर्द किया।
- मोनिका बेदी को 2005 में पुर्तगाल/स्पेन से प्रत्यर्पित किया गया। बेदी पर फर्जी पासपोर्ट रखने और अंडरवर्ल्ड से संबंध रखने का आरोप था।

### कैसे काम करती है प्रत्यर्पण प्रक्रिया

- भारत और संबंधित देश में प्रत्यर्पण संधि का होना जहां पर भारत में घोषित अपराधी भागकर गया है और वहां उसकी गिरफ्तारी की गई है। प्रत्यर्पण संधि में यह तय होता है कि अगर कोई आरोपी वहां छिपा है तो उसे भारत भेजने के लिए क्या प्रक्रिया अपनानी है। संबंधित आरोपी या अपराधी को भारत भेजने के लिए पुलिस या सीबीआई संबंधित आरोपों और सबूतों के साथ उस देश की सरकार को आधिकारिक प्रत्यर्पण अनुरोध भेजती है। संबंधित देश के अनुरोध पर इंटरपोल नोटिस जारी करता है। इंटरपोल जैसे वैश्विक संगठन की मदद से दुनिया भर में आरोपी की लोकेशन ट्रैक करने में मदद मिलती है, जिससे उसकी गिरफ्तारी आसान हो जाती है। आरोपी को उस देश की पुलिस हिरासत में लेती है। फिर दोनों देशों की कानूनी प्रक्रियाएं शुरू होती हैं जिसमें आरोपी को सुना जाता है, दस्तावेजों की जांच होती है और उस देश की अदालत में सुनवाई होती है कि प्रत्यर्पण देना है या नहीं। अदालत प्रत्यर्पण को मंज़ूरी दे देती है तो आरोपी को भारत भेज दिया जाता है। यह प्रक्रिया कुछ दिनों से लेकर महीनों तक भी चल सकती है।

### क्या है रेड कॉर्नर नोटिस

- यह इंटरपोल की तरफ से जारी होने वाला सबसे गंभीर नोटिस है। यह किसी देश द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट जैसा माना जाता है ताकि किसी फरार अपराधी को पकड़ कर उस देश को सौंपा जा सके। इसमें व्यक्ति अपराधी या गंभीर आरोपी माना जाता है। इंटरपोल से सदस्य देशों की पुलिस को कहा जाता है कि इसे पकड़ो और उसकी सूचना हमें दो। फिर प्रत्यर्पण शुरू किया जाता है। यह गंभीर अपराध पर जारी किया जाता है।

### ब्लू कॉर्नर नोटिस

- यह संदिग्ध या जांच के लिए ज़रूरी व्यक्ति की लोकेशन पता करने, पहचान पुष्टि करने, गतिविधियों का ट्रैक करने के लिए जारी किया जाता है। व्यक्ति आरोपी हो सकता है, लेकिन उसे फरार अपराधी घोषित करना अभी बाकी होता है। उद्देश्य सूचना इकट्ठी करना होता है, गिरफ्तारी करवाना नहीं। यह तब जारी किया जाता है जब पता नहीं हो कि व्यक्ति कहां है।

# चीन की गतिविधियों में वृद्धि के बाद जापान-अमेरिका का सैन्य अभ्यास

## अमेरिकी बमवर्षकों ने जापानी लड़ाकू विमानों के बेड़े साथ किया प्रदर्शन

**टोक्यो, एजेंसी**



अमेरिकी सामरिक बमवर्षक विमानों ने जापानी लड़ाकू विमानों के बेड़े के साथ एक संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया, जिसका उद्देश्य जापान के हवाई क्षेत्र के आसपास दोनों देशों के सैन्य सहयोग का प्रदर्शन करना था। रक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह अभ्यास ऐसे समय में हुआ है जब जापान और चीन के बीच तनाव बढ़ रहा है। जापान-अमेरिका के संयुक्त अभ्यास से एक दिन पहले चीनी और रूसी बमवर्षक विमानों ने पश्चिमी जापान के आसपास संयुक्त रूप से उड़ान भरी थी, जिसके बाद जापान को अपने लड़ाकू विमान भेजने पड़े।

इससे पहले शनिवार को चीनी सैन्य विमानों ने जापानी विमानों पर रडार लॉक कर दिया था। यह घटना तोक्यो और बीजिंग के संबंधों में कड़वाहट की एक और वजह बनी। जापानी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि शुक्रवार तड़के, जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी और उनके अमेरिकी समकक्ष पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से तनावपूर्ण होती सुरक्षा स्थिति को लेकर टेलीफोन पर वार्ता की। बयान में संयुक्त अभ्यास का उल्लेख नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि मंत्रियों ने क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने वाली किसी भी कार्रवाई पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि चीन की कार्रवाइयां क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए अनुकूल नहीं हैं। कोइज़ुमी ने एक बार फिर कहा कि जापान अपने आसपास के हवाई क्षेत्र और जल क्षेत्रों में निगरानी गतिविधियां जारी रखेगा।

### चीन के रडार लॉक की घटना पर चिंता जताई

**टोक्यो।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ और जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी ने चीनी सैन्य विमान से जुड़े रडार लॉक की घटना पर गंभीर चिंता जताई। गत 6 दिसंबर को एक चीनी फाइटर जेट ने दक्षिण-पश्चिमी जापान में ओकिनावा प्रीफेक्चर के पास जापानी एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स के विमान पर अपने रडार को टारगेट किया।

### पुतिन ने वेनेजुएला के प्रति व्यक्त की एकजुटता

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को वेनेजुएला के लोगों के प्रति ऐसे समय में एकजुटता व्यक्त की, जब वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के बीच तनाव बढ़ गया है। रूसी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास क्रेमलिन ने एक बयान में कहा कि पुतिन ने फोन पर मादुरो से बात की और बढ़ते बाहरी दबाव के बीच राष्ट्रीय हितों और संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी नीति का समर्थन दोहराया। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी बलों ने वेनेजुएला के तट से एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया। यह मादुरो पर दबाव बढ़ाने की ट्रंप प्रशासन की नयी रणनीति मानी जा रही है। अमेरिका में मादुरो पर मादक आतंकवाद फैलाने के आरोप भी लगाए गए हैं। गुरुवार को अमेरिकी संसद के समक्ष अपने बयान में होमलैंड सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने टैंकर जब्ती को क्षेत्र में मादक पदार्थ विरोधी अभियान से जोड़ा। अमेरिका ने दशकों में पहली बार इस क्षेत्र में अपनी सैन्य मौजूदगी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ाई है और कथित तौर पर मादक पदार्थ की तस्करी करने वाली नौकाओं पर घातक हमले किए हैं। मादुरो का कहना है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई का असली उद्देश्य उन्हें सत्ता से हटाना है। वेनेजुएला की सरकार ने टैंकर जब्ती को खुली लूट और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री डकैती बताया। वेनेजुएला सरकार ने कहा कि पुतिन ने मादुरो को स्पष्ट रूप से अपना समर्थन दोहराया और बताया कि मॉस्को और काराकास के बीच सीधा संवाद हमेशा खुला रहेगा। रूस ने आश्वासन दिया कि वह वेनेजुएला का उसके संप्रभुता, अंतर्राष्ट्रीय कानून और लातिन अमेरिका में शांति की रक्षा के संघर्ष में साथ देता रहेगा। पूर्व राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज की तरह मादुरो ने भी रूस के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे हैं।

## सिंगापुर में भारतीय महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर

**सिंगापुर।** सिंगापुर स्थित भारतीय उच्चायोग ने विदेशों में संकटग्रस्त भारतीय महिलाओं की सहायता के लिए सरकार की योजना के तहत एक वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) स्थापित किया है। यह पहल भारतीय सरकार की सखी वन स्टॉप सेंटर योजना के अंतर्गत की गई है, जो विदेशों में महिला-केंद्रित कल्याणकारी पहलों के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उच्चायुक्त शिल्पक अंबुले ने शुक्रवार को बताया कि सिंगापुर स्थित भारतीय उच्चायोग में स्थापित 'वन स्टॉप सेंटर' संकटग्रस्त भारतीय महिलाओं को व्यापक सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत, संकटग्रस्त भारतीय महिलाओं को कानूनी, चिकित्सा और अन्य आवश्यक चीजों के लिए सहायता प्रदान की जाएगी।

यह केंद्र शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक या आर्थिक शोषण का सामना कर रही महिलाओं के लिए कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, अस्थायी आश्रय और आपातकालीन प्रतिक्रिया सहित एकीकृत सहायता सेवाएं प्रदान करेगा। इस पहल को भारत के विदेश मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है और इसका वित्तपोषण भारतीय सामुदायिक कल्याण कोष (आईसीडब्ल्यूएफ) द्वारा किया जाता है। इसी तरह के केंद्र बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कनाडा में भी शुरू किए गए हैं।

## राजा से अनुमति मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने भंग की थाईलैंड की संसद

**बैंकॉक, एजेंसी**



- अगले साल देश में नए चुनाव कराने का रास्ता हुआ साफ

कंबोडिया के साथ जारी भीषण संघर्ष के बीच थाईलैंड में अगले साल की शुरुआत में नए चुनाव कराने के लिए शुक्रवार को संसद भंग कर दी गई। थाईलैंड के राजा महा वजीरालोंगकोर्न से मंजूरी मिलने के बाद प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल ने प्रतिनिधि सभा को भंग कर दिया। यह अनुमोदन शुक्रवार को राजकीय राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ प्रभावी हो गया। अनुतिन ने गुरुवार देर रात फेसबुक पर एक पोस्ट के ज़रिए इस कदम का संकेत देते हुए कहा था कि मैं सत्ता जनता को लौटाना चाहता हूं।

राज परिवार की मंज़ूरी मिलने के बाद 45 से 60 दिनों के भीतर चुनाव कराना जरूरी है। इस अवधि में अनुतिन सीमित शक्तियों वाली कार्यवाहक सरकार का नेतृत्व करेंगे, जो नया बजट मंजूर नहीं कर सकती। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब थाईलैंड, कंबोडिया के साथ लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद पर बड़े पैमाने पर संघर्ष में उलझा है। अनुतिन केवल तीन महीने पहले प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने पैटोंगटार्न शिनवात्रा का स्थान लिया था, जो केवल एक वर्ष तक ही पद पर रहीं। पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनवात्रा की बेटी पैटोंगटार्न को जुलाई में हुए सशस्त्र संघर्ष से पहले कंबोडिया के सीनेट अध्यक्ष हुन सेन के साथ एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील फोन कॉल को लेकर नैतिक उल्लंघन का दोषी पाया गया था, जिसके चलते उन्हें पद से बर्खास्त कर दिया गया। अनुतिन ने सितंबर में संसद में हुए मतदान में मुख्य विपक्षी पीपुल्स पार्टी के समर्थन से जीत हासिल की थी।

बदले में उन्होंने चार महीनों के भीतर संसद भंग करने और निर्वाचित संविधान सभा द्वारा नया संविधान तैयार करवाने पर जनमत संग्रह कराने का वादा किया था। प्रगतिशील नीतियों पर काम करने वाली विपक्षी पार्टी लंबे समय से सैन्य शासन के दौरान बनाए गए संविधान में बदलाव चाहती रही है और इसे अधिक लोकतांत्रिक बनाने की मांग करती है। संवैधानिक बदलाव का मुद्दा संसद भंग करने की वजह प्रतीत होता है क्योंकि पीपुल्स पार्टी ने गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली थी।

# विमान के टेल में फंसा स्काई डाइवर

**मेलबर्न, एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया में 15 हजार फीट की ऊंचाई से लगाई थी छलांग

ऑस्ट्रेलियाई दुर्घटना जांचकर्ताओं ने एक स्काईडाइवर द्वारा छलांग लगाने के बाद उसका पैराशूट विमान के पिछले हिस्से (टेल) में उलझ जाने की भयावह तस्वीरें जारी कीं, जिसके कारण वह 4,500 मीटर (15,000 फुट) की ऊंचाई पर लटका रह गया।

ऑस्ट्रेलिया परिवहन सुरक्षा ब्यूरो ने गुरुवार को वीडियो जारी करते हुए जानकारी दी कि घटना 20 सितंबर को क्वींसलैंड राज्य के टुली हवाई अड्डे पर हुई और स्काईडाइवर एड्रियन फर्ग्यूसन ने खुद को बचाने के लिए हुक वाले चाकू का इस्तेमाल किया और उन्हें पैर में मामूली चोटें आईं। उस दिन सेसना कारवां विमान में सवार पायलट और 16 अन्य पैराशूट से उतरने वाले लोगों को कोई चोट नहीं आई। ब्यूरो के मुताबिक विमान वांछित ऊंचाई पर पहुंच चुका था, जहां स्काईडाइवर 16-सदस्यीय 'फॉर्मेशन जंप' करने की योजना बना रहे थे। 17वां पैराशूटर एक खुले दरवाजे पर खड़ा था, ताकि बाकी लोगों के कूदने के दौरान वह वीडियो रिकॉर्ड कर सके।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फर्ग्यूसन विमान से बाहर निकल रहे थे तभी उनके रिजर्व पैराशूट की रस्सी विमान के पिछले हिस्से में फंस गई। हालांकि पैराशूट खुला और फर्ग्यूसन को पीछे की ओर झटका लगा। इससे उन्होंने कैमरा ऑपरेटर को विमान से बाहर धकेल दिया और वह नीचे गिरने लगे। फर्ग्यूसन के पैर विमान के क्षैतिज स्टेबलाइजर से टकराए, जिसके बाद पैराशूट उसमें उलझ गया और वह हवा में लटक गए। फर्ग्यूसन ने चाकू से 11 रस्सियां काटी और मुख्य पैराशूट खोला, जो रिजर्व पैराशूट के हिस्से से उलझने के बावजूद पूरी तरह से खुल गया, और वे सुरक्षित नीचे उतर गए।

## अमेरिका में गैस विस्फोट से घरों को क्षति, छह घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के कैलिफोर्निया प्रांत के सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र के एक इलाके में गुरुवार को गैस विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई, जिसके कारण छह लोग घायल हो गए। दमकल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की घटना में एक घर पूरी तरह से नष्ट हो गया, कुछ घरों की खिड़कियां टूट गईं और आसपास के घरों में कंपन महसूस हुई। वीडियो फुटेज में हेवर्ड शहर में स्थित एक घर में अचानक विस्फोट होता दिख रहा है। विस्फोट इतना जोरदार था कि मलबा हवा में फैल गया।

# म्यांमार में अस्पताल पर हवाई हमला, 34 लोगों की मौत

**बैंकॉक, एजेंसी**



- विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में सैन्य हमले में 80 अन्य घायल

म्यांमार में एक प्रमुख हथियारबंद विद्रोहियों के नियंत्रण वाले क्षेत्र में सेना द्वारा किए गए हमले में एक अस्पताल नष्ट हो गया। इस घटना में 34 मरीज और चिकित्सा कर्मचारी मारे गए जबकि 80 अन्य घायल हो गए। गुरुवार को एक बचावकर्मी और स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट से यह जानकारी मिली।

पश्चिमी राज्य रखाइन के जातीय अराकान आर्मी के नियंत्रण वाले क्षेत्र म्राउक-यू कस्बे में बुधवार रात को जनरल अस्पताल पर हुए हमले में लगभग 80 अन्य लोग घायल हो गए।

म्यांमार की सत्ता पर 2021 में कब्जा करने वाली और तब से जातीय मिलिशिया एवं सशस्त्र विद्रोही बलों से लड़ रही सेना ने इस क्षेत्र में किसी भी हमले का जिक्र नहीं किया है। रखाइन में बचाव सेवाओं के एक वरिष्ठ अधिकारी वाई हुन आंग ने बताया कि एक जेट लड़ाकू विमान ने रात 9.13 बजे दो बम गिराए, जिनमें से एक अस्पताल के रिकवरी वार्ड में गिरा और दूसरा अस्पताल की मुख्य इमारत के पास गिरा।

उन्होंने बताया कि वह सहायता प्रदान करने के लिए बृहस्पतिवार तड़के अस्पताल पहुंचे और वहां 17 महिलाओं और 17 पुरुषों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि बमों से अस्पताल की इमारत का अधिकतर हिस्सा नष्ट हो गया और अस्पताल के पास खड़ी टैक्सियां एवं मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। रखाइन स्थित ऑनलाइन मीडिया ने क्षतिग्रस्त इमारतों की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं जिसमें आस-पास बिखरे मलबे, चिकित्सा उपकरण नजर आ रहे हैं। वाई हुन आंग ने कहा कि यह अस्पताल रखाइन के लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल का मुख्य स्रोत रहा है, जहां म्यांमार के गृहयुद्ध के कारण अधिकतर अस्पताल बंद हो गए हैं। म्यांमार की समानांतर नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट ने इस हवाई हमले की निंदा की है। 2021 में पद ग्रहण से रोके गए निर्वाचित सांसदों ने इस समानांतर सरकार का गठन किया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 दिसंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 16.37 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- हेमंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त पूर्ण रात्रि तक।

**मेष** — आज यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था, तो वह दूर हो सकता है। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से मन शांत होगा।

**वृष** — आज गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। संतान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**मिथुन** — आज निजी संबंधों को लेकर गंभीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं। इस समय नया कार्य आरंभ करना उचित नहीं है। पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है।

**कर्क** — आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे।

**सिंह** — आज कारोबार से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**कन्या** — आज आप अत्यंत आनंदित रहने वाले हैं। कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** — आज का दिन यात्राओं के लिए सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दांपत्य संबंधों के लिए समय अवश्य निकालें। कोई आवश्यक निर्णय अचानक लेना पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता है। परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। धैर्यपूर्वक किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें।

**धनु** — आज व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए घर या जमीन में निवेश सकते हैं। जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिए हितकर होगा। दूसरों की बातों को अधिक तूल न दें। संतान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे।

**मकर** — आज अनावश्यक खर्चे नियंत्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें। आपके काम कुछ गतिरोध के साथ पूर्ण होंगे।

**कुंभ** — आज अधिक विचार करने की आदत से आपको बचना चाहिए। मान-सम्मान की चिंता रहेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें।

**मीन** — आज अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। अपना मन हर स्थिति में शांत रखें। घर के लोग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे।

## सुडोकू-189

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 2 | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | 7 |
| | | | | 5 | | | | |
| | | | | | 8 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | | | | |

### सुडोकू - 188 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 |



मुझे लगता है कि संन्यास लेने से पहले इस टीम के लिए मैच जीतने की मेरी भूख कम हो रही थी, लेकिन मैंने जो ब्रेक लिया उसने मेरी भूख को फिर से जगा दिया। मैं टीम के साथियों से कह रहा था कि मुझे नहीं लगता कि मैंने पहले कभी ऐसा महसूस किया है।

-क्विंटन डिकॉक


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में भारतीयों का चमकदार प्रदर्शन

**दुबई।** भारत के पैरा खिलाड़ियों ने शुक्रवार को यहां युवा एशियाई पैरा खेल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें बेबी सहाना रवि और विश्व विजय तांबे ने क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीता। सहाना रवि ने पैरा टेबल टेनिस के क्लास एसएफ-9 (अंडर-23) वर्ग में फिलीपींस की ले मैरी मैगिनसे को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता। विजय तांबे ने उत्तर कोरिया के क्वांग नाम सो के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद क्लास एसएम-10 वर्ग में भारत के खाते रजत पदक जोड़ा। दस से 13 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में 11 खेल स्पर्धाओं तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बोचया, गोलबॉल, पावरलिफ्टिंग, तैराकी, ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, व्हीलचेयर बास्केटबॉल और पंजा में मुकाबला होगा। भारत ने 99 खिलाड़ियों का दल भेजा है जिसमें 61 पुरुष और 38 महिलाएं हैं जो आठ खेल स्पर्धाओं में मुकाबला करेंगे।

### कोहली 15 वर्षों बाद विजय हजारे ट्रॉफी में जोर दिखाएंगे

**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऋषभ पंत को 24 दिसंबर से शुरू होने वाले विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली की संभावित टीम में शामिल किया गया है। कोहली ने हाल ही में दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को अपनी उपलब्धता के बारे में बताया, जिससे 15 साल बाद दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में उनकी वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी बार 2010 में सर्विसेज के खिलाफ टूर्नामेंट में खेला था और इस सीजन में दिल्ली के लिए रणजी ट्रॉफी मैच खेल चुके हैं। कोहली और रोहित शर्मा, जो भारत की टेस्ट और टी-20 टीम से संन्यास ले चुके हैं, अब केवल एकदिवसीय प्रारुप में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करते है।

## गिल से आईपीएल जैसी बल्लेबाजी चाहती है टीम इंडिया

### भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा - शुभमन ने खुद पर बहुत अधिक बोझ ले लिया

मुल्लांपुर, एजेंसी

भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने टी20 में वापसी के बाद से खुद पर बहुत अधिक बोझ ले लिया है और टीम चाहती है कि वह आईपीएल की तरह ही खुलकर बल्लेबाजी करें। गिल ने सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी की थी। उन्होंने शीर्ष क्रम में संजू सैमसन की जगह ली, लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लग गए हैं।

भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में हार के बाद टेन डोएशे संवाददाताओं से कहा कि गिल को सबसे छोटे प्रारूप में थोड़ा सहज होने की जरूरत है और उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में इसके संकेत दिखाए थे। टेन डोएशे ने पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा इंग्लैंड में जिस तरह से उन्होंने कप्तानी संभाली और जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया उसकी कुछ झलक टी20 टीम में उनके इरादों में दिखती है।

उन्होंने कहा अगर कुछ था तो वह कुछ ज्यादा ही परवाह करने वाले खिलाड़ी हैं और अपनी भूमिका को लेकर शायद कुछ थोड़ा ज्यादा सख्त हो गए। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में हमारी बातचीत उस जिम्मेदारी को कम करने और स्वच्छंद होकर खेलने से जुड़ी थी। विशेषकर उस भूमिका में जहां आपको लगता है कि आपको टीम में अपनी जगह को सही साबित करने की जरूरत है। टेन डोएशे ने कहा हम नहीं चाहते कि वह ऐसा करे। हम चाहते हैं कि जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में खुलकर बल्लेबाजी की थी, यहां भी वह इस तरह की आजादी से खेलें। हमें उसकी प्रतिभा पर भरोसा है और हमें विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ भी ऐसा ही है। नीदरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने सूर्यकुमार का भी समर्थन किया, जो पिछले साल कप्तानी संभालने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टेन डोएशे ने कहा सूर्या बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हमें उन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। अगर आप भारत की तरफ से नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं, तो आप पर रन बनाने का दबाव होना स्वाभाविक है। उनका प्रदर्शन चिंता का विषय नहीं है।





तीसरे टी20 मुकाबले के लिए भारत और दक्षिण अफ्रीकी की टीमें धर्मशाला पहुंच गईं। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर शुभमन गिल, दक्षिण अफ्रीका के जॉर्ज लिंडे व भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव। एजेंसी

### शुभमन का खराब फॉर्म एक बुरा संकेत : इरफान पठान

**नई दिल्ली :** भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि शुभमन गिल का खराब फॉर्म न केवल उन पर व्यक्तिगत रूप से बल्कि टीम प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ा रही है। पठान ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि संजू सैमसन को वापस लाकर पहले की तरह के सफल बल्लेबाजी संयोजन को बहाल करना भी उतना आसान नहीं होगा, क्योंकि केरल के इस खिलाड़ी को भी अपनी लय वापस पाने में कुछ समय लगेगा। भारत के लिए टी20 में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सैमसन काफी सफल रहे थे। इसके बाद जब गिल को टी20 उप-कप्तान बनाया गया तो सैमसन की जगह उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारा गया।

## सिर्फ दो मैचों के बाद आंकलन ठीक नहीं : नेहरा

नई दिल्ली, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स के मुख्य कोच आशीष नेहरा कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म पर जल्दबाजी में की जा रही आलोचनाओं से नाखुश हैं और उन्होंने कहा कि इतने उतार-चढ़ाव वाले टी20 प्रारूप में दो मैच के आधार पर किसी खिलाड़ी को खारिज कर देना जल्दी निष्कर्ष निकालने की बढ़ती हुई प्रवृत्ति का संकेत है।

एशिया कप के दौरान उप-कप्तान के रूप में टी20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में लौटे गिल ने पिछले 10 मैच में कुल 181 रन बनाए हैं जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 140 से कम रहा है। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स के कोच के तौर पर गिल को करीब से देखने वाले नेहरा से पूछा गया कि क्या वह चिंतित हैं जबकि आईपीएल



शुरू होने में अभी तीन महीने ही बचे हैं। अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर पूर्व तेज गेंदबाज नेहरा ने कहा तीन महीने तो छोड़ दो, अगर आईपीएल तीन हफ्ते बाद भी होता तब भी मैं चिंतित नहीं होता क्योंकि आप टी20 जैसे प्रारूप की बात कर रहे हैं। और अगर मैं गलत नहीं हूं तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ दो मैच ही खेले गए हैं। नेहरा का मानना है कि भारत में आलोचना की मूल समस्या सिर्फ संख्याओं को देखकर निष्कर्ष पर पहुंच जाना है। उन्होंने कहा यही हमारी समस्या है। इस प्रारूप में (भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट हो या आईपीएल) अगर शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी को दो-तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने पर आंका जाए तो मुश्किल होगी। अपनी खास व्यंग्यात्मक शैली में नेहरा ने कहा कि अगर बदलाव चाहिए तो विकल्पों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने कहा आपके पास बहुत विकल्प हैं। अगर आप देखना चाहते हैं तो अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को हटा सकते हैं तथा साई सुदर्शन और रुतुराज गायकवाड़ को पारी का आगाज करा सकते हैं। नेहरा ने कहा अगर आप इन्हें (साई और रुतुराज) भी हटाना चाहें तो वाशिंगटन सुंदर और ईशान किशन से पारी का आगाज करा सकते हैं। इसलिए विकल्प बहुत हैं।

## उन्नति, तस्नीम व रौनक पहुंचे सेमीफाइनल में

**कटक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तस्नीम मीर, इशारानी बरुआ, किरण जॉर्ज और रौनक चौहान ने ओडिशा मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। पुरुष एकल में दूसरे वरीय किरण ने रित्विक संजीव को 33 मिनट में 21-11, 21-17 से हराकर अपना दमखम बरकरार रखा। अब उनका मुकाबला रौनक से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त हमवतन शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 41 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-19, 22-20 से हराकर उलटफेर किया।

इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ ने शीर्ष वरीयता प्राप्त थारुन मन्नेपल्ली को 49 मिनट में 21-9, 22-20 से हराया। महिला एकल क्वार्टर फाइनल में भी कुछ चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले जहां सेमीफाइनल में चारों भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने से खिताब भारत के नाम पक्का हो गया। तान्या हेमंत ने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को 39 मिनट में 21-18, 21-17 से हराकर चौंका दिया। उनका मुकाबला शानदार लय में चल रही साथी हमवतन ईशारानी बरुआ से होगा। बरुआ ने छठी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब को 41 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अपनी शानदार लय बरकरार रखी। शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा ने अनुपमा को 21-16, 21-15 से हराकर अंतिम में प्रवेश किया। तस्नीम मीर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की सातवीं वरीयता प्राप्त तुंग सिउ-टोंग को मात देकर सेमीफाइनल में पक्की की।

## मेसी भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार

कोलकाता, एजेंसी

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी की 2011 के बाद शनिवार से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी, लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा।

मेसी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85,000 से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे। कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे।

आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेसी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को यहां शुरू होगा और सोमवार को नयी दिल्ली में समाप्त होगा। फिर भी एक ऐसे शहर के लिए यह बेहद खास है, जिसने कभी माराडोना तो कभी पेले सिर आंखों पर बिठाया तो कभी अपने फुटबॉल प्रेम से डुंगा को चकाचौंध किया और रोनाल्डिन्हो को गले लगाया। इसे देखते हुए फुटबॉल नहीं खेलने के बावजूद यह शहर मेसी को अपने सिर आंखों पर बिठाने के लिए तैयार है। आयोजकों ने सॉल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम के लिए 78,000 सीटें सुरक्षित रखी हैं। यहां मेसी शनिवार को 45 मिनट तक चलने वाले एक कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके लिए टिकटों की कीमत 7,000 रुपये तक है। यह देखना हालांकि बाकी है कि फुटबॉल प्रेमी इस कार्यक्रम के प्रति कितना उत्साह दिखाते हैं।

मेसी के प्रशंसकों में से एक भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल का भी 14 दिसंबर को धर्मशाला में होने वाले टी20 मैच के बाद उनसे मिलने की उम्मीद है।





कोलकाता में रिहर्सल के तहत भारत और अर्जेंटीना के झंडे को लहराते वॉलंटियर्स। लियोनेल मेसी की जर्सी बेचता युवक। एजेंसी

### चार महानगरों में जाएंगे, पीएम मोदी से भी मिलेंगे

मेसी भारत में 72 घंटे से भी कम समय बिताएंगे, लेकिन इस दौरान वह चार महानगरों कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली का दौरा करेंगे। अपनी इस संक्षिप्त दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज, बॉलीवुड हस्तियां और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ निर्धारित बैठक भी शामिल है।

## न्यूजीलैंड की जीत से भारत को एक पायदान का नुकसान

**दुबई :** वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शुक्रवार को न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में एक स्थान फिसल कर छठे पायदान पर पहुंच गयी।

इस शानदार जीत से तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त के साथ न्यूजीलैंड की टीम तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर आ गयी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआती दो चक्र की उपविजेता रही भारतीय टीम को पिछले महीने घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से हार का सामना करने के बाद बड़ा खामियाजा उठाना पड़ा था। टीम तब तालिका ने पांचवें स्थान पर खिसक गई थी जबकि उस समय न्यूजीलैंड छठे स्थान पर था। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। श्रीलंका (66.67) संयुक्त तीसरे जबकि पाकिस्तान (50) पांचवें स्थान पर हैं।

## सूर्यवंशी की रिकॉर्डतोड़ पारी से भारत ने यूएई को 234 रनों से हराया

दुबई, एजेंसी

वैभव सूर्यवंशी की 95 गेंद में 171 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां यूएई को 234 रनों के बड़े अंतर से हराया। इस 14 साल के खिलाड़ी ने 14 छक्के लगाकर अंडर-19 वनडे क्रिकेट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अपनी पारी में नौ चौके भी जड़े।

सूर्यवंशी की आतिशी पारी के अलावा विहान मल्होत्रा (55 गेंद में 69) और आरोन जॉर्ज (73 गेंद में 69) की अर्धशतकीय पारियों से भारत ने 50 ओवर में छह विकेट पर रिकॉर्ड 433 रन बनाये। यह अंडर-19 वनडे में भारत का सर्वाधिक स्कोर होने के साथ एशिया कप इतिहास का भी सर्वोच्च स्कोर है।

यूएई की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी भारत को टक्कर देने की स्थिति में नहीं दिखी। टीम ने पृथ्वी मधु (50) और उद्धिश सूरी (नाबाद 78) की अर्धशतकीय पारियों से सात विकेट पर 199 रन बनाये। सूर्यवंशी की 171 रन की पारी अब युवा वनडे में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह रिकॉर्ड अंबाती रायुडु के नाम है जिन्होंने 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 177 रन बनाये थे। यह अंडर-19 वनडे में नौवा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर सूर्यवंशी ने क्रीज पर आते ही यूएई के गेंदबाजों की खबर लेनी शुरू कर दी। उन्होंने 30 गेंद में अपना अर्धशतक और फिर 56 गेंद में शतक पूरा किया। बायें हाथ के इस बल्लेबाज ने जॉर्ज के साथ दूसरे विकेट के लिए 212 रन की साझेदारी की। वह 33वें ओवर में स्पिनर सूरी की गेंद पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद वेदांत त्रिवेदी (34 गेंद में 38 रन), अभिज्ञान कुंडू (17 गेंद में नाबाद 32) और कनिष्क चौहान (12 गेंद में नाबाद 28) ने रनों का प्रवाह जारी रखते हुए भारत को 400 रन के आंकड़े के पार पहुंचाया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिए। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया।

**टीम**



| | |
|---|---|
| 171 रन | 09 चौके |
| 95 गेंद | 14 छक्के |

## पीटी उषा की डोपिंगरोधी किट के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पीटी उषा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उषा ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया और कहा कि परीक्षण किट आयात करने से परिणामों में देरी होती है और ऐसे में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है।

एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार वर्तमान में दो स्विस कंपनियां बर्लिंगर और लॉकक्रॉन भारत में इन परीक्षण किटों की आपूर्ति कर रही हैं। उषा ने कहा मैं इस सदन का ध्यान एक ऐसे मामले की



तरफ खींचना चाहती हूं जो हमारे खिलाड़ियों की गरिमा और हमारे राष्ट्र की वैश्विक छवि को प्रभावित करता है। भारत को डोपिंग मुक्त खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डोपिंगरोधी किटों के स्वदेश में उत्पादन को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा डोपिंग बड़ा खतरा है जो निष्पक्ष खेल, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और विश्व मंच पर हमारे देश की प्रतिष्ठा को लगातार खतरे में डाल रहा है। अभी हम उच्च गुणवत्ता वाले अधिकतर डोप परीक्षण किटों को आयात कर रहे हैं। इसमें काफी लागत आती है, परीक्षण में देरी होती है और बाहरी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है।

भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगा रहा है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश को अपने डोपिंग रिकॉर्ड में काफी सुधार करना होगा। इस समस्या से निपटने में भारत की स्थिति खराब है और डोपिंग के मामले में वह नियमित रूप से दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल रहता है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सप्ताह पहले राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि सरकार डोपिंग विरोधी उपायों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## स्क्वाश विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

**चेन्नई।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा।

जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दी। अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की अनाहत ने हेली वार्ड के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-3, 7-4) की जीत के साथ भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी।

**उम्मीद कायम**

**पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद कुश्ती से बना ली थी दूरी**

## विनेश फोगाट ने संन्यास से वापसी की

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की शीर्ष पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार को कहा कि उनका जोश और जज्बा अब भी पहले की तरह कायम है और वह 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में एक बार फिर से ओलंपिक पदक जीतने के लिए संन्यास से वापसी करेंगी। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में मिली निराशा के बाद खेल से दूरी बना ली थी। पेरिस ओलंपिक में उन्हें महिलाओं के 50 किलोग्राम वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले निर्धारित वजन सीमा से 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

उन्होंने खेल पंचाट (सीएएस) में संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी, लेकिन फैसला नहीं बदला गया, जिसके चलते



उन्होंने संन्यास की घोषणा की और राजनीति में प्रवेश किया। वह हरियाणा के जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुनी गईं।

विनेश ने सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''लोग मुझसे पूछते रहे कि क्या पेरिस में ही मेरे सफर का अंत हो गया है। लंबे समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, दबाव से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपनी महत्वाकांक्षाओं से भी दूर रहने की जरूरत थी। कई वर्षों में पहली बार मैंने चैन की सांस ली।

उन्होंने कहा मैंने अपने सफर के महत्व को समझने के लिए समय लिया। चरम पर पहुंचना, दिल टूटने के पल, मेरे बलिदान और मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा। उस आत्मचिंतन में कहीं न कहीं मुझे इस सच्चाई का एहसास हुआ कि मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा करना चाहती हूं। इस बीच विनेश जुलाई में एक बेटे की मां भी बनी। विनेश ने कहा उस सन्नाटे में मुझे एक ऐसी बात का एहसास हुआ जिसे मैं भूल चुकी थी। यह था कि वह जोश कभी खत्म नहीं हुआ है।

यह केवल थकान और शोर के कारण नेपथ्य में चला गया था। अनुशासन, दिनचर्या, संघर्ष, यह सब मेरे भीतर मौजूद हैं। मैं चाहे कितनी भी आगे निकल जाऊं, मेरा एक हिस्सा हमेशा मैट पर ही रह जाता है।

### लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक जीतना है लक्ष्य

विनेश ने कहा कि वह नए जोश और जज्बे तथा अपने बेटे के साथ लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अपने सफर को शुरू करेंगी। उन्होंने कहा इसलिए मैं आज यहां पर मौजूद हूं तथा पूरी निडरता और दृढ़ संकल्प के साथ लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तरफ कदम बढ़ा रही हूं। इस बार मैं अकेली नहीं हूं। मेरा बेटा भी मेरी टीम में शामिल हो रहा है। वह मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक के इस सफर में मेरा छोटा सा चीयरलीडर है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर पहले ही इतिहास रच दिया था। तीन बार की ओलंपियन विनेश ने एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों दोनों में स्वर्ण पदक जीते हैं।